

केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- समझौते में हम कृषि क्षेत्र की सुरक्षा करने में रहे सफल

- 12



अमेरिका के औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की श्रृंखला पर शुल्क शून्य करेगा भारत

- 12



ड्रोन हमले की घटना के बाद ईरान अमेरिका वार्ता की उम्मीद धूमिल

- 13



आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर, मिथक तोड़ने उतरेगी दिल्ली

- 14

आज का मौसम

22.0° अधिकतम तापमान

10.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 07.01

सूर्यास्त 05.57


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:22 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 5 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 309, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


भीषण जाम



**पुणे :** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बुधवार को खंडाला घाट खंड में एक गैस टैंकर के पलट जाने के बाद 24 घंटे से भी ज्यादा समय तक जाम लगा रहा। इसमें हजारों वाहन फंस गए और कई किलोमीटर दूर तक उनकी कतारें लगी रहीं।

## एसआईआर: ममता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- लोकतंत्र को बचा लें

- शीर्ष कोर्ट में दी दलील - लोगों के अधिकार कुचल रहा चुनाव आयोग
- आयोग, पश्चिम बंगाल के सीईओ को नोटिस, 9 को अगली सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एसआईआर पर सुनवाई के दौरान खुद सुप्रीम कोर्ट में दलीलें पेश कीं और चुनाव आयोग पर राज्य को निशाना बनाकर लोगों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए शीर्ष कोर्ट से लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील की।

सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी की याचिका पर चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर नौ फरवरी तक जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने पश्चिम बंगाल की सेवारत मुख्यमंत्री की दलीलों पर गौर करते हुए टिप्पणी की कि पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए। ममता बनर्जी ने कोर्ट में दलीलें देते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन असम में अलग मापदंड अपनाए जा रहे हैं। ममता ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग आधार कार्ड स्वीकार नहीं कर रहा है और संशोधन के लिए मतदाताओं से अन्य दस्तावेज मांग रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया है।



### देखेंगे, कोई निर्दोष न छूटे : सीजेआई

सीजेआई सूर्यकांत ने बांग्ला में बोलचाल का जिक्र करते हुए कहा कि कभी-कभी इसकी वजह से नामों की वर्तनी गलत हो जाती है। मतदाता सूची में संशोधन के दौरान प्रवासन से संबंधित मामले भी देखे जाते हैं लेकिन पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में होने चाहिए। उन्होंने कहा, हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी निर्दोष व्यक्ति इससे वंचित न रह जाए। अदालत कक्ष में उस समय तमाम वकील उमड़ पड़े जब ममता बनर्जी अपनी दलीलें रख रही थीं।

### बाधा डाल रही है सरकार: आयोग

निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने आरोपों का खंडन करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी के लिए एसडीएम जैसे द्वितीय श्रेणी (ग्रेड-2) के केवल 80 अधिकारियों की सेवाएं प्रदान की हैं। राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया के लिए केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे निम्न श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों को ही उपलब्ध कराया है। ममता ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि राज्य ने निर्वाचन आयोग की मांगी हर चीज उपलब्ध कराई है।

## ब्रीफ न्यूज

### उड़ानें रद्द होने के मामले में इंडिगो के खिलाफ जांच का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने परिचालन अड़चनों के कारण दिसंबर में हजारों उड़ानें रद्द किए जाने के मामले में बुधवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ विस्तृत जांच का आदेश दिया। घटना के करीब दो महीने बाद जारी इस आदेश में सीसीआई ने कहा कि बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कर इंडिगो ने अपनी निर्धारित क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बाजार से हटा लिया, जिससे कृत्रिम अभाव की स्थिति पैदा हुई और व्यस्त मांग के दौरान यात्रियों की हवाई यात्रा तक पहुंच सीमित हुई।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र नौ से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 2026-27 नौ फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलेगा। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की ओर से दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करने के साथ ही सत्र की शुरुआत होगी। उसी दिन राज्यपाल का अभिभाषण पढ़ा जाएगा और अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि औपचारिक कार्य सदन के पटल पर रखे जाएंगे। बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सदन में प्रस्तुत किया जाएगा। सत्र के दौरान बजट और उससे संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा होगी और यह 20 फरवरी तक संचालित रहेगा।

### मुक्तिनाथ तीर्थयात्रा के लिए नेपाल-भारत के बीच सीधी बस सेवा

**काठमांडू।** नेपाल की बेनी नगरपालिका को भारत की राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने वाली सीधी बस सेवा शुरू की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, इस बस सेवा के जरिए प्रसिद्ध हिंदू और बौद्ध तीर्थस्थल मुक्तिनाथ की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। बेनी को नेपाल के गंडकी प्रांत के मुस्तांग जिले में स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर मुक्तिनाथ का प्रवेश द्वार माना जाता है। मुक्तिनाथ मंदिर, हिंदू और बौद्ध दोनों समुदाय के लोगों के लिए पवित्र है। मुक्तिनाथ को 'मुक्ति के देवता' के रूप में जाना जाता है। हिंदू और बौद्ध धर्म के अनुयायी इसे क्रमशः हिंदू देवता विष्णु और बौद्ध देवता अवलोकितेश्वर से संबंधित पवित्र स्थान मानकर इसकी पूजा करते हैं।

## भारी हंगामे के बीच लोकसभा दिन भर के लिए स्थगित, मोदी का संबोधन टला

### नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के अंश न पढ़ने देने पर बना रहा गतिरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को भी लोकसभा जंग का मैदान बनी रही और उसकी कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। भारी हंगामे के बीच विपक्षी सदस्यों ने आसन के सामने कागज भी शाम पांच बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देना था, लेकिन प्रधानमंत्री का संबोधन भी टल गया।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित पुस्तक के अंश पढ़ने की अनुमति नहीं मिलने और आठ विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर लोकसभा में गतिरोध बना रहा। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया ही था कि विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप और सत्तापक्ष की पंक्तियों के सामने आकर नारेबाजी की। बिरला की रोकटोक के बाद भी विपक्षी सदस्यों का शोरशराबा नहीं थमा तो उन्होंने पांच मिनट बाद ही बैठक दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वक्तव्य पढ़ा। कुछ देर बाद ही हंगामे के बीच बिरला ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद शाम पांच बजे और फिर पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



लोकसभा में बुधवार को विपक्ष के सांसदों ने आसन के सामने आकर की नारेबाजी।

### राहुल ने कहा गद्दार, बिट्टू बोले- कांग्रेस नेता देश के दुश्मन

नई दिल्ली। राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तब कुछ नोकझोंक हुई जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें गद्दार कहकर संबोधित किया और जवाब में बिट्टू ने कांग्रेस नेताओं को देश के दुश्मन बताया। संसद के मकर द्वार के निकट निलंबित आठ विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के दौरान गुजर रहे कांग्रेस नेता रह चुके बिट्टू टिप्पणी करते सुने गए कि ये जंग जीतकर आए हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा, देखिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है...मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आ जाओ। इस पर बिट्टू ने कहा कि ये देश के दुश्मन हैं।

### पुस्तक के जवाब में पुस्तक, निशिकांत दुबे ने की नेहरू को घेरने की कोशिश

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी बुधवार को सदन में नरवणे की पुस्तक के जवाब में कुछ पुस्तकें लेकर पहुंचे और उनका जिक्र करते हुए नेहरू-गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया। इस दौरान पीठासीन सभापति तेन्नेटी ने किसी पुस्तक या पत्र का उल्लेख न करने संबंधी अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश का उल्लेख किया, लेकिन दुबे किताबों को दिखाते हुए उनके लेखकों और उनमें लिखी सामग्री के बारे में टिप्पणी करते रहे।



### बिरला ने समझाया, नहीं माने

बिरला ने नाराजगी जताते हुए कहा, इस देश में आप सरकार में रहे हैं। फिर भी सदन की मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, आप चुनकर आते हैं। सदन के अंदर और बाहर विरोध का तरीका होता है। हालांकि इसके बाद भी हंगामा नहीं थमा।

## ऑनलाइन गेम का टास्क... तीन बहनें नौवीं मंजिल से कूदीं, मौत

- गाजियाबाद के साहिबाबाद में हुई दिल दहलाने वाली घटना, नाबालिग थीं तीनों कोरियन 'लव गेम' की लत की थीं शिकार


गाजियाबाद, एजेंसी

ऑनलाइन टास्क आधारित कोरियन गेम 'लव गेम' की लत की शिकार तीन नाबालिग बहनों ने गाजियाबाद के साहिबाबाद में मंगलवार देर रात नौवीं मंजिल के एक फ्लैट की बालकनी से कूदकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पहले परिवार ने उनके इस गेम को खेलने पर रोक लगा दी थी, जिसकी वजह से वे परेशान थीं। संभवतः इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया।


शालीमार गार्डन के एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि तीनों बहनें ऑनलाइन कोरियन गेम 'लव गेम' की आदी थीं, माता-पिता उनके बहुत ज्यादा गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे। कोरियन टास्क-बेस्ड गेम में खिलाड़ियों को लक्ष्य दिए जाते हैं, उसी से गेम आगे बढ़ता है। पुलिस की जांच में पता चला कि लड़कियां कोरियन सामग्री से काफी प्रभावित थीं और ज्यादातर समय मोबाइल फोन पर बिताती थीं। एसीपी के मुताबिक मंगलवार देर रात 2:15 बजे सूचना मिली थी कि साहिबाबाद के टीला मोड़ थना क्षेत्र में 'भारत सिटी' के एक टावर की नौवीं मंजिल से तीन लड़कियों ने छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस भूतल पर गिरकर बुरी तरह घायल निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) को एंबुलेंस से लोनी के एक अस्पताल ले गई जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। लड़कियों के पिता चेतन कुमार ने बताया कि घटना के दौरान पूरा परिवार सो रहा था। लड़कियां पानी पीने के बहाने उठीं, अंदर से दरवाजा बंद किया और बालकनी से कूद गईं। उन्होंने बताया कि लड़कियों के पास मोबाइल फोन थे।



निशिका




प्राची



पाखी

### कोविड काल में लगी लत, दो साल पहले छोड़ दी पढ़ाई

पुलिस के मुताबिक, बहनें कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गेम की आदी हो गई थीं। यह लत उन्हें इतनी बुरी तरह लगी कि दो साल पहले उन्होंने स्कूल जाना भी छोड़ दिया। एसीपी ने बताया कि तीनों नहाने से लेकर खाने तक और सोने से लेकर स्कूल जाने तक सब कुछ एक साथ करती थीं। पहले भी पढ़ाई में उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। पुलिस को लड़कियों की एक डायरी मिली है जिसमें एक नोट में लिखा है, इस डायरी में लिखी हर बात पढ़ लेना, सब यहीं है। रोते हुए चेहरे के इमोजी के साथ लिखा था, आई एम रियली सॉरी... सॉरी पापा।




## उधमपुर में जैश के टॉप कमांडर समेत दो आतंकवादी किए ढेर

- करीब 20 घंटे के अभियान के बाद सुरक्षा बलों को मिली सफलता

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक गुफा में छिपे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक स्वघोषित शीर्ष कमांडर रुबानी उर्फ अबू मविया समेत दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को बुधवार को सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में मार गिराया।

अधिकारियों के मुताबिक दोपहर के वक्त जब सुरक्षा बलों ने गुफा पर धावा बोला तो कई जोरदार धमाके सुनाई दिए। मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान रुबानी उर्फ अबू मविया के रूप में हुई, जो कई वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय था। एक आतंकवादी का शव गुफा के पास से बरामद किया गया, दूसरे का शव गुफा के अंदर मिला। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार शाम रामनगर के जाफड़ वन क्षेत्र में संयुक्त दस्ते ने गुफा के भीतर आतंकवादियों का पता लगाया, जिसके बाद करीब 20 घंटे तक मुठभेड़ हुई। मारे गये आतंकवादियों के पास से एक एम4 कार्बाइन और एक एके असॉल्ट राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

## जनगणना के दूसरे चरण से पहले अधिसूचित किए जाएंगे जाति संबंधी प्रश्न

- सरकार ने संसद में कहा- द्वितीय चरण में की जाएगी जाति की गणना

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण में जाति की गणना की जाएगी और जाति से संबंधित प्रश्न दूसरा चरण शुरू होने से पहले अधिसूचित किए जाएंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लिखित जवाब में कहा कि जनगणना 2027 करवाने की मंशा अधिसूचित कर दी गई है। भारत में जनगणना दो चरणों में होती है और प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण कार्य में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्तियों, सुविधाओं आदि की जानकारी एकत्र की जाती है।

## पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी की करीब साढ़े चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

- वृद्धावस्था पेंशन घोटाले का गैंग लीडर था राजेश कुमार
- वर्ष 2023 में शाहजहांपुर में हुआ था बड़े पैमाने पर घोटाला

**शाहजहांपुर।** वर्ष जून 2023 में बड़े पैमाने पर वृद्धावस्था पेंशन घोटाला करने वाले गैंग के लीडर व तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की बुधवार को चल-अचल संपत्तियों समेत करीब साढ़े चार करोड़ रुपये कीमत की संपत्तियों को कुर्क कर लिया गया।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप की ओर से जारी आदेश पर गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के अंतर्गत की गई। प्रशासन ने कुर्क की गई संपत्तियों का कुल अनुमानित मूल्य 4 करोड़ 49 लाख 24 हजार 948 रुपये आंका है। इनमें राजेश के नाम एक महिंद्रा एक्सयूवी कार, एक महिंद्रा बोलेरो कार और उसके पुत्र के नाम पंजीकृत एक होंडा कार एलिवेट जेडएक्स शामिल है। सीतापुर की सिंधौली तहसील के गांव अटरिया में कृषि भूमि, पत्नी मंगीता सिंह के नाम लखनऊ के गांव पारा रिंग रोड पर 120.817 वर्गमीटर का भवन तथा काकोरी के गांव सरोसा भरोसा में एक गेस्ट हाउस कुर्क किया गया है।



राजेश कुमार

## भाजपा नेता वाई खेमचंद सिंह बने मणिपुर के मुख्यमंत्री

- राज्यपाल ने दिलाई शपथ, किपगेन और डिखो बने डिप्टी सीएम

इंफाल, एजेंसी

भाजपा नेता वाई खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 62 वर्षीय सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वालीं भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के विधायक एल. डिखो ने मणिपुर के उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

किपगेन ने नई दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से ऑनलाइन माध्यम से शपथ ली। भाजपा के गोविंदास कोंथौजम और एनपीपी नेता के. लोकेन सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन हटाए जाने के कुछ घंटों बाद यहां 'लोक भवन' में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। अशांत मणिपुर पिछले साल फरवरी से राष्ट्रपति शासन के अधीन था। शपथ ग्रहण समारोह में कई भाजपा विधायक, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और राज्य के शीर्ष राजग नेता शामिल हुए।



## नीट पीजी के कटऑफ पर्सेंटाइल घटाने पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी 2025-26 में दाखिले के लिए पात्रता कटऑफ पर्सेंटाइल में भारी कमी करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को केंद्र से जवाब मांगा।

कोर्ट ने केंद्र, एनबीईएमएस, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग को नोटिस जारी किए हैं। देश भर में 18,000 से अधिक सीट खाली रहने के कारण बोर्ड ने नीट पीजी 2025 की पात्रता पर्सेंटाइल को संशोधित किया है। आरक्षित श्रेणियों के लिए इसे 40 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है जिससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी स्नातकोत्तर मेडिकल सीट के लिए काउंसलिंग के तीसरे दौर में शामिल हो सकेंगे।

मेडिकल डिवाइस पार्क

मैन्युफैक्चरिंग का हब बना यीडा, 101 इकाइयों को मिला भूमि आवंटन

## औद्योगिक इकाइयों के लिए 188 .15 एकड़ भूमि आरक्षित

- 22 नए प्लॉट्स आवंटन के लिए प्रस्तावित, 11 फरवरी तक किया जा सकेगा आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में मेडिकल डिवाइस पार्क तेजी से आकार ले रहा है।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में विकसित हो रहे इस पार्क में अब तक 101 औद्योगिक इकाइयों को प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं, जिनमें से 12 इकाइयों ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। नए प्लॉट्स के लिए आवेदन लेना शुरू हो गए हैं।

यीडा के अधिकारियों के अनुसार, मेडिकल डिवाइस पार्क में कुल 188.15 एकड़ भूमि औद्योगिक इकाइयों के लिए आरक्षित है, जहां 203 इंडस्ट्रियल प्लॉट विकसित किए गए हैं। इनमें से आधे से अधिक प्लॉट्स का आवंटन हो चुका है। 49 इकाइयों ने साइट का कब्जा ले लिया है, जबकि 62 लीज डीड निष्पादित की जा चुकी हैं। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, 23 इकाइयों के भवन मानचित्र स्वीकृत हो चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले कुछ माह में यहां उत्पादन गतिविधियां शुरू होने की संभावना है।



### योगी मॉडल को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा, योगी सरकार के विजन के अनुरूप यमुना एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित एयरपोर्ट और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम से यह क्षेत्र मेडिकल डिवाइस सेक्टर में निवेशकों के लिए आकर्षण बन रहा है। सरकार की नीतियों से आने वाले वर्षों में यूपी, मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का पावरहाउस बन सकता है। प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

### समग्र औद्योगिक इकोसिस्टम पर फोकस

मेडिकल डिवाइस पार्क को एक समग्र औद्योगिक इकोसिस्टम के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत वेयरहाउस, ग्रीन एरिया, कामर्शियल जोन, कॉमन फैसिलिटी एरिया और पार्किंग व सड़क अवसंरचना का विकास किया गया है। पार्क में 18.66 एकड़ ग्रीन एरिया, 9.02 एकड़ वेयरहाउस प्लॉट और 4.84 एकड़ कामर्शियल क्षेत्र शामिल हैं।

### 22 नए प्लॉट्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

यीडा ने निवेशकों के लिए नए अवसर खोलते हुए 22 अतिरिक्त औद्योगिक प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत 10.32 एकड़ भूमि पर विकसित प्लॉट्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिनमें 1000 वर्गमीटर के 11 प्लॉट, 2100 वर्गमीटर के 9 प्लॉट तथा 5940 वर्गमीटर के 2 प्लॉट शामिल हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

अमृत विचार
मुरादाबाद , गुरुवार,5 फरवरी 2026



न्यूज ब्रीफ

## 43वीं सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में हर्ष ने जीता सिल्वर मेडल



**पाकबड़ा, अमृत विचार :** 26 से 31 जनवरी तक पुणे महाराष्ट्र में हुई नौकायन प्रतियोगिता में ग्राम मोढ़ा के युवा खिलाड़ी हर्ष चौधरी पुत्र देवेंद्र सिंह ने आर्मी टीम से प्रदर्शन करते हुए एम8 में सिल्वर मेडल जीता। इस पर उनके गांव व क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई। कहा कि इससे गांव व क्षेत्र के साथ जिले का नाम रोशन हुआ है। उनकी जीत पर परिवार के सदस्यों में खुशी है।

## डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस का धेमाजी स्टेशन पर आज से ठहराव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 20506 ( नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस) का 5 फरवरी से 1:22-1:24 बजे तक अगले आदेश तक गाड़ी के संचालन दिवस में ठहराव धेमाजी रेलवे स्टेशन पर रहेगा। वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल आदित्य गुप्ता ने बताया कि साथ ही गाड़ी संख्या 20505 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के धेमाजी स्टेशन पर 6 फरवरी से 22:42 से 22:44 बजे तक ठहराव होगा।

## शॉर्ट सर्किट से सेवानिवृत्त बिजली कर्मी के घर में आग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती पचपेड़ा में बिजली विभाग से सेवानिवृत्त खलील उर रहमान के घर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपटों में घर में रखा घरेलू सामान आदि जलकर राख हो गए। आग लगने की जानकारी पर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने समरसेबल से पानी डालकर आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग लगने से गृहस्वामी को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच कर जानकारी ली। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई।

# फार्मर रजिस्ट्री कराने में रामपुर प्रदेश में प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जिले में 86 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। फार्मर रजिस्ट्री करने के मामले में रामपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। बताया कि 31 हजार से अधिक किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। जबकि किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री होना आवश्यक है। जिले में 86.52 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी हैं और जिला पहले पायदान पर पहुंच गया है। हरदोई में 82.56 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराकर दूसरे और आंबेडकरनगर 82.33 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराकर तीसरे पायदान पर है। एग्रीस्टैक परियोजना के तहत डिजिटल बेस किसान रजिस्ट्री तैयार की जा रही है। किसानों द्वारा पोर्टल, फार्मर रजिस्ट्री यूपी एप, जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई जानी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी है।

### ब्लॉकों में फार्मर रजिस्ट्री का प्रतिशत

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 97.40 प्रतिशत |
| मिलक | 84.28 प्रतिशत |
| रामपुर | 94.12 प्रतिशत |
| शाहबाद | 81.09 प्रतिशत |

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सर्किट हाउस में की महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई

# महिलाओं के उत्पीड़न मामले में टालमटोल करने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला महिला चिकित्सालय, महिला थाना, सिविल लाइन थाना और जिला कारागार का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** सर्किट हाउस सभागार में बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने महिला उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं की जन सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों द्वारा शिकायतों की सुनवाई में टालमटोल करने पर नाराजगी जताई। कहा कि महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में तत्परता दिखाएं।

सदस्य ने जन सुनवाई में घरेलू उत्पीड़न से जुड़ी 10 शिकायतों पर अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अलावा महिला थाना और मझोला थाने से संबंधित मामलों में निस्तारण के लिए निर्देश दिया। महिला थाना द्वारा महिलाओं की शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता और समयबद्धता का सत्यापन करने के लिए राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बीते एक सप्ताह के भीतर थाने में प्राप्त महिला उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की। शिकायतकर्ताओं को फोन करके उनसे कार्रवाई की स्थिति एवं संतुष्टि पूछी। इस दौरान उन्होंने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की।



महिलाओं से जानकारी लेतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन।

इसके बाद आयोग की सदस्य ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। महिलाओं को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत कंगारू मातृ सुरक्षा इकाई, स्तनपान प्रबंधन इकाई, एसएनसीयू, दवा वितरण कक्ष आदि का भ्रमण किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से जानकारी लेकर कहा कि इलाज में कोई ढिलाई न हो।

### महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा की स्थिति की जानकारी ली

महिला थाना, सिविल लाइन थाना और जिला कारागार का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों से महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और हितों के संबंध में निर्धारित प्राविधानों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# दावत से लौट रही महिला की चाकू से गोदकर हत्या

## महिला की हत्या के बाद आरोपी ने खुद को कमरे में किया बंद

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- गांव में हत्या के बाद दोनों पक्षों में तनाव, मौके पर तैनात की पुलिस

**अमृत विचार :** शादी समारोह से वापस आ रही महिला की चाकू से गोदकर पड़ोसी युवक ने हत्या कर दी। घटना के से गांव में तनाव की स्थिति बन गई है। जानकारी होने पर एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ व पांच थानों की पुलिस पहुंच गई। गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उधर हत्या के बाद आरोपी अपने घर में कमरे में बंद हो गया। मृतका के आक्रोशित परिजनों ने आरोपी के घर पर पहुंच तोड़फोड़ की।

अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव पचकोरा निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह दलित वर्ग का है। उसके घर में उसकी पत्नी रूबी (32) और बेटा लविश, नकुल और बेटी नैना है। गांव का रहने वाला धीरज वाल्मीकि राशन डीलर है। धीरज उनके परिवार से रंजिश मानता है। बुधवार को दोपहर में उनकी पत्नी रूबी गांव में ही शादी समारोह में दावत खाने के लिए गई थी। वापस आते समय पड़ोसी धीरज ने रूबी को रोक लिया। रूबी कुछ समझ पाती इससे पहले ही धीरज ने चाकू ताबड़तोड़ कई वार उस पर कर दिए। लहूलुहान होकर रूबी जमीन पर गिर पड़ी। चींख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। महिला को अस्पताल ले जाते उससे पहले ही उसकी मौके पर मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। रूबी की मौत के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई।


मौके पर जानकारी करते एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार


मौके पर जानकारी करते एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

### परिजनों ने की तोड़फोड़

रूबी की मौत के बाद आरोपी धीरज भागकर अपने घर के कमरें में बंद हो गया। महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजन धीरज के घर पर पहुंच गए। वहां तोड़फोड़ की। घर के बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़ दिए। जबकि आरोपी धीरज घर के अंदर जाकर कमरे में छिप गया। परिजन और गांव वाले से बाहर निकालने पर अड़ गए। लेकिन आरोपी घर से नहीं निकला। इससे गांव में हालात बिगड़ने लगे।

### कई थानों की पुलिस तैनात

मृतका के परिजनों ने जब आरोपी के घर पर हंगामा किया तो इसकी जानकारी पुलिस को लगी। मौके पर पांच थानों की पुलिस और एसपी अमित कुमार आनंद भी गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालात बिगड़ते देख पांच थानों की पुलिस को मौके पर बुला लिया गया। उन्होंने रूबी के परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर किसी तरह शांत किया। इसके बाद भी लोग पुलिस की मानने को तैयार नहीं थे। एसपी ने किसी तरह समझाकर परिजनों को शांत किया।

### देर शाम तक कमरे में बंद रहा आरोपी

महिला की मौत के बाद उसके परिजन किसी भी सूरत में आरोपी को घर से बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे। लोगों ने बताया कि यदि आरोपी छिपता नहीं तो आक्रोशित भीड़ उसकी हत्या कर सकती थी। वहीं पुलिस की मौजूदगी में लोग आरोपी को घर से निकालने की जिद पर अड़े रहे, जिससे कई बार पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोकझोक भी हुई और तनाव की स्थिति और पनप गई। देर शाम तक परिजनों शव उठने नहीं दिया। पुलिस अधिकारी लगातार मामले को शांत करने की कोशिश करते रहे।

> दावत से लौट रही महिला की चाकू से हत्या की गई है। मामले में आरोपी धीरज को हिरासत में ले लिया गया है। गांव में शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।
>
> **- अमित कुमार आनंद,** एसपी अमरोहा

## अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में 9 को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार:** सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम से जुड़े दो पैनकार्ड मामले में सजा के खिलाफ अपील पर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से बहस का पहला दिन था। इसमें एडीजीसी सीमा राणा ने कोर्ट में अपनी दलीलें पेश कीं। इस दौरान इलाहाबाद से आए अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह भी कोर्ट में मौजूद रहे।

अभियोजन पक्ष ने निचली अदालत द्वारा दी गई सजा को सही ठहराते हुए उसे बरकरार रखने की मांग की। सेशन कोर्ट ने अगली सुनवाई 9 फरवरी दे दी है। बचाव पक्ष की ओर से आजम खान के वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने अब्दुल्ला आजम को राहत दिए जाने की मांग करते हुए अपनी बहस पूरी कर चुके हैं। अब कोर्ट अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों के आधार पर तय करेगा कि राहत मिलेगी या निचली अदालत का फैसला बरकरार रहेगा। 17 नवंबर को रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी ठहराया था। अदालत ने उन्हें सात-सात साल की सजा और 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। तब से दोनों रामपुर जिला कारागार में बंद हैं।

# अंशकालिक कोच का कार्यकाल समाप्त प्रभावित होगा खिलाड़ियों का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में 250 खिलाड़ी पंजीकृत कई खेलों के शिविर ही नहीं
- क्रिकेट, वालीबाल, खो-खो, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स व बैडमिंटन में नियुक्त हैं अंशकालिक कोच

**अमृत विचार :** जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए प्रशिक्षण व्यवस्था संकट में पड़ती नजर आ रही है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, रेसलिंग, एथलेटिक्स और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों के करीब 250 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। अब अंशकालिक कोचों के कार्यकाल को लेकर लिए गए निर्णय से खिलाड़ियों की चिंता बढ़ गई है।

क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 30 जनवरी को केडी सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि अंशकालिक कोच केवल 28 फरवरी तक ही प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद प्रशिक्षण शिविर कब दोबारा शुरू होंगे, इसे लेकर जल्द ही एक और बैठक की जाएगी। मुरादाबाद में क्रिकेट, वालीबाल, खो-खो, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स और बैडमिंटन में अंशकालिक कोच हैं। इनकी सेवा 28 फरवरी के बाद समाप्त होने से खिलाड़ियों को अभ्यास में मुश्किल आएगी। कोचों का कार्यकाल समाप्त होने से खिलाड़ियों के अभ्यास पर सीधा असर पड़ना तय है। कई खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हुए हैं, ऐसे में नियमित प्रशिक्षण रुकने से उनकी लय और प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। खिलाड़ियों और अभिभावकों ने भी प्रशिक्षण में संभावित व्यवधान को लेकर चिंता जताई है।

### सीनियर खिलाड़ियों के निर्देशन में अभ्यास

स्टेडियम में बॉक्सिंग, हैंडबॉल, जूडो और कबड्डी जैसे खेलों के लिए अभी तक कोई प्रशिक्षण शिविर संचालित नहीं हो रहा है। इन खेलों के खिलाड़ी मजबूरी में सीनियर खिलाड़ियों के निर्देशन में अभ्यास कर रहे हैं।

## कैंसर से बचाव, लोगों को जानकारी देकर किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर टीएमयू अस्पताल में मुख कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, स्तन कैंसर, जठरांत्र- गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल तंत्र के कैंसर को लेकर जागरूक किया गया।

नेतृत्व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की एचओडी डॉ. साधना सिंह, डॉ. शिल्पा रेड्डी, डॉ. ऋषि शर्मा के अलावा एमबीबीएस इंटर्न बैच की टीम ने किया। टीम ने पोस्टर, मॉडल और प्रस्तुति से लोगों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में ईनटी के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रबल चटर्जी, ओबीजी की एचओडी डॉ. मनप्रीत कौर के अलावा नर्सिंग, पैरामेडिकल, मेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# सस्ते आईफोन देने का झांसा देकर करते थे ठगी, दो पकड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- रामपुर पुलिस ने किया साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने साइबर ठगी के गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुस्तफा और साइम निवासी घेर दरिया खान कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंकिंग दस्तावेज बरामद किए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने थाना सिविल लाइंस में बुधवार को खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाते थे। वे लोगों को बेहद कम कीमत में आईफोन 15 प्रो और आईफोन प्रो जैसे महंगे फोन मात्र 5000 में बेचने की बात कहते थे। आरोपी अनबॉक्सिंग के फर्जी वीडियो अपलोड कर लोगों का भरोसा जीतते थे। पुलिस के अनुसार अमेजन से आईफोन डिलीवरी का झांसा देकर पीड़ितों से अपने खातों में एडवांस पेमेंट मंगवाते थे। इसके बाद एटीएम से पैसा निकालकर उस नकदी से क्रिप्टो करेंसी खरीदकर अपने वॉलेट में जमा कर लेते थे। इसके अतिरिक्त लोगों को ऑनलाइन नौकरी का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते, सिम कार्ड और नेट बैंकिंग सक्रिय करवाते थे। इन खातों और सिम कार्ड का उपयोग साइबर धोखाधड़ी की रकम निकालने के लिए किया जाता था।


कोतवाली थाने में पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

अब तक साइबर क्राइम पोर्टल पर आईफोन डिलीवरी के नाम पर ठगी की 10 से अधिक शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मुस्तफा पुत्र मुसब्बर खान और साइम पुत्र मुसब्बर खान के रूप में हुई है। ये दोनों घेर दरिया खान, नगर पालिका के पीछे, नगर कोतवाली क्षेत्र के निवासी हैं। उनके खिलाफ थाना सिविल लाइंस में अपराध संख्या 49/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

### तीन आईफोन, चेक बुक, पास बुक समेत काफी सामग्री बरामद

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तीन आईफोन, एक एंड्रॉयड मोबाइल, एक लैपटॉप, एक आईपैड, दो चेकबुक, पासबुक, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों के मोबाइल में 20 से अधिक मोबाइल नंबर, 32 से ज्यादा जीमेल आईडी लॉगिन और कई बैंकिंग व यूपीआई ऐप सक्रिय थे।

कार्रवाई

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक

# किताबों की राशि का सौ प्रतिशत उपयोग न होने पर सीडीओ गुस्साईं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विकास भवन में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें समग्र शिक्षा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 विभिन्न मद में जारी धनराशि के सापेक्ष व्यय की स्थिति की समीक्षा हुई। निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के लिए जारी धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले स्तर से विभिन्न मदों मे लिमिट के रूप में जारी धनराशि के सापेक्ष खर्च की गई धनराशि को प्रबंध पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय स्तर पर निर्माण कार्य के लिए एसएमसी के खातों में लिमिट जारी की गई। इसमें 100 प्रतिशत के सापेक्ष व्यय का प्रतिशत 99.82 प्रतिशत है। सीडीओ ने जिला समन्वयक एवं लेखाकार को निर्देश दिया कि भेजी गई धनराशि को शत-प्रतिशत तीन दिन में खर्च सुनिश्चित करें। निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा में सामने आया कि जिले को जारी धनराशि का शत-प्रतिशत उपभोग नहीं किया गया है। जिले को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों के भुगतान के लिए रुपये 287.71 ( लाख) की धनराशि लिमिट के रूप में मिली है जिसमें से रुपये 163.10 (लाख) खर्च किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार को निर्देश दिया कि शेष धनराशि के भुगतान करने के लिए तत्काल पत्रावली में अपेक्षित अभिलेख संलग्न कर भेजें।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में व्यय का प्रतिशत 37.46 है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के स्तर पर मार्च तक व्यय के लिए धनराशि मिल चुकी है। सीडीओ ने कहा धनराशि तत्काल खर्च कर सुविधाएं प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिला परियोजना कार्यालय मे रिक्त जिला समन्वयक और अन्य पदों के लिए जारी विज्ञप्ति के बाद जिन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ है उसमें मानक के अनुरूप उपस्थित अभ्यर्थियों मे से योग्य का चयन करें। शेष के लिए फिर सूची प्राप्त कर 15 फरवरी तक चयन की प्रक्रिया पूरी करें।


विकास भवन स्थित में समीक्षा करतीं मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी।

- जिला समन्वयक के रिक्त व अन्य पदों के साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद 15 फरवरी तक चयन पूरा करने का निर्देश

### ब्लॉक संसाधन केंद्र का निर्माण तत्काल शुरु कराएं

विकास खंड बिलारी में निर्माणाधीन ब्लॉक संसाधन केंद्र का निर्माण कार्य आरंभ न होने पर सीडीओ ने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था से संपर्क कर निर्माण कार्य तत्काल शुरु कराएं। नये शैक्षिक सत्र 2026-27 मे यह सुनिश्चित कर लें कि जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में वर्तमान सत्र में अध्ययनरत कक्षा-8 की छात्राएं अनिवार्य रूप से उसी विद्यालय की कक्षा 9 में प्रवेश लें।

## आईपीडी के रजिस्ट्रेशन पर ओटी संचालित, की जा रही सर्जरी

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** पाकबड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद भी झोलाछापों का कारोबार नहीं रुक रहा है। वह लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

कुछ दिनों पहले एडी हेल्थ आशु कुमार अग्रवाल ने भी कई अस्पतालों में छापेमारी कर कार्रवाई की। सख्ती न होने से वह फिर पनप रहे हैं। पाकबड़ा में ओपीडी के लिए रजिस्ट्रेशन कराकर कई क्लीनिकों में आपरेशन थिएटर चलाए जा रहे है। कई अस्पतालों में बिना लाइसेंस व अप्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा आईपीडी के नाम पर ओटी से लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। सस्ते इलाज के नाम पर मरीजों को गुमराह किया जा रहा है। अनहोनी की स्थिति में साठगांठ और समझौता से मामला रफा दफा कर लिया जाता है। ठोस कार्रवाई न होने से झोलाछाप मौज में हैं। डींगरपुर और समा थल रोड पर हर तीसरी बिल्डिंग में बिना पंजीकरण के क्लीनिक चलता दिखता है।

# कोडीनयुक्त सिरप मामले में 1 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- औषधि निरीक्षक की तहरीर पर थाना कोतवाली ने दर्ज की थी लता फार्मास्यूटिकल्स के खिलाफ

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली पुलिस ने कोडीनयुक्त सिरप की बिक्री कर अनुचित लाभ कमाने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने 16 दिसंबर 2025 को थाना कोतवाली पर हर्ष अग्रवाल लता फार्मास्यूटिकल्स स्थित राजद्वारा रोड के खिलाफ धोखाधड़ी से कोडीनयुक्त सिरप बेचकर अनुचित लाभ कमाने की तहरीर दी थी। आरोप था कि कोडीन युक्त सिरप कई स्थानों पर अवैध तरीके से गैर चिकित्सकीय उपयोग करते हुए खुले बाजार में बिक्री किया जा रहा है। मामले में हर्ष अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान धाराओं में इजाफा किया गया। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने बुधवार को आरोपी हर्ष अग्रवाल को एक लैपटॉप, मोटर साइकिल के साथ तोपखाने के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाले टीम में निरीक्षक अजय वीर सिंह अपराध शाखा रामपुर, उपनिरीक्षक भीम सैन थाना कोतवाली, हेड कांस्टेबल नफीस अहमद थाना कोतवाली, हेड कांस्टेबल अमित तोमर थाना कोतवाली शामिल रहे।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

# तहसीलों में शिकायतों के निस्तारण में हो रही देरी, चक्कर काट रहे फरियादी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीएम ने दी आईआरजीएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में देरी न करने की चेतावनी
- उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में देरी व गुणवत्ता में कमी से जिले की रैंक हर बार प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर अधिक जोर देने के लिए कहा है। जिससे शिकायतकर्ता की संतुष्टि हो सके।

संपूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली राजस्व, पुलिस, चकबंदी, ग्रामीण विकास, पुलिस, शिक्षा, बिजली व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों का समय से निस्तारण न होने पर फरियादी कार्यालयों के चक्कर काटते घूमते रहते हैं। कई दिवसों पर एक ही फरियादी अपनी शिकायत के निस्तारण के लिए महीनों चक्कर लगा रहा है। न होने पर वह आईजीआरएस व सीएम पोर्टल पर शिकायत कर फरियाद लगाता है। जिसके बाद शिकायतों के निस्तारण में देरी से जिले की रैंक व छवि शासन स्तर पर प्रभावित होती है।

> शिकायतों के निस्तारण के साथ ही उसमें गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया है। अपने कार्यालय में भी एक सेल गठित कर शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच करा रहे हैं। सीएम संदर्भित मामलों पर विशेष नजर है। अब शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का जिले का प्रतिशत बढ़कर करीब 75 प्रतिशत हो गया है। अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार कर निस्तारण में तेजी लाने व गुणवत्ता की अनदेखी पर कार्रवाई भी करने की चेतावनी दी है।
>
> – **अनुज सिंह,** जिलाधिकारी

## फूलों से लेकर गिफ्ट की खरीदारी होगी तेज, युवाओं में उत्साह

# वेलेंटाइन वीक की दस्तक, फिजा में घुलने लगा मोहब्बत का रंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सात फरवरी से वेलेंटाइन वीक की शुरुआत होगी मगर इससे पहले ही फिजा में मोहब्बत का रंग घुलने लगा है। वैलेंटाइन वीक में हर दिन को खास बनाने के लिए युवाओं में उत्साह है। प्यार का इजहार करने के लिए लोग दिनवार थीम के अनुसार तैयारियों में जुट गए हैं। गुलाब के फूलों के साथ-साथ गिफ्ट्स, चॉकलेट्स, सॉफ्ट टॉय और ग्रीटिंग कार्ड्स की मांग बढ़ी है।

महानगर के सिविल लाइंस, डिप्टी गंज, कोर्ट रोड, जीएमडी रोड और बुधबाजार में फूल विक्रेताओं ने अपनी दुकानों पर स्टॉक कर लिया है। लाल, गुलाबी और सफेद गुलाबों की खास डिमांड को देखते हुए थोक में आपूर्ति बढ़ा दी है। फूल विक्रेताओं का कहना है कि वेलेंटाइन वीक के दौरान गुलाब की बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। मंडी चौक में फूल बेचने वाले शरद कुमार ने बताया कि वेलेंटाइन वीक को देखते हुए गुलाब और अन्य फूलों की उपलब्धता के लिए एडवांस आर्डर लोग दे रहे हैं। युवाओं के साथ-साथ कपल्स भी एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। रोज डे और प्रपोज डे पर सबसे ज्यादा बिक्री की उम्मीद है। वहीं, गिफ्ट की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। खास तौर पर फोटो फ्रेम, कस्टमाइज्ड मग, की-चेन और हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड्स सजाए गए हैं।

### यूनिक व पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स की मांग

दुकानदारों का कहना है कि इस बार लोग यूनिक और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। सिविल लाइंस स्थित एक गिफ्ट शॉप के संचालक अमित वर्मा ने बताया कि युवाओं की पसंद को देखते हुए नए और ट्रेंडी गिफ्ट्स मंगाए हैं। कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स की सबसे ज्यादा मांग है। अभी से बुकिंग आनी शुरू हो गई है और जैसे-जैसे वेलेंटाइन डे नजदीक आएगा, बिक्री और बढ़ेगी। हालांकि मौजूदा समय सोशल मीडिया का फिर भी कार्ड व गिफ्ट का चलन कम नहीं हुआ है



वैलेंटाइन डे की तैयारी को लेकर सज गई फूलों की दुकान। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### विशेष अभियान में बिजली चोरी करते पकड़े गए कई लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बुधवार को बिजली विभाग की प्रवर्तन टीम ने सुबह छह बजे दीवान का बाजार क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए। अभियान के दौरान नागफनी क्षेत्र में भूरे पुत्र छोटे निवासी घोसी की पुलिया, ट्रांसफार्मर के सामने अलग से केबिल लगाकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। घोसी की पुलिया कब्रिस्तान के सामने शबाबू पुत्र आले हसन पकड़ा गया। फैजान पुत्र नासिर, निवासी लालबाग आमीन साहब की मस्जिद के पास और जुल्फकार पुत्र कैसर अली निवासी लालबाग, इमरान निवासी मोहल्ला बाबरियान को मीटर से पहले कट लगाकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि अभियान जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से अपील की वह बिजली चोरी न करें। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। नेतृत्व हर्ष राज रस्तोगी अधिशासी अभियंता, विद्युत नगरीय वितरण खंड (रेड एवं एडमिन) ने किया।

# कोहरे के साथ सुबह, धूप निकलते ही बदला मौसम

## सुबह गलन से ठिठुरे लोग, नौ बजे बाद धूप से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बुधवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई, जिससे मौसम में गलन बनी रही और लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा। सुबह-सुबह सड़कों पर दृश्यता कम रही, वहीं ठंडी हवा और नमी के कारण ठिठुरन ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। लोग ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए और सुबह की दिनचर्या भी कुछ देर से शुरू हुई। खासतौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों और कामकाजी लोगों को ठंड से जूझना पड़ा।

सुबह के समय कोहरे के कारण वातावरण में नमी अधिक रही, जिससे ठंड का असर और तीखा महसूस हुआ। बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम दिखी। लोग जल्दी-जल्दी अपने जरूरी काम निपटाकर घरों में ही दुबके रहे। बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाव की सलाह दी गई, वहीं कई लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। हालांकि, करीब नौ बजे के बाद मौसम ने राहत भरी करवट ली। तेज धूप निकलते ही वातावरण में गर्माहट महसूस होने लगी। धूप खिलते ही लोग घरों की छतों, बालकनियों और नजदीकी पार्कों में पहुंच गए। धूप सेंकते हुए लोगों के चेहरे पर राहत साफ झलक रही थी। सुबह की गलन के बाद धूप ने न सिर्फ शरीर को गर्माहट दी, बल्कि मन को भी सुकून पहुंचाया। पार्कों में टहलने वालों और योग करने वालों की संख्या बढ़ गई। महिलाएं छतों पर कपड़े सुखाती नजर आईं, जबकि बुजुर्ग धूप में बैठकर गपशप करते दिखे। बच्चों ने भी खुले में खेलकर मौसम का आनंद लिया। धूप निकलने के बाद दिन भर मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में धूप निकलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई, लेकिन सुबह-शाम ठंड का असर बना रहा। वहीं, चिकित्सकों की सलाह है कि बदलते मौसम में सावधानी बरतें, गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करें और ठंड से बचाव के उपाय अपनाते रहें।



दोपहर में बाजार में खरीददारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### बेवक्त खान-पान से सीने व पेट में जलन, रोजाना पहुंच रहे 25 से अधिक मरीज



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम में लगातार हो रहे बदलाव और अनियमित दिनचर्या का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। खासकर खान-पान के समय में गड़बड़ी और तला-भुना, जंक फूड अधिक लेने से एसिडिटी की समस्या तेजी से बढ़ है। इसका असर जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में साफ नजर आ रहा है, जहां रोजाना 25 से अधिक मरीज एसिडिटी से जुड़ी शिकायतों के साथ पहुंच रहे हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों को मुख्य रूप से सीने और पेट में जलन, मुंह में छाले, खट्टी डकारें, गैस की समस्या और खाना निगलने में दर्द जैसी परेशानियां हो रही हैं। कई मरीजों ने बताया कि कामकाज और बदलते मौसम के कारण उनका खान-पान का समय पूरी तरह बिगड़ गया है। सुबह का नाश्ता देर से या कई बार छोड़ देना, देर रात खाना खाना और अधिक चाय-कॉफी पीना भी समस्या को बढ़ा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार मौसम बदलने पर शरीर की पाचन क्षमता भी प्रभावित होती है। ऐसे में यदि खान-पान संतुलित न हो तो पेट से जुड़ी दिक्कतें बढ़ना स्वाभाविक है। अस्पताल में आने वाले मरीजों में युवा, बुजुर्ग और कामकाजी लोग सभी शामिल हैं। खासकर वे लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जो लंबे समय तक खाली पेट रहते हैं या मसालेदार भोजन का ज्यादा सेवन करते हैं।

### मौसम में लगातार बदलाव व अनियमित दिनचर्या ने बढ़ाई एसिडिटी

जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया मौसम परिवर्तन के साथ लोगों की दिनचर्या और खान-पान का संतुलन बिगड़ जाता है। अनियमित समय पर भोजन करना, अधिक मसालेदार और तला-भुना खाना एसिडिटी का मुख्य कारण बन रहा है। अगर समय पर इलाज न किया जाए तो यह समस्या अल्सर जैसी गंभीर बीमारी का रूप भी ले सकती है। इलाज के साथ लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे नियमित समय पर भोजन करें, खाली पेट चाय-कॉफी से बचें और हरी सब्जियां व फल अधिक मात्रा में लें। साथ ही, अधिक समस्या होने पर खुद से दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श जरूर लें।

## गोकर्ण-धुंधकारी प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाजपत नगर स्थित शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे बुधवार को कथाव्यास पंडित राधे-राधे जी महाराज ने गोकर्ण और धुंधकारी की मार्मिक कथा का वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान मंदिर परिसर जयकारों और हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा।

कथाव्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल जीवन को ही नहीं, बल्कि मरणोपरांत भी आत्मा को भवसागर से पार कराने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा के माध्यम से बताया कि कैसे भागवत श्रवण से पापकर्मों का नाश होता है और भटकी हुई आत्मा को शांति प्राप्त होती है। राजा परीक्षित और शुकदेव मुनि के जन्म और प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। इस मौके पर पंडित मनमोहन तिवारी, संजय अरोड़ा, गौरव अनेजा, काले पहलवान, लवी अरोड़ा, तुषार अग्रवाल, शोभित रस्तोगी, अमन टंडन, मोना अरोड़ा, नीता टंडन, पूजा छाबरा, मीनाक्षी छाबरा, रमा अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाने व नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का संकल्प लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को मंडल रेल चिकित्सालय में रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवार वालों के लिए वृहद कैंसर जांच एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने कैंसर के बारे में जानकारी दी। आयोजन का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना, समय पर पहचान कर उचित उपचार के महत्व को बताना था।

एक निजी अस्पताल से आए कैंसर रोग के विशेषज्ञों ने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, संभावित कारणों, जोखिम और बचाव के उपायों की जानकारी दी। बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित जीवनशैली एवं किसी भी संदिग्ध लक्षण की स्थिति में शीघ्र चिकित्सकीय परामर्श लेकर इससे बचा जा सकता है। शिविर में रेलवे कर्मचारियों व लाभार्थियों ने सहभागिता की। शिविर के दौरान सभी को परामर्श देकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। मंडल चिकित्सालय के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से कर्मचारियों एवं उनके परिवार में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ती है। जिससे गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने से आसानी से इलाज हो जाता है। सभी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का संकल्प लिया।



रेलवे अस्पताल में कैंसर दिवस पर जानकारी देते डॉक्टर। ● अमृत विचार

- कैंसर जांच एवं जागरुकता शिविर में दी इलाज के संबंध में जानकारी

# जन जागरुकता से समाप्त हो सकता है कुष्ठ रोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कुष्ठ जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में बुधवार को सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कुष्ठ जागरुकता पर कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य अनिशा थॉमस ने बताया कि जागरुकता एवं ज्ञान की कमी से समाज में कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव बढ़ रहा है। जिसे खत्म करने में विद्यार्थी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने कहा कि जन जागरुकता से रोग को पूर्ण रूप से समाप्त किया जा सकता है। कुष्ठ रोग हैन्सेन का संक्रमण कुष्ठ प्रभावित ऐसे व्यक्ति द्वारा हो सकता है जिसने कभी भी कुष्ठ रोग की दवा न खाई हो। प्रभावित ऐसे व्यक्ति से ड्रॉपलेट इनफेक्शन के माध्यम से यह रोग दूसरे व्यक्ति के शरीर में जा सकता है और यदि दूसरे व्यक्ति के शरीर की रोग से लड़ने की क्षमता बहुत कम है। तब केवल उस स्थिति में वह व्यक्ति इस रोग से प्रभावित हो सकता है। अतः सौ में से केवल 5% लोगों में इस रोग के होने की संभावना रहती है। कुष्ठ रोग कई बार ऐसे घावों के साथ आरंभ होता है जिनमें दर्द नहीं होता है। कई बार शरीर पर और कानों पर गांठें भी दिखाई देती हैं।

ऐसा कोई भी लक्षण दिखाई देने पर मरीज को निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराना आवश्यक है। मंच संचालन संयोजक रुचिका आहूजा ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका नेहा शुक्ला, विक्टर लुइस, वरूषा मसीह, अंजू उपाध्याय, रुचि अग्रवाल, मीति मेहरा आदि उपस्थित रहीं।

## न्यूज डायरी



### भारतीय हस्तशिल्प को वैश्विक बाजारों में लाना सराहनीय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बर्मिंघम में 1 से 4 फरवरी तक स्प्रिंग फेयर इंटरनेशनल में ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का उद्घाटन भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय में हथकरघा डीसी डॉ. एम बीना ने किया। उन्होंने भारतीय हस्तशिल्प को वैश्विक बाजारों में लाने और देश से हस्तशिल्प के निर्यात को लगातार बढ़ावा देने में परिषद के प्रयासों को सराहनीय बताया और भविष्य में व्यापार को बढ़ाने में सभी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि परिषद नियमित रूप से बर्मिंघम में होने वाले स्प्रिंग फेयर इंटरनेशनल में सहभागिता करती है। इससे यूके के बाजार की विविधता की जानकारी मिलती है। भारत और यूके के बीच आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) के साथ, चरणबद्ध टैरिफ कटौती, रूल ऑफ ओरिजिन के सरल नियम और कस्टम्स सुविधा से खरीदार-विक्रेता बातचीत में भरोसा और स्थिरता आएगी। जिससे लागत कम, क्लियरेंस जल्दी होगा। ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष ने कहा कि बेहतरीन बनने की कोशिश में, एक्सपो बाज़ार भारत के दूर-दराज के इलाकों में खरीदारों और छोटे प्रोड्यूसर्स के बीच सीधा कनेक्शन बनाने के लिए संकल्पित है।



### श्रीमद्भागवत मानव जीवन को सही दिशा देने वाला ग्रंथ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाजपत नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को कथा व्यास पं. राधे राधे महाराज ने श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का वर्णन किया। उन्होंने राजा परीक्षित के गंगा तट पर आगमन और महर्षि शुकदेव जी के आगमन का वर्णन किया। कहा कि राजा परीक्षित ने संसारिक मोह त्याग कर गंगा तट पर श्रीमद्भागवत श्रवण का संकल्प लिया और शुकदेव जी ने उन्हें भागवत का दिव्य ज्ञान दिया। कथा में भक्ति, वैराग्य और ज्ञान का सुंदर समन्वय सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत मानव जीवन को सही दिशा देने वाला ग्रंथ है। जो हमें धर्म, कर्म और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता है। भक्तों ने कथा सुनकर जीवन में सदाचार अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान पंडित मनमोहन तिवारी, संजय अरोड़ा, गौरव अनेजा, राजीव गुंबर, लवी अरोड़ा, तुषार अग्रवाल, शोभित रस्तोगी, अमन टंडन, मोना अरोड़ा, नीता टंडन, पूजा छाबरा, मीनाक्षी छाबरा, रमा अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, आरती अग्रवाल, बबीता वर्मा, ज्योति मात्रा, काजल अरोड़ा सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।



### शबे-ए-बरात सिर्फ इबादत नहीं आमाल का मुहासिबा करने की भी रात

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** ईदगाह के मैदान में शबे-ए-बरात के मौके पर इस साल भी अजीमुश्शान रूहानी जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर दुआओं व इबादत के ज़रिये अल्लाह तआला से रहमत और मग़फिरत की दरख़्वास्त की। जलसे की सदारत शहर इमाम पाकबड़ा काजी शम्मे आलम ने की। उन्होंने कहा कि यह रात रहमत, बरकत और बख़्शिश की रात है। इस मुक़द्दस रात में अल्लाह तआला अपने बंदों की दुआओं को क़ुबूल फरमाता है व गुनाहों की मग़फिरत करता है। ख़ास मेहमान मौलाना गुलफाम रामपुरी ने कहा कि शबे-ए-बरात सिर्फ़ इबादत की ही नहीं बल्कि अपने आमाल का मुहासिबा करने की भी रात है। कहा कि इस रात में मां-बाप, उस्तादों और पूरी उम्मत के लिए दुआ करना बेहद अहम है। नात-ए-पाक और दुआओं का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। अंत में मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक़्क़ी और खुशहाली के लिए ख़ुसूसी दुआ की गई। जलसे के आयोजन में स्थानीय कमेटी और नौजवानों का योगदान रहा।



### सीमित संसाधनों में जीवन जीने के तरीके बताए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के बीएड विभाग द्वारा पांच दिवसीय गाइडिंग कैंप के तीसरे दिन बुधवार को शिविरार्थियों को सीमित संसाधनों में सर्वश्रेष्ठ तरीके से जीवन जीने के तरीके बताए गए। प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि दो दिनों में सिर्फ टेंट लगाना, गांठें बांधना या मार्च-पास्ट करना ही नहीं सीखा, बल्कि सीमित संसाधनों में सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने के तरीके भी सीखे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम धूप और थकान की परवाह किए बिना अपनी टोली को जिताने की कोशिश कर रहे हैं, ठीक वैसे ही कल हमें समाज में अज्ञानता के अंधेरे को दूर करने के लिए जूझना होगा। शिविर छात्राओं को केवल डिग्री के लिए तैयार नहीं कर रहा है बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए एक अनुशासित सिपाही बना रहा है। जिला संगठन आयुक्त गाइड मोनिका कुमारी ने फ्लैग होस्टिंग, गांठ बांधने, झंडो की जानकारी आदि का प्रशिक्षण दिया। संचालन व संयोजन रेंजर व बीएड विभाग की प्रभारी प्रोफेसर एकता भाटिया ने किया।

## खेलकूद

### बेसिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# शारीरिक, मानसिक विकास में खेलों की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ बुधवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में हुआ। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक, द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी रहे।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने मार्च-पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। मार्च-पास्ट का नेतृत्व मूंढापांडे विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली के बैंडने किया।

विगत वर्ष राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली भगतपुर विकासखंड की छात्रा दिव्या ने मशाल प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता की गरिमा बढ़ाई। मुख्य अतिथि मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी राकेश चंद्र मौर्य ने बच्चों के उत्साह और खेल भावना की सराहना की।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में प्राथमिक व जूनियर स्तर के बालक-बालिकाओं की 50, 100, 200, 400 व 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, जूडो, योग, लोकगीत सहित विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जनपद के आठ विकासखंडों से आए सैकड़ों बच्चों ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने सभी अतिथियों, आयोजकों, शिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. हरनंदन प्रसाद ने किया।

### प्राथमिक स्तर बालक वर्ग के परिणाम

- 50 मी. दौड़ में नितिन प्रथम ठाकुरद्वारा व मो. जान द्वितीय डिलारी।
- 100 मी. दौड़ में नितिन प्रथम ठाकुरद्वारा व रचित द्वितीय छजलैट।
- 200 मी. दौड़ में जुनैद प्रथम कुंदरकी व रचित द्वितीय छजलैट।
- 400 मी. दौड़ में फहीमुद्दीन प्रथम कुंदरकी व अदनान द्वितीय डिलारी।
- लंबी कूद में जुनैद प्रथम कुंदरकी व गौरव द्वितीय ठाकुरद्वारा।
- खो-खो में छजलैट ब्लाक प्रथम व मुरादाबाद ब्लॉक द्वितीय।

### जूनियर स्तर बालक वर्ग के परिणाम

- 100 मी. दौड़ में ऐश प्रथम कुंदरकी व शानिज द्वितीय छजलैट।
- 200 मी. दौड़ में अब्दुल रहमान प्रथम कुंदरकी व शानिज द्वितीय छजलैट।
- 400 मी. दौड़ में तरुण प्रथम छजलैट व ऐश द्वितीय कुंदरकी।
- 600 मी. दौड़ में जावेद प्रथम भगतपुर व अफजाल द्वितीय कुंदरकी।
- लंबी कूद में मयंक प्रथम ठाकुरद्वारा व अर्जुन द्वितीय मूंढापांडे।
- चक्का फेंक में जावेद प्रथम भगतपुर व अरमान द्वितीय ठाकुरद्वारा।
- बैडमिंटन में आरुष प्रथम मूंढापांडे व अक्षित द्वितीय छजलैट।
- खो-खो में ठाकुरद्वारा ब्लॉक प्रथम व छजलैट ब्लॉक द्वितीय।

### प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग के परिणाम

- 50 मी. दौड़ में मोनिका प्रथम बिलारी व रहनुमा द्वितीय मूंढापांडे।
- 100 मी. दौड़ में कशिश प्रथम ठाकुरद्वारा व आयशा द्वितीय कुंदरकी।
- 200 मी. दौड़ में कशिश प्रथम ठाकुरद्वारा व मोनिका द्वितीय डिलारी।
- लंबी कूद में अनम प्रथम कुंदरकी व आलिया द्वितीय मूंढापांडे।
- खो-खो में छजलैट ब्लॉक प्रथम व बिलारी ब्लॉक द्वितीय

## पिछले बार से अधिक टैक्स वसूली की चुनौती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम को शासन से वर्तमान वित्तीय वर्ष में कर वसूली के लिए एक अरब 21 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला है। जो 31 मार्च तक पूरा करना है। हालांकि अभी तक 70 प्रतिशत टैक्स वसूली हो चुकी है। टैक्स की बाकी रकम वसूलने के लिए पूरा जोर लगाना होगा।

निगम के कर अनुभाग से जुड़े अधिकारियों को फरवरी मार्च में दिन रात एक कर गृहकर व जलकर की वसूली के साथ ही दुकानों के किराए की वसूली भी बढ़ानी है। नगर आयुक्त ने सख्ती दिखाते हुए 100 बड़े बकाएदारों के नाम और टैक्स की बकाया धनराशि सार्वजनिक करते हुए निगम के द्वारा लगाए गए डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित कर दिया है। जिससे बड़े बकाएदारों को सामाजिक रुप से असहजता हुई और बकाया चुकाने में सक्रिय हो गए। वहीं कई बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान भी सील किए गए।

अब जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में शासन से मिले लक्ष्य के सापेक्ष करीब 70 प्रतिशत टैक्स वसूली की बात कही जा रही है। लेकिन शेष दिनों में बाकी लक्ष्य को पूरा करने की चुनौती है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 5 फरवरी 2026



## खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बच्चे की मौत



घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़।

**अगवानपुर, अमृत विचार :** ग्राम सराय खजूर में दिल दहला देने वाली घटना से लोग सिहर उठे। ग्राम सराय खजूर निवासी गुफरान का पुत्र ईशान पिता का इकलौता सहारा था। जिसे अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया। ज्ञात हुआ है कि ट्रैक्टर चालक 17 वर्षीय बबलू ने ट्रैक्टर में तेज़ आवाज में गाने बजा रखे थे। गाने सुनते हुए चालक ने कंट्रोल खो दिया हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार है ग्रामीणों ने पीछा करने की कोशिश की लेकिन वह मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया है। इकलौते ईशान के पिता मज़दूरी करके अपना घर चलते है। इस हादसे से घर में सन्नाटा छा गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# हिंदुओं से एकजुट होने का किया आह्वान

## बिलारी कस्बे में हिंदू सम्मेलन आयोजित, संस्कृति, संस्कार और समाज के उत्थान पर व्यापक मंथन

संवाददाता, बिलारी

- बाल योगी दीनानाथ और साध्वी विजेता बाई ने रखे विचार

**अमृत विचार:** नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौडाखोड़ा में विशाल एवं भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदूओं को संगठित होने का आह्वान किया गया। साथ ही पर्यावरण जल संरक्षण को भी संरक्षित करने का आह्वान किया गया। हिंदू सम्मेलन में वैदिक मंत्रोच्चार भजन कीर्तन और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विशेष प्रस्तुतियां भी दी गई।

बिलारी हिंदू सम्मेलन के तत्वाधान में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बाल योगी दीनानाथ एवं साध्वी विजेता बाई रहे। और मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ के सह प्रांत प्रचारक आनंद कुमार रहे। सम्मेलन में हिंदू समाज के लिए चिंतन, संवाद एवं दिशा-निर्धारण का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ।

सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से संत-महात्मा, धर्माचार्य, विद्वान चिंतक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा प्रतिनिधि एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही। सम्मेलन का रूप मुख उद्देश्य हिंदू संस्कृति, परंपरा एवं सनातन मूल्यों की रक्षा और प्रचार-प्रसार के साथ-साथ वर्तमान समय की सामाजिक चुनौतियों पर सार्थक एवं समाधानपरक विचार करना रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति संरक्षण, शिक्षा का महत्व, युवा जागरण, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। विभिन्न सत्रों में विद्वान वक्ताओं ने हिंदू दर्शन, गौरवशाली इतिहास एवं समकालीन सामाजिक परिस्थितियों के संदर्भ में अपने विचार रखे। आयोजकों द्वारा सम्मेलन में सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं श्रद्धालुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा समस्त हिंदू समाज से इसी प्रकार एकजुट होकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया गया। हिन्दू सम्मेलन समिति, बिलारी नगर अध्यक्ष पंकज चौहान , पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, रोहित पाराशरी, विवेक कुमार, प्रांजल , ऋषिपाल सिंह ,सुरेश सैनी, लवली यादव , अरुण यादव , केके गुप्ता, विकास गुप्ता , चन्दन डूडेजा , रामनिवास शर्मा ,रामवीर सिंह , शीतल प्रताप सिंह, संजय राणा, विशाल क्वात्रा, विश्वजीत , विपुल , मयंक , ओमवती , प्रिया चौहान , सीमा , रिंकल , क्षमा , आदि उपस्थित रहे । संचालन संजय सक्सैना ने किया।



बिलारी में हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

## कांग्रेसियों ने विधानसभा घेराव पर बैठक में की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 12 फरवरी को तिरंगा यात्रा व 17 फरवरी को होगा घेराव

**अमृत विचारः** कांग्रेस की मासिक मीटिंग बुधवार को ताजपुर माफी में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शकील सकलैनी व संचालन इंजीनियर मुहम्मद अयाज एडवोकेट ने की। वक्ताओं ने एसआईआर, मनरेगा और कांग्रेस की 12 फरवरी को होने वाली तिरंगा यात्रा व 17 फरवरी को विधानसभा घेराव को लेकर चर्चा की।

जिला कांग्रेस कमेटी के भयंकर सिंह बौद्ध ने कहा कि मनरेगा की मजदूरी 500 रुपये होनी चाहिए। शकील सकलैनी ने कहा कि मजदूर, किसान अल्पसंख्यक और सभी वर्गों की उन्नति के लिए लोग कांग्रेस का साथ दें। प्रदेश महासचिव आजम खान ने कहा कि कांग्रेस संविधान की लड़ाई लड़ रही है भाजपा मजदूरों को कमजोर करना चाहती है। अशरफ चौधरी जिला महासचिव, गुड्डू पाशा, जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद एडवोकेट, जिला महासचिव इंजीनियर मुहम्मद अयाज, मनरेगा के जिला प्रभारी अल्ताफ मसूदी, जिला उपाध्यक्ष मुशाहिद चौधरी ने विचार रखे। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा की हम मनरेगा की लड़ाई तब तक लड़ेंगे जब तक मनरेगा वापस नहीं होगा। कांग्रेस मजदूर अल्पसंख्यक और हर वर्ग के साथ खड़ी है जो किसानों को कुचलना की बात करेगा जो मजदूरों को कुचलना की बात करेगा कांग्रेस उसका विरोध करेगी। 12 फरवरी को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, इसमें मनरेगा के विरोध का संदेश दिया जाएगा। 17 फरवरी को विधानसभा घेराव के लिए अनुरोध किया। फिरोज मलिक , गुड्डू सैफी, जाकिर मास्टर , ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी मुख्तार अंसारी , ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुरद्वारा आरिफ एडवोकेट, फुरकान अहमद समीर , फिरोज, कुंदरकी ब्लॉक अध्यक्ष मौलाना मुनीफ तुर्की , वसीम अहमद , चौधरी अशरफ अली , भंयकर सिंह बौद्ध , आज़म खान आदि उपस्थित रहे।

# छात्र को परीक्षा से किया वंचित, नोंकझोंक

संवाददाता, कांठ

- मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर की जांच की मांग

**अमृत विचार :** डीएसएम डिग्री कॉलेज में अमृतधारी सिख समाज के छात्र को कृपाण के साथ परीक्षा देने से वंचित रखा गया। इस संबंध में केंद्र व्यवस्थापक एवं सिख समाज के लोगों में नोकझोंक भी हुई। सिख समाज के लोगों ने एसडीएम कांठ को ज्ञापन देकर और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मौहल्ला विशनपुरा निवासी जपन सिंह पुत्र अमरीक सिंह डीएसएम डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। 27 जनवरी 2026 में छात्र जपन सिंह को तलाशी के दौरान कृपाण के साथ प्रवेश नहीं करने दिया। घर पर कृपाण छोड़कर छात्र ने परीक्षा दी। बुधवार को जपन सिंह का प्रथम पाली में हिंदी का प्रश्न पत्र था। तलाशी के दौरान छात्र को बाहर रोक दिया गया और परीक्षा से वंचित कर दिया गया। जानकारी मिलने पर स्थानीय गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह एवं संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा के साथ सिख समाज का एक प्रतिनिधिमंडल कॉलेज पहुंचा। सिख समाज के केंद्र व्यवस्थापक सौरभ जिंदल से कहा कि अमृतधारी सिख समाज का स्मृति चिन्ह के साथ कहीं भी जाना अवैध नहीं है। सिख समाज के लोगों से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। प्रिंसिपल से बातचीत करने का प्रस्ताव रखा तो उन्हें बताया गया कि प्रिंसिपल पर अन्य कॉलेजों का कार्यभार भी है। प्रिंसिपल ने मोबाइल फोन पर सिख समाज के लोगों को बताया कि अपने पुत्र की तबीयत खराब होने के कारण वह अस्पताल में है। इस संबंध में दोनों पक्षों में नोकझोंक की वीडियो भी वायरल हुई है। जिसमें सिख समाज के लोग इसे सौतेला व्यवहार बता रहे हैं। एसडीएम कांठ को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत का सिखों के प्रति सौतेला व्यवहार होने एवं जांच उपरांत उचित कार्रवाई की मांग की है। समाज का कहना है कि छात्र का भविष्य अंधकार में हो गया है। इस मौके पर गुरुद्वारे के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा, अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, राजेंद्र सिंह, सिमर दीप सिंह, अमरीक सिंह, अमर सिंह आदि सिंह के समाज के लोग मौजूद रहे।



प्रवक्ता से नोकझोक करते लोग।

# बिना मुआवजा के जमीन अधिग्रहण का विरोध

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- मुआवजा न मिलने तक कार्य रोकने को कहा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 734 के चौड़ीकरण से जुड़ी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में मुआवजा न मिलने से किसानों में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में साइड इंचार्ज शांतनु कुमार साहबगंज पहुंचे और उन किसानों की समस्याएं सुनीं, जिनकी भूमि हाईवे निर्माण में अधिग्रहित की जानी है। किसान राजपाल सिंह, राधा देवी, बाबू सिंह और चंद्रपाल सिंह ने बताया कि उनकी भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है, लेकिन अब तक मुआवजा राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है।

मुआवजा न मिलने के कारण किसानों ने अपनी जमीन पर कब्जा बनाए रखते हुए बिना भुगतान किसी भी प्रकार का कार्य शुरू न होने देने का ऐलान किया है। किसान नेता प्रीतम सिंह ने चेतावनी दी कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का पूरा मुआवजा किसानों को नहीं दिया जाता, तब तक एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांग की कि पहले मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जाए, उसके बाद ही हाईवे चौड़ीकरण का कार्य शुरू कराया जाए। वहीं, गांव साहबगंज निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र हरचरन सिंह ने आरोप लगाया कि वह पिछले लगभग 40 वर्षों से हाईवे के निकट निवास कर रहे हैं और उनके पक्ष में सिविल कोर्ट से रहने का आदेश भी पारित है, इसके बावजूद नेशनल हाईवे टीम व स्थानीय प्रशासन द्वारा उनके घर को क्षतिग्रस्त करा दिया गया। बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 734 की प्रक्रिया के तहत परिसंपत्ति मुआवजा 1,18,296 रुपये का नोटिस भेजा गया, लेकिन राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया। किसानों और ग्रामीणों ने मांग की कि किसी भी भू-स्वामी या गृहस्वामी को बिना कारण परेशान न किया जाए और सभी मुआवजे से वंचित किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर उदयवीर सिंह, राजकुमार, अर्जुन सिंह, अमित कुमार, रवि चौहान, दीपक कुमार, भीम सिंह सहित हाईवे से जुड़े अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



ठाकुरद्वारा रामू वाला गणेश के निकट निर्माणा धीन हाईवे पर हंगामा करते क्षेत्र के किसान।

## मुरादाबाद में एम्स खोलने की मांग उठाई

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर स्थित कैंप कार्यालय पर भारत जागृति कान्फ्रेंस की बैठक का आयोजन हुआ में मुरादाबाद जिले में एम्स खुलवाने की मांग उठाई गई। बुधवार को बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित शर्मा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को अच्छे इलाज के लिए दिल्ली या ऋषिकेश एम्स जाना पडता है। जिससे काफी परेशानी का सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि अगर एम्स मुरादाबाद में खुल जाये तो पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को काफी सुविधा मिल जायेगी क्योंकि मुरादाबाद से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए सीधी रेल मार्ग व बस सुविधा उपलब्ध है।

**कार्यालय-सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद**

संख्या 2808/ एम.बी.डी.-15253/मुरा.दिनांक 20/01/2026
01. श्री दिनेश कुमार जैन पुत्र श्री पारसदास जैन,भूतपूर्व अध्यक्ष, निवासी कोतवाली के पीछे जिला रामपुर, 02. श्री अखिलेश कुमार जैन पुत्र श्री पारसदास जैन, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, निवासी रोशनबाग, सिविल लाइन, जिला रामपुर, 03. श्री योगेश कुमार जैन पुत्र श्री पारसदास जैन, भूतपूर्व कोषाध्यक्ष, निवासी खारी कुआं जिला रामपुर। 04. श्री नितेश जैन पुत्र श्री दिनेश कुमार जैन, भूतपूर्व सदस्य, निवासी गउखाना कदीम रामपुर। 05. श्री सौरभ जैन पुत्र श्री अखिलेश कुमार जैन,भूतपूर्व सदस्य, निवासी रोशनबाग सिविल लाईन, जिला रामपुर। 06. श्री रितेश जैन पुत्र श्री दिनेश कुमार जैन, भूतपूर्व सदस्य, निवासी कोतवाली के पीछे, जिला रामपुर। 07. श्री विवेक जैन पुत्र श्री योगेश कुमार जैन, भूतपूर्व सदस्य, निवासी गउखाना कदीम, जिला रामपुर। 08. श्रीमती अनीता जैन केयर ऑफ श्री दिनेश कुमार जैन,भूतपूर्व सदस्य, निवासी कोतवाली के पीछे, जिला रामपुर। 09. श्रीमती सुषमा जैन केयर ऑफ श्री अखिलेश कुमार जैन, भूतपूर्व सदस्य, निवासी रोशन बाग जिला रामपुर। 10. श्रीमती प्रीति जैन केयर ऑफ श्री नितेश जैन, भूतपूर्व सदस्य, निवासी गउखाना कदीम, जिला रामपुर। 11. श्रीमती सोनिया जैन केयर ऑफ श्री रितेश जैन,भूतपूर्व सदस्य, निवासी रोशन बाग सिविल लाइन, जिला रामपुर। विषयः- संस्था शान्ति सेवा संस्थान,जिला रामपुर के संबंध में। महोदय, उपर्युक्त विषयक संस्था का नवीनीकरण किये जाने हेतु शोभित जैन स्वयं को उक्त संस्था का प्रबन्धक/सचिव दर्शाते हुये प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्धसमिति की सूची दिनांक 2025-2026 में आपको चयनित नहीं है तथा क्रम संख्या 01 आपका पद परिवर्तन किया गया है। अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में अपनी आपत्ति/अनापत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से पत्र जारी होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

आनन्द विक्रम सिंह-सहायक रजिस्ट्रार

## गाली देने का विरोध करने पर की मारपीट

**बिलारी , अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम स्योंडारा निवासी पान सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 23 जनवरी की शाम 7:00 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव के ही कृष्णपाल, मुन्नी देवी, पुष्पेंद्र ,सत्येंद्र, स्वाति और पुष्पेंद्र की पत्नी पुरानी रंजिश के चलते उसे गाली देने लगी और जाति सूचक शब्द भी बोलने लगी ,जब उसने गाली देने का विरोध किया तब सभी लोगों ने उसे एक साथ लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। जिसकी वजह से उसके शरीर पर काफी चोटें आई हैं । बताया कि जब उसका चाचा वीरेंद्र और पत्नी वीरा ने बचाने का प्रयास किया तब उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो. 7906815587

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 215533933 का प्रमाण पत्र- सह- अंक पत्र खो गया है। **मोह. अनस पुत्र मोह. असलम केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाई स्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0810067 तथा इंटरमीडिएट 2014 अनुक्रमांक 0602738 के प्रमाण पत्र - सह-अंक पत्र खो गए हैं । **मोह. मुस्तफा पुत्र छोटे अली केयर ऑफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज डायरी




### आत्महत्या को विवश करने वाली पत्नी की गिरफ्तारी की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करना वाला खालसा में न्यायिक कर्मी ने फांसी लटक कर जान दे दी थी। मृतक के पिता ने आत्महत्या को विवश का आरोप लगाते हुए मृतक की पत्नी और उसके दो प्रेमियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कोई भी गिरफ्तारी न होने को लेकर मृतक की मां और पिता मंगलवार को अपना हक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय यादव और महासचिव संजय यादव के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर मृतक की पत्नी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। अपना हर पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि शीघ्र गिरफ्तारी न की गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनावाला खालसा निवासी सिविल जज न्यायालय में कार्यरत लिपिक मोहित कुमार ने 16 जनवरी की रात अपने घर में फांसी पर लटक कर जान दे दी थी। मृतक के पिता मुनेश ने बेटे की पत्नी अनीता और उसके दो कथित प्रेमियों के खिलाफ आत्महत्या को विवश करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।




### तहसील परिसर में एसआईआर के लिए लगी लंबी कतार

**कांठ, अमृत विचार :** जिन मतदाताओं ने 2003 की लिस्ट का विवरण प्रस्तुत नहीं किया तो उनके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एसआईआर के माध्यम से जांच की जा रही है जिन व्यक्तियों के दस्तावेज पूरे हो चुके हैं उनको तो वोटर लिस्ट में शामिल किया जा रहा है। कांठ तहसील में लगभग एक सप्ताह से एस आईआर का कार्य चल रहा है जिसको नायब तहसीलदार छजलैट और कांठ मतदान के दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। दस्तावेज पूर्ण होने पर उनको मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है। बुधवार को कांठ तहसीलदार राजकुमार सिंह की कोर्ट में एस आईआर के लिए काफी लंबी लाइन लगी हुई थी। जहां विधानसभा 25 के बूथ संख्या 110 से 176 तक के मतदाता सूची के द्वारा दस्तावेजों की जांच की जा रही थी जो व्यक्ति अपने सही दस्तावेज प्रस्तुत कर रहा है तो उसको मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है तहसीलदार ने बताया कि बी एल ओ के द्वारा जिन व्यक्तियों के सूची में नाम नहीं है उनको नोटिस दिए गए हैं।



### बहारे मदीना जलसे में पेश की गई नात व तकरीर

**भगतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के मदरसा जामिया साबरिया नसीरुल उलूम चौराहा विलाकुदान बेरखेड़ा में बहारे मदीना जलसे व दस्तारबंदी पर नात व तकरीर पेश की गईं एवं लोगों को विभिन्न हिदायतें दी गईं। जलसे का आगाज कारी गुलाम रब्बानी नसीरी ने कुरआने पाक की तिलावत से किया। इसके बाद मौलाना शाने रब व मौलाना लईक नसीरी ने नात पेश की। कारी शमीम अख्तर ने सच्चाई के रास्ते पर चलने की अपील की। मौलाना आसिम उल कादरी ने कहा कि अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा तालीम दिलवाये। तालीम की अहमियत वताते हुए कहा कि तालीम का जिन्दगी मे अहम योगदान है व तालीम इन्सान की जिन्दगी को बेहतर बनाती है। पीलीभीत से तशरीफ़ लाये हजरत मौलाना सरताज मियां ने नमाज व रोजो की पाबंदी की अपील की। प्रोग्राम मे पांच बच्चों, क़ारी मोहम्मद इमरान, हाफ़िज़ मोनिस रज़ा, हाफ़िज़ साहिल रज़ा, हाफ़िज़ आतिफ रज़ा, हाफ़िज़ मोहम्मद सानिब की दस्तारबंदी की गई व उन्हें प्रमाण पत्र दिये गये। मदरसा प्रबंधक कारी नबील अहमद नसीरी ने भाईचारा कायम रहने व खुशहाली के लिए दुआ कराई गई।



### ग्रामीणों को जिला पंचायत सदस्य ने दिया सीसीरोड का तोहफा

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम गढ़ी में काफी समय से सड़क खराब पड़ी हुई थी जिसमें ग्राम वासियों का आना-जाना लगा रहता था लेकिन पानी व गंदगी के कारण के कारण वहां से निकलना भी लोगों का मुश्किल हो गया। जब ग्राम वासियों ने जिला पंचायत सदस्य रईसुद्दीन से अपनी समस्या रखी तो उन्होंने अपनी निधि से 400 मीटर सीसी रोड बनवाकर ग्राम वासियों को तोहफा दिया है। गांव के ही मोहम्मद यामीन ने बताया कि काफी समय से ग्राम वासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था लेकिन वार्ड नंबर 10 के जिला पंचायत सदस्य रईसुद्दीन ने यह सड़क बनाकर हम पर बहुत बड़ा एहसान किया है। उन्होंने बताया कि हम खुदा से दुआ करेंगे कि वह अगली बार भी रहीसुद्दीन को कामयाब बनाएं । जिला पंचायत सदस्य रईसुद्दीन ने बताया कि मैं तो जनता का सेवक हूं और निधि के पैसे से इस सड़क का निर्माण कराया है। पहले कई जिला पंचायत सदस्य ने भी इन गांव वालों की समस्या को नहीं देखा। उन्होंने बताया कि मैं अपने क्षेत्र में जो भी जनता की समस्या होती तब सहयोग के लिए सदेव तट पर रहता हूं।

## चीनी मिल की चेन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** राजा का सहसपुर स्थित श्री लक्ष्मी जी शुगर मिल में चीनी मिल में काम करते वक्त मिल की गन्ना चेन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत हो गई। सूचना के बाद भारी तादाद में ग्रामीण चीनी मिल पहुंचे। उससे पहले ही चीनी मिल में मौजूद लोगों ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। ग्रामीण कोतवाली पहुंच गए। जहां मिल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

बिलारी थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर माफी निवासी 48 वर्षीय राकेश पुत्र छिद्दा चीनी मिल में एक ठेकेदार के तहत श्रमिक के तौर पर काम करता था। वह बुधवार की शाम 6 बजे चीनी मिल की गन्ना चेन पर काम कर रहा था। इस बीच वह चेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को छुपाने के लिए चीनी मिल कर्मचारियों ने परिवार के लोगों को सूचना नहीं दी। जिसको लेकर परिवार के लोगों में गुस्से का माहौल था। उन्होंने शव को पुलिस के जरिए पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। परिवार के लोगों को सूचना मिली तो सभी कोतवाली पहुंच गए। चीनी मिल प्रशासन पर कार्यवाही करने को लेकर मांग उठाई। पत्नी गीता के अलावा दो बेटी रूबी और नीतू में अविवाहित हैं। दो बेटे विक्की और पंकज विवाहित हैं। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप के मुताबिक भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के फरीदी गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गईपुलिस ने दोनों शिकायतों पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष से अंकित ने बताया कि सुरेश शर्मा, भीम शर्मा व अर्जुन शर्मा से बातचीत के दौरान गाली-गलौज व जातिसूचक शब्द कहे गए। शोर सुनकर बहन काजल पहुंची तो सनी, निगम, अखिलेश व अर्जुन ने उसके पिता को भी पीटा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., रामपुर**

पत्रांकः 183/ई-निविदा/25-26 दिनांकः 31.01.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना / प्रेस नोट

महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत कुल 11 नवीनीकरण के कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 08.02.2026 प्रातः 10 बजे से दिनांक 15.02.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी नियम / शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

गौरव सिंह
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., रामपुर

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत न्यायालय श्रीमान् मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण-नार्थ, मोतीमहल परिसर, लखनऊ
प्रतिकर याचिका संख्या-510 / 2024
ता0पेशी-24.03.2026

शुभम शुक्ला आयु लगभग 25 वर्ष पुत्र महेश शुक्ला निवासी- केशरिया, जलालपुर, शाहपुर, जिला सीतापुर वर्तमान पता-श्री संकटमोचन हनुमान जी मंदिर, हनुमन्त पुरम्-2, गौरभीठ रोड, फैजुल्लागंज, लखनऊ - चोटहिल / याची

बनाम

**तामीली से प्रभावित पक्षः-** रियाज पुत्र लईक अहमद निवासी-आजाद नगर, पकबरा, मुरादाबाद, उ0प्र0 पिन-244102 (वाहन स्वामी वाहन सं0-यूपी-21-बी0एन0-3045) -विपक्षी

हरगाह-चोटहिल / याची ने आपके नाम से एक नालिस बावत दावा वास्ते प्रतिकर याचिका प्रतिकर प्राप्ति हेतु अंतर्गत धारा-166 एवं सपठित धारा-140 मोटर यान अधिनियम-1988 हेतु के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.03.2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 24.03.2026 को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 30.01.2026 ई0 को जारी किया जाये।

दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुमड़िया कला विकास खण्ड डिलारी (मुरादाबाद)**

पत्रांकः मैमो/मनरेगा/निविदा/विज्ञापन/2025-26 दिनांकः 04.02.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत तुमड़िया कला में मनरेगा योजना अन्तर्गत नाली/मिट्टी/ टाईल / सी.सी. रोड का निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 05.02.2026 से दिनांक 25.02.2026 की सायं 02 बजे तक आमंत्रित है। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी पत्र के साथ कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्त एवं प्राक्लन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एन.एस.सी./बैंक ड्राफ्ट / एफ.डी.आर. के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बन्धक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की प्रतिशत धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कमालपुर रोड पर कछिया पर पुलिया निर्माण कार्य। | ईट, सीमेन्ट रेत, बजरफुट, बजरी, सरिया, रोडा आदि निर्माण सामग्री | 1570255 | 31405 | 250 | 3 माह |

मुख्य शर्तेः- उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नंबर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति के उपरान्त दी जायेगी। आवश्यकतानुसार सामग्री ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। प्रस्तुत सामग्री दर पी.डब्लू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री गुणवत्तापूर्ण न होने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदायें किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तुमड़िया कला
वि.खं. डिलारी (मुरादाबाद)

सचिव
ग्राम पंचायत तुमड़िया कला
वि.खं. डिलारी (मुरादाबाद)

# ट्रेड डील से छोटे किसानों को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बिलासपुर स्थित पिपलिया अहला गांव पहुंचे राकेश टिकैत। ● अमृत विचार

● बुधवार को बिलासपुर के पिपलिया अहला गांव पहुंचे राकेश टिकैत

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई व्यापार डील से देश के छोटे किसानों को नुकसान होगा। जब अमेरिका से सस्ता कपास आएगा, तो महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के कपास उत्पादक किसान प्रभावित होंगे।

बुधवार देर शाम बिलासपुर स्थित पिपलिया अहला गांव में संगठन के जिलाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह गिल के आवास पर उनके दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देने आए थे। टिकैत ने कहा कि अमेरिका से मक्का, सोयाबीन और चावल जैसी फसलें आने पर भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि शुरुआत में कीमतें सस्ती होंगी, लेकिन कुछ सालों बाद स्थिति ''जियो'' जैसी हो जाएगी, जहां एकाधिकार स्थापित हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े हाईवे और कॉरिडोर माल ढुलाई के लिए बनाए जा रहे हैं, और जब जनता इसकी आदी हो जाएगी, तो भारत का पूरा कृषि और व्यापारिक सिस्टम खत्म हो जाएगा। आम बजट पर कहा कि इसमें छोटे किसानों को कर्ज देने के अलावा कुछ खास नहीं है। यूजीसी पर बोले कि यह केवल विवाद बढ़ाने के लिए एक विचार था, जिसकी कोई मांग ही नहीं थी। इस दौरान जिला प्रवक्ता नृपजीत सिंह, प्यारा सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह और हरदीप सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गरीबों के लिए तमाम योजनाएं लेकिन मध्यम वर्ग के हाथ हर तरफ से खाली

# यूपी बजट: मध्यम वर्ग को महंगाई से राहत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

सरकार के बजट में मध्यम वर्ग को महंगाई से राहत मिलना चाहिए। ताकि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सके और चैन की जिंदगी बसर करे। – इमरान अली



2027 में विधानसभा चुनाव है। वर्ष 2026-27 का बजट चुनाव से प्रभावित होगा। प्रदेश सरकार के इस बजट में आम जनता को लाभ मिल सकता है। – डॉ. शहजाद आलम



बजट में बेरोजगार दूर करने की बात हो और महंगाई पर अंकुश लगे। उम्मीद है कि यूपी सरकार के बजट में नौकरियों को बढ़ावा दिया जा सकता है। – शहाना मसूद



महंगाई पर काबू लगाने वाला बजट पेश करना चाहिए। महंगाई से जनता ऊब चुकी है लोगों को आस है कि प्रदेश सरकार के इस बजट में राहत मिलेगी। – खुर्रम खान



● बोले, उच्च वर्ग पर महंगाई का नहीं पड़ता कोई असर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ऐसा बजट पेश करे जिसमें मध्यम वर्ग के लिए राहत हो। मध्यम वर्ग का कहना है कि सरकार ने गरीबों के लिए तमाम योजनाएं चला रखी हैं। उन्हें मुफ्त राशन, मुफ्त मकान, बच्चों को सीबीएसई स्तर की मुफ्त शिक्षा, 150 दिन रोजगार की गारंटी समेत अपना कच्चा मकान होने पर पक्का बनवाने के लिए ढाई लाख रुपये दिए जा रहे हैं। जबकि उच्च वर्ग को महंगाई घटने- बढ़ने से कोई अंतर नहीं पड़ता है।

यूपी के बजट के पिटारे से मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत उम्मीद है। क्योंकि मध्यम वर्ग चक्की के दो पाटों के बीच पिस रहा है सरकार से उसे बहुत उम्मीदें हैं।

बाजार में महंगाई आसमान छू रही है। यदि मध्यम वर्ग मकान बनवाता है तब उसे 6000 रुपये प्रति हजार की दर से ईंट, 55 सौ 65 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से लोहा, महंगा सीमेंट और बालू खरीदना पड़ता है। जबकि गरीबों को मकान बनवाने के लिए सरकार ढाई लाख रुपये दे रही है। जिसके पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं है उसे बना बनाया आलीशान आशियाना दिया जा रहा है। जो गरीब किराए पर उठा देते हैं और खुद झोपड़ पट्टी में रहना शुरू कर देते हैं। वोट डालने के लिए कतार में मध्यम वर्ग के लोग ही लगते हैं जबकि गरीबों को वोट डालने में कोई दिलचस्पी नहीं रहती है। मध्यम वर्ग को व्यापार करने में भी तमाम दिक्कतें और परेशानियों को सामना पड़ता है तब जाकर उसे दो जून की रोटी मिलती है।

## न्यूज ब्रीफ

### चाइनीज मांझे को लेकर दुकानदारों के साथ की बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले को चाइनीज मांझे से मुक्त करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने कोतवाली परिसर में दुकानदारों के साथ बैठक की। पतंगबाजों एवं पतंग का डोरी मांझा बेचने वाले दुकानदारों को जागरूक करते हुए चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूर्णतया रोक के बारे में बताया गया। दुकानदारों को बताया कि चाइनीज मांझे की बिक्री करते हुए पाए गए तो कड़ी कार्रवाई होगी। अगर कोई चाइनीज मांझे की मांग कर रहा है या बेच रहा है तुरंत अधिकारियों को फोन करके बताएं। बैठक में नगर कोतवाली कोतवाल ओंकार सिंह, थाना सिविल लाइंस कोतवाल संजीव कुमार और गंज कोतवाली कोतवाल पवन शर्मा सहित दुकानदार शामिल रहे।

### मिलक में 5 को बाधित रहेगी विद्युत सप्लाई

**अमृत विचार, मिलक :** बुधवार को बिजली घर के उपखंड अधिकारी मोहन कृष्ण ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के स्विचवार्ड में सिटी, आसोलेटर, सर्किट ब्रेकर, लाइटनिंग, अरेस्टर आदि के मेंटेनेंस का कार्य होना है। इसके चलते गुरुवार सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक विद्युत सप्लाई पूर्णत: बाधित रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# सीसीटीवी की निगरानी में होंगी सीबीएसई व यूपी बोर्ड परीक्षा

## 17 से सीबीएसई और 18 फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियों को लेकर कसी कमर

**अमृत विचार :** सीबीएसई और यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा का काउंटडाउन शुरू हो गया है। सीबीएसई परीक्षाएं 17 फरवरी से और यूपी बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं होंगी, इसके लिए जिला और पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है।

### परीक्षा में ये वस्तुएं रहेंगी प्रतिबंधित

मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, किसी भी प्रकार का बटुआ, बैग या स्टडी मटेरियल।

सीबीएसई परीक्षा 2026-27 के लिए 10वीं के लिए 3000 जबकि, 12वीं के लिए 2500 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। 10वीं की परीक्षा 7 मार्च को जबकि, 12वीं की परीक्षा 28 मार्च को खत्म होगी। परीक्षा के लिए जिले में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। – नीरज तिवारी, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई परीक्षा



जिले भर में बनाए गए 74 परीक्षा केंद्र राजकीय रजा इंटर कॉलेज में बने जिले के कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे। जबकि जिले का कंट्रोल रूम बरेली और लखनऊ मुख्यालय से जुड़ा रहेगा। – अंजलि अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक।



सीबीएसई ने जिले में 13 केंद्र बनाएं हैं। जहां 10वीं और 12वीं के 5500 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें 10वीं के 3000 और 12वीं के 2500 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले का कंट्रोल रूम राजकीय रजा इंटर कॉलेज में बनेगा। कंट्रोल रूम बरेली और लखनऊ से कनेक्ट रहेगा। 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की दो पालियों में परीक्षा शुरू होगी। जहां 10वीं और 112वीं के 40,766 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें 10वीं के 25,518 और 12वीं के 21248 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली में प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक हाईस्कूल का प्रारंभिक हिंदी का प्रश्न पत्र होगा। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक सामान्य हिंदी का प्रश्नपत्र होगा। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए तमाम तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नकलविहीन परीक्षा के लिए दो उड़ाका दल बनाए गए हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे पल-पल की गतिविधि को कैद करते रहेंगे। केंद्र प्रभारी कैमरों द्वारा की गई रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखेंगे। केंद्र पर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों की मुख्य द्वार पर सघन तलाशी होगी। इसके बाद परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष तक पहुंचेंगे। एडमिट कार्ड, स्कूल आईडी कार्ड, पारदर्शी पाउच में नीले, काले बॉलपॉइंट पेन, पेंसिल, इरेज़र और स्केल ले जाने की अनुमति है। एनालॉग घड़ी (स्मार्ट वॉच नहीं) साथ रख सकते हैं। एडमिट कार्ड और स्कूल का आईडी कार्ड प्रतिदिन ले जाना होगा। परीक्षा के दौरान स्कूल यूनिफार्म अनिवार्य है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि यूपी बोर्ड ने परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कहा कि छात्र-छात्राएं अच्छे नंबर लाने के लिए तड़के में करीब 3 घंटे परीक्षा की तैयारी करें। परीक्षा की तैयार स्टेप वाइज करें, एक विषय की तैयारी पूरी होने पर दूसरे विषय की तैयारी में जुट जाएं। उत्तर याद करने के पश्चात उन्हें तय समय सीमा में लिखने का अभ्यास करें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कुल 40,766 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है।

# मछली पालकों को एक्वाकल्चर बीमा की उपयोगिता बताई

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मत्स्य विकास के तहत एक्वाकल्चर बीमा विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद के मछली पालकों को एक्वाकल्चर बीमा की उपयोगिता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों के संबंध में जागरूक करना था। सहायक निदेशक मत्स्य प्रशांत गंगवार ने कहा कि तालाब, मछली उत्पादन एवं मत्स्य पालन से संबंधित संसाधनों को होने वाली क्षति की भरपाई संभव है।

साथ ही बीमा आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, प्रीमियम की दरें, क्लेम प्रक्रिया एवं बीमा से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा मछली पालकों को बीमा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा बीमा को अपनाकर मत्स्य पालन को अधिक सुरक्षित, स्थायी एवं लाभकारी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर जनपद के मत्स्य पालक, मत्स्य कृषक, मत्स्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीआईसी के सामने फैली गंदगी, ग्रामीणों का प्रदर्शन



कासम नगला गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैफनी

● ग्रामीण बोले, कई बार शिकायत के बाद न हीं हो पाया समाधान

**अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्र के कासम नगला गांव में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के सामने फैली गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

ग्रामीण ने प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि कॉलेज के गेट के सामने गंदे पानी का जमाव है और काफी समय से गंदगी फैली है। राहगीरों को रास्ते से होकर गुजरने में परेशानी उठानी पड़ती है। साथ ही स्कूल या कॉलेज के छात्र छात्रों को गांधी के बीच से ही निकालना पड़ता है। कई बार जिम्मेदारों से मौखिक रूप से शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने कहा कि सफाई नहीं की गई तो वह प्रदर्शन करते रहेंगे। लोगों ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का पता ही नहीं चलता कि कब आते है और कब चले जाते हैं।

गंदगी से संक्रामक रोगों के फैलने का डर लगा रहता है। प्रदर्शन करने वालों में हरिश्चंद्र, चंद्रसेन, सुंदर सिंह, राजवीर सिंह, गुड्डू, चमन सिंह, सुदीप सिंह, दुर्जन सिंह जसवंत सिंह, दिनेश सागर सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जातियों को बांटने का हो रहा काम



आनंद कान्वेंट स्कूल में आयोजित बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● यूजीसी कानून को लेकर सर्व सवर्ण समाज की बैठक आयोजित, निरस्त करने की मांग

**अमृत विचार :** ज्वाला नगर स्थित आनंद कान्वेंट स्कूल में यूजीसी को लेकर सर्व सवर्ण समाज की प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने विचार रखे। क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने यूजीसी कानून को खतरनाक बताते हुए सरकार से इसे तुरंत खारिज करने की मांग की।

अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि आज हम सभी पहले से ही आरक्षण एवं एससी एसटी एक्ट को झेल रहे हैं। अब यह कानून हमारा पतन लेकर आया है, जहां हम सर्व समाज को समानता का अधिकार देने की बात करते हैं, वहीं आज सारी जातियों को बांटने का काम किया जा रहा हैं। सरकार इसमें दोहरी नीतियों को लागू कर रही है। मां ललिता शक्तिपीठ की कार्यकारी अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा कि सभी को एक मंच पर आना होगा। आरक्षण के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम मोहन चतुर्वेदी ने की तथा संचालन क्षत्रिय महासभा के युवा जिला अध्यक्ष अतुल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम प्रतिभा अग्रवाल, सरिता विश्नोई, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, संजीव दयाल सक्सेना, नवीन गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, सुमित मित्तल, हीरालाल शर्मा, प्रतीक शर्मा, संदीप शर्मा, दीपक शर्मा, पीयूष कुमार सक्सेना, सौरभ शर्मा, आलोक अग्रवाल, दिनेश सक्सेना, गुंजन सक्सेना, प्रदीप कुमार रस्तोगी, अमरपाल सिंह, अजीत सिंह, नरेंद्र सक्सेना, तंजुल पंडित आदि मौजूद रहे।

# धूप निकलने के बाद बच्चों ने पार्क में की मस्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



धूप निकलने के बाद पार्क में खेलते बच्चे।

**अमृत विचार :** सुबह सड़कों पर कोहरे की चादर बिछी रही हालांकि, पूर्वाह्न में करीब 11:30 बजे सूरज निकला लेकिन, धूप में तपिश नहीं थी। इसके बावजूद ठंड के चलते घरों में कैद बच्चों ने पार्कों में खूब मस्ती की। बुधवार की सुबह सड़कों पर कोहरे की चादर बिछी होने के कारण वाहन चालक फॉग लाइटें जलाकर रेंगते रहे। मौसम वैज्ञानिक मौसम शुष्क रहने का अनुमान जता रहे हैं।

सुबह से पूर्वाह्न तक कोहरा छाया रहा सड़कों पर कोहरा होने के कारण वाहन चालक लाइटें जलाकर रेंगते रहे। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में गलन बढ़ा दी है। सुबह को सर्दी बढ़ गई लोगों ने गरम कपड़ पहन लिए। कोहरे के बीच काम की तलाश में राज और मजदूर कोहरे में सुबह से हामिद गेट पर आकर खड़े हो जाते हैं। जिन लोगों को मजदूरों और मकान बनवाने के लिए राज मिस्त्री की जरूरत होती है यहां मजदूर ले जाते हैं। सर्दी के कारण शाम ढले लोगों की बाजारों में भी आवाजाही कम रही। पूर्वाह्न में धूप निकलने के बाद बच्चों ने पार्कों में खूब मस्ती की। बुधवार को अधिकतम तापमान- 15 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान- 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# परीक्षा व त्योहारों के चलते जिले में 31 मार्च तक निषेधाज्ञा लागू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

### खुले में मीट व मछली पर रहेगा प्रतिबंध

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने बताया कि कोई भी धार्मिक स्थलों के आसपास खुलेआम मांस या गोश्त आदि नहीं फेंकेगा, न ही नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर भ्रमण करेगा। अवैध बूचड़खानों का संचालन व अवैध रूप से खुले में मीट, मांस, मछली आदि का कटना व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकोल के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। बिना अनुमति कोई भी जुलूस, धरना, प्रदर्शन, घेराव, पदयात्रा, वाद-विवाद, नारेबाजी इत्यादि नहीं किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा और यदि बीच में वापस न लिया गया तो 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश अथवा इसके किसी अन्य अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 के तहत दंडनीय

● परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में आईटी उपकरण वर्जित

**अमृत विचार :** परीक्षा व त्योहारों के चलते जिले में 31 मार्च 2026 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई हैं। यूपी व सीबीएसई बोर्ड सहित अन्य परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों, सेल्यूलर फोन पेजर, मोबाइल फोन, आईटी गैजेट्स या ऐसे इलेक्ट्रॉनिक संयंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि में परीक्षा प्रारम्भ होने से समाप्त होने की अवधि तक संपूर्ण फोटो स्टेट मशीनें, पीसीओ, साइबर कैफे संचालित नहीं किए जाएंगे। आगामी दिवसों में परीक्षा, विभिन्न धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, मार्च, पदयात्रा आदि कार्यक्रमों से शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। आगामी अवधि में वर्ष-2026 की परिषदीय एवं सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं, महाशिवरात्रि, होलिका दहन, होली, रमजान का अलविदा जुमा, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयंती आदि त्यौहारों को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से जिले की संपूर्ण सीमा और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के लिए 31 मार्च 2026 तक निषेधाज्ञाएं लागू कर दी हैं। उन्होंने परीक्षा को लेकर बताया कि सभी कक्ष निरीक्षक, स्टाफ अथवा परीक्षार्थी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेंगे। परीक्षा के दौरान शस्त्रादि लेकर परीक्षा प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।

## अस्ताल का हाल

### सुबह से बिछी कोहरे की चादर, पूर्वाह्न में निकला सूरज, दिन में कई बार बदल रहा मौसम

# रोजाना बदल रहा मौसम का मिजाज, बीमार पड़ रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर बुधवार को लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

● जिला अस्पताल में दवा लेने को लग रही लंबी कतार

जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। उन लोगों को इम्यूनिटी मजबूत करने वाली चीजें खानी चाहिए। ऐसे लोग ग्रीन टी पी सकते हैं, लेकिन दिन में केवल एक या दो कप ही पिएं। कच्चा लहसुन, दही, ओट्स, विटामिन डी और सी युक्त पदार्थ जैसे नींबू और आंवले का सेवन कर सकते हैं। – डॉ. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**अमृत विचार :** दिन में कई बार मौसम का मिजाज बदल रहा है। धूप, बादल, कोहरा, बारिश, सर्दी तो कभी गर्मी बीमार बना रही है।

फरवरी के प्रथम सप्ताह में ही मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। हल्की गर्मी भी महसूस होने लगी है लेकिन बीच-बीच में सर्द हवा चलने की वजह से ठंड का अहसास अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। बदलते मौसम में लोग सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द और फ्लू जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टर डॉ. डीके वर्मा बताते हैं कि दोपहर को बाहर से आने वाले लोग घर आते ही ठंडा पानी पी लेते हैं जो बदलते मौसम में बीमारी की सबसे बड़ी वजह है। इससे सर्द-गर्म हो जाता है, जिसके चलते कुछ देर बाद बुखार महसूस होने लगता है। इसलिए जब भी बाहर से आएं, गर्मी महसूस हो तो एकदम ठंडा पानी नहीं पिएं। सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियों से बचने के लिए हाथों को साफ रखें। हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह से धोना बेहद जरूरी है। डॉक्टरों की मानें तो कम से कम 20 सेकंड तक हथेली, उंगली, उंगली के टिप्स, हाथों के पीछे का हिस्सा और नाखून के आसपास के हिस्से को अच्छी तरह से साफ करना चाहिए।

# 33 सरकारी स्कूलों का होगा ऑडिट

**रामपुर, अमृत विचार:** पीएम पोषण योजना के तहत तीन विकासखंडों के 33 सरकारी स्कूलों का ऑडिट होगा। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के सोशल आडिट कराया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि निदेशक मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण उप्र लखनऊ के निर्देश पर ऑडिट कराया जाएगा। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग की टीम स्कूलों में पहुंचेगी। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को पूर्ण सहयोग के निर्देश दिए गए हैं। इसमें सैदनगर विकास खंड के 11, स्वार के 11 और 13 मिलक विकासखंड के 11 स्कूलों का ऑडिट होगा। प्रक्रिया 11 से 13 फरवरी तक चलेगी। 11 को सैदनगर के पांच, 12 को सैदनगर व स्वार के कुल 16 और 13 को स्वार के 1 व मिलक के 11 स्कूलों का ऑडिट होगा।

# डीएम ने जरूरतमंदों को आयुष्मान कार्ड सौंपे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड सौंपते डीएम व एसपी।

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान पिछले दिनों तहसील शाहबाद के ग्राम करैती निवासी हरकिशोर, उनकी भाभी राधा देवी ने डीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने में असमर्थ हैं।

बुधवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने हरकिशोर को आयुष्मान कार्ड सौंपे। डीएम ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्या के समाधान के किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहबाद-रामपुर चौराहे का होगा सौंदर्यीकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद रामपुर रोड के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। कार्य के लिए चौराहे से अतिक्रमण हटाया जाना है। बुधवार को एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन और पीडब्ल्यूडी विभाग के एई मनोहर प्रसाद ने रामपुर चौराहे पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण का मुआयना किया। इस दौरान दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए अल्टीमेटम दिया गया। शाहबाद रोड चौड़ीकरण परियोजना के तहत नगर के रामपुर चौराहे का सौंदर्याकरण किया जाएगा। इस कार्य के लिए चौराहे से अतिक्रमण हटाया जाना है। उन्होंने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश कुमार, हल्का लेखपाल मनोज यादव, विद्युत विभाग से पवन पांडे और वीरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आज 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

**सैफनी, अमृत विचार :** शाहबाद और सैफनी के विद्युत उपखंड अधिकारी अलंकित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद से सैफनी तक सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत विद्युत लाइन को सही करने के लिए काम किया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को भविष्य में परेशानी न उठानी पड़े इसके के लिए नए पोल लगाने के साथ नए तार भी डाले जाएंगे। जिसके चलते विद्युत उपकेंद्र सैफनी की विद्युत आपूर्ति गुरुवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

### न्यायालय के आदेश पर ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ

**मसवासी, अमृत विचार :** बिजारखाता निवासी नबीसेन पुत्र मोहम्मद हुसैन ने न्यायालय के आदेश पर स्वार कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वह 5 जनवरी को ट्रक लेकर स्वार के गांव मीरापुर होकर उत्तराखंड के कस्बा केलाखेड़ा जा रहा था। घूघा नदी के पुल से 200 मीटर पहले ही उसकी तबीयत खराब हो गई। वह ट्रक को साइड खड़ा कर मीरपुर के अड्डे पर दवाई लेने चला गया। कुछ समय बाद उसने देखा कि ट्रक मौके पर नहीं था। इधर-उधर लोगों से जानकारी की लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सूचना कोतवाली स्वार पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस ने तहरीर लेने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस अधीक्षक को भी डाक पत्र भेजा गया। अब न्यायालय के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# दो घरों के ताले तोड़कर लाखों का सामान चोरी

## ढकिया में मंगलवार रात चोरों ने की वारदात, घटनाएं बढ़ने से ग्रामीणों में खौफ, पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले

संवाददाता, ढकिया

**अमृत विचार :** कस्बे में मंगलवार देर रात चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर लाखों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस चोरों को तलाश करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है।

कस्बा ढकिया निवासी पुष्पेंद्र पासी परिवार सहित चंडीगढ़ में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। उसकी मां केला देवी घर पर रहती है। मंगलवार रात केला देवी पडोस में स्थित दूसरे मकान में सोने चली गई। चोरों ने रात में घर का ताला तोड़कर कमरे की अलमारी व बक्से में रखे सोने, चांदी के जेवर चोरी कर लिए। चोर सोने का टीका, सोने की बेसर, सोने की कंठी, चांदी की लर, चांदी की बेसर, चांदी का कूल्हा, चांदी का कड़ा, चांदी की तीन जोड़ी पायल, चांदी की हसली, चांदी के खडुआ सहित लाखों का जेवर चोरी कर ले गए। इसके अलावा मोहल्ले में ही


चोरी के बाद अलमारी में बिखरा सामान।

रामस्वरूप पासी के घर का ताला तोड़कर बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गए। बताया जाता है कि राम स्वरूप भी काम करने चंड़ीगढ गया है। सुबह दिन निकलने पर दोनों घरों में चोरी हो जाने का पता लगा तो फोन कर पुष्पेंद्र को घर का ताला तोड़कर चोरी हो जाने की सूचना दी गई।

पुष्पेंद्र ने चंडीगढ से शाहबाद कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस घटना को खोलने के लिए चोरी की तलाश में जुट गई है और उसने सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए है।

### स्वार में तीन घरों से हुई थी 55 लाख की चोरी

31 जनवरी की रात स्वार थाना क्षेत्र के एक ही गांव के तीन घरों से 55 लाख की चोरी हुई थी। स्वार कोतवाली क्षेत्र के गांव नानकार के मझरा वालानगर में नकाबपोश चोर पीओपी कारीगर खालिद के घर के ताले तोड़कर अलमारी से 20 हजार रुपये नकदी, 8 तोले सोने के आभूषण और चांदी की एक जोड़ी पाजेब चोरी कर ले गए थे। गांव के ही नक्शे अली के बंद मकान से 10 हजार रुपये की नकदी, 5 तोले सोने के आभूषण समेट ले गए थे। रात में ही तीसरी चोरी गांव के ही पीओपी कारीगर जाफर अली घर के ताले तोड़ कर अंदर घुस गए। जहां से चोरों ने 20 हजार रुपये की नकदी, 12 तोले सोना और लगभग एक किलो चांदी के आभूषण साफ कर दिए थे। चोर असलहों के साथ गली में टहलते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाबजूद बेखौफ वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। मामले का अभी खुलासा नहीं हुआ है, पुलिस लगातार मामले में छानबीन कर रही है।

### भाजपा नेता समेत पांच किसानों के ट्यूबवेल से सात मोटर चोरी



**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं, जबकि पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। ताजा मामला गांव रजानगर के जंगल क्षेत्र का है, जहां मंगलवार रात बेखौफ चोरों ने एक के बाद एक सात पानी की मोटरों पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रजा नगर निवासी भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य एवं मीरापुर सहकारी समिति के सभापति कुलदीप सिंह पन्नू के मंगलवार की रात चोरों ने कमरे में कूमल लगाकर ट्यूबवेल की मोटर चोरी कर ली। इसके बाद महुआ खेड़ा निवासी किसान आले हसन पुत्र मोहम्मद रजा, शाकिर पुत्र अली रजा और अनीस अहमद पुत्र मो. अहमद, चरन सिंह पुत्र रोहन सिंह के रजानगर जंगल स्थित खेतों में बने कमरों में कूमल और ताले तोड़कर मोटर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे मिले सभी की दो-दो मोटरें गायब थीं। घटना से किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आती है। न तो रात्रि गश्त प्रभावी है और न ही पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा हो पाया है। किसानों ने कोतवाली पुलिस को मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन लोग घायल

संवाददाता बिलासपुर

- दोनों पक्षों के 11 नामजद सहित कुल 14 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से 11 नामजद सहित कुल 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के किच्छा स्थित गांव पटेरी निवासी जगजीत सिंह ने विक्रमजीत सिंह, विरत चौधरी, हरमन, जसन, श्रवण सिंह, सन्नी और दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जगजीत सिंह के अनुसार 2 फरवरी की शाम 7 बजे वह ऐशप्रीत सिंह के साथ गोल्डी कॉलोनी स्थित प्रभजोत सिंह के घर गए थे। लौटते समय डिबडिबा में राइस मिल के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोका और पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज की। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। लोगों को आता देख हमलावर फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

वहीं सुभाषनगर निवासी सज्जन सिंह ने ऐशप्रीत कांग, गुरूदित्त पड्डा, अर्श ढिल्लों, नंदु और कौशल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सज्जन सिंह ने बताया कि 2 फरवरी की शाम उनका पुत्र विक्रमजीत सिंह मित्र गोलू के साथ बाइक से कॉलोनी में किसी निजी काम से जा रहा था। इस दौरान राइस मिल के पास वेन्यू कार और बाइकों पर घात लगाए बैठे आरोपियों ने उनके पुत्र की बाइक को टक्कर मारी और पुरानी रंजिश के तहत गाली-गलौज व अभद्रता की। विरोध करने पर हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला किया। आरोप है कि ऐशप्रीत कांग और गुरदित्त पड्डा ने कार से उतरकर उनके पुत्र पर पिस्टल तान दी, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। घायल अवस्था में उसके मित्र ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से कुल 11 नामजद सहित 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के उपरांत ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रंगों से प्रभावशाली ढंग से उकेरी भारतीय संस्कृति व सामाजिक विषय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को व्हाइट हाल पब्लिक स्कूल का 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। गीत प्रतियोगिता में देशभक्ति, शास्त्रीय एवं भावात्मक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं चित्रकला में रंगों के माध्यम से स्थापना दिवस, भारतीय संस्कृति और सामाजिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से उकेरा।

हिंद एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार नंदा, विद्यालय की निर्देशिका डॉ. बसंत गुप्ता, प्रबंधन समिति की सदस्या प्रियंका नंदा, माइंडफुल


स्थापना दिवस में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि व मौजूद स्टाफ। ● अमृत विचार

- व्हाइट हाल स्कूल का 29वां स्थापना दिवस मनाया

मेंटोर की हेड काउंसलर डॉ. श्रेया गुप्ता ने विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिलता है। विद्यालय की संस्थापिका स्व. शोभा नंदा को स्टाफ के लोगों और अतिथियों ने याद किया। इस दौरान हिंद एजुकेशनल सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डॉ. सौरभ गुप्ता, उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के निदेशक कुणाल नंदा, संयुक्त सचिव अनुभव गुप्ता, संस्थापक सदस्य सैयद एजाज अली ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# चेतना समागम में 'सतनाम-वाहेगुरु' का जाप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर के केशगढ़ गोधी गांव में बुधवार को तीन दिवसीय विशाल चेतना समागम में हजारों की संख्या में संगत जुटी। जिसे सिख धर्म के प्रचारक भाई रणजीत सिंह ढडरियां वालों ने संबोधित किया और धर्म के प्रति जागरुकता फैलाई।

केशगढ़ गोधी गांव में सुसज्जित विशाल पंडाल में धार्मिक जयकारों के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया और अरदास के बाद उनकी हुजूरी में समागम प्रारंभ हुआ। प्रचारक भाई रणजीत सिंह ढडरियां वालों ने संगत को गुरबाणी और सिख सिद्धांतों के प्रति जागरूक किया। इसी के साथ उन्होंने पाखंडवाद को त्याग कर गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं पर चलने और उन्हीं के सम्मुख नतमस्तक होने की अपील की। प्रचारक ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी ही सिखों के शाश्वत और जीवित गुरु हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और व्याख्यान से हुई । उन्होंने


समागम में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- प्रसिद्ध सिख धर्म प्रचारक ने किया जागरुकता का आह्वान, उमड़ी हजारों की संगत

युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में स्थानीय संगत के अलावा दूर-दराज के इलाकों से भी लोग आए हुए थे। कार्यक्रम के बीच में ''सतनाम-वाहेगुरु'' का जाप भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि समागम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। गुरु का अटूट लंगर भी चलता रहा। व्यवस्थाओं के संचालन में कारसेवा वाले संत बाबा वचन सिंह, नानकपुरी टांडा के संत बाबा गुरजंट सिंह, गुरबाज सिंह, बलवीर सिंह, हरप्रीत सिंह, चरन सिंह, रंजीत सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# 60 स्काउट गाइड को मिला सम्मान

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** नगर के एपीजे अब्दुल कलाम हायर सेकेंडरी स्कूल में जिला कैप्टन के नेतृत्व में पिछले तीन दिन से चल रहे भारत स्काउट गाइड शिविर का बुधवार को समापन हो गया जिसमें 60 बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

नगर के एपीजे अब्दुल कलाम कलाम हायर सेकेंडरी स्कूल में पिछले 3 दिन से जिला कैप्टन जीतू सिंह के नेतृत्व में स्काउट गाइड शिविर हुआ। बुधवार को मुख्य अतिथि जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक शिव ओम शर्मा व दिलशाद हुसैन और कस्बा इंचार्ज शुभम भारद्वाज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान बच्चों ने


कार्यक्रम में झांकी को देखते मुख्यातिथि। ● अमृत विचार

- एपीजे अब्दुल कलाम हायर सेकेंडरी स्कूल में शिविर का समापन

झांकियां बनाकर सीमित संसाधनों का उपयोग कर भोजन तैयार किया। कार्यक्रम में स्काउट वर्ग के 30 बच्चों व गाइड वर्ग के 30 बच्चों सहित 60 बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन डॉक्टर तौकीर आलम, प्रिंसिपल तौसीफ आलम, डॉक्टर नाजिम, डॉक्टर अहसान को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# खनन के 1386 वाहनों की जांच, एक वाहन का चालान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सघन निगरानी एवं कठोर प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जिले की सभी तहसीलों में प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 8 बजे से प्रातः 7 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया। प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1386 वाहनों की सघन जांच की गई। वाहनों के वैध प्रपत्रों, निर्धारित


खनन वाहन की जांच करती टीम।

लोड क्षमता तथा खनिज परिवहन से संबंधित अभिलेखों की गहनता से पड़ताल की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 1 वाहन के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# प्रधानमंत्री से बजट पर चर्चा करेंगे युवा

**रामपुर, अमृत विचार:** माय भारत के उप निदेशक माहे आलम ने कहा कि माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 में युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल संवाद कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में होगी।

प्रथम चरण में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। जिसमें प्रतिभागियों को बजट से सम्बंधित 30 प्रश्नों के उत्तर देना होंगे। प्रथम चरण में प्रतिभाग करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी से है। माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवा भाग ले सकते हैं। पोर्टल युवाओं को नेतृत्व विकास, सामाजिक सहभागिता, राष्ट्रीय सेवा का एक सशक्त मंच है। उप निदेशक ने जिले के सभी युवाओं से अपील की है कि प्रतियोगिता में शामिल हों अपने विचारों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का प्रयास करें।

# अपने गुनाहों की माफी मांगने की रात है शबे बरात


शहर की जामा मस्जिद में दुआ कराते उलमा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शबे बरात पर शहर की जामा मस्जिद में हुआ जलसा

**अमृत विचार :** शबे बरात को लोगों ने रात भर मस्जिदों में पहुंचकर इबादत की। शहर की जामा मस्जिद में हुए जलसे को खिताब करते हुए शहर इमाम मौलवी नासिर खां ने कहा कि शब ए बरात की रात अल्लाह अपने बंदों का नामे आमाल तय करता है। यह रात अल्लाह से माफी मांगने और मगफिरत के लिए दुआ करने की है।

शबे बरात की रात शहर की जामा मस्जिद को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। रात में लोग इबादत के लिए जामा मस्जिद पहुंचे। जामा मस्जिद में हुए जलसे को खिताब करते हुए शहर इमाम ने कहा कि शबेबरात को अल्लाह अपने बंदों के लिए रिज्क लिखता है और आमाल नामा देखा जाता है। इस रात इबादत करने से बहुत सवाब मिलता है। नायब इमाम मौलवी मोहम्मद रेहान खां ने कहा कि हमें अल्लाह की इबादत हर हाल में करना चाहिए। अल्लाह अपने बंदों से बहुत प्यार करता है वह मां के प्यार से 70 गुना ज्यादा अपने बंदों को प्यार करता है। यह अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगने की रात है। यह मगफिरत की रात है इसलिए अपने और अपने बुजुर्गों के लिए ज्यादा से ज्यादा दुआ करें। इससे पहले नातख्वाहों ने नाते पाक पेश कीं। इस मौके पर कारी यासीन खां, कारी फरहत सुल्तान, मौलवी हसीब अहमद, मौलवी बिलाल खां, जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेट्री मुकर्रम रजा खां इनायती, सैयद शुऐब मियां, फहीम हसन समेत काफी तादाद में लोग दुआ में शामिल रहे।


दुआ में शामिल लोग। ● अमृत विचार

## अनदेखी

## ट्रक के नीचे दबकर एसडीओ वाहन चालक की हो चुकी है मौत, लोगों ने की मुख्य चौराहों पर सिग्नल लगाने की मांग

# माल गोदाम तिराहा व पहाड़ी गेट पर सिग्नल नहीं, आए दिन हो रहे हादसे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** माल गोदाम तिराहा और पहाड़ी गेट पर सिग्नल नहीं होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। पहाड़ी गेट चौराहे पर पिछले दिनों लकड़ी के बुरादे से लदे ट्रक के नीचे दबकर एसडीओ विद्युत की बोलेरो पिचक गई थी, जिसमें एसडीओ के चालक की मौत हो गई थी।

लोग रामपुर के मुख्य चौराहों पर सिग्नल लाइटें लगवाए जाने की मांग कर रहे हैं जिससे कि सड़क हादसों पर अंकुश लग सके। रामपुर से दिल्ली-लखनऊ हाईवे मालगोदाम से होकर गुजरता है इसमें नैनीताल हाईवे आकर जुड़ जाता है। लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ने वाले वाहन नैनीताल हाईवे की ओर से आने वाले वाहनों को रौंद कर निकल जाते हैं।


पहाड़ी गेट चौराहा जहां ट्रक के नीचे दबकर बोलेरो चालक की हुई थी मौत।

इस तरह पहाड़ी गेट पर नैनीताल हाईवे में केमरी और शहर को जाने वाली रोड जुड़ती है। इस चौराहे पर आए दिन सड़क हादसे होते हैं। पिछले दिनों नैनीताल हाईवे पर लकड़ी के बुरादे की चपेट में आकर शहर के मोहल्ला तीतरवाली पाखड़ निवासी


माल गोदाम तिराहे में सिग्नल नहीं। ● अमृत विचार

बोलेरो चालक फिरासत की मौत हो गई थी। इसके अलावा नैनीताल हाईवे पर तेज रफ्तार दौड़ने वाले वाहनों की चपेट में आकर बाइक सवार और ई रिक्शा चालक मौत के मुंह में चले जाते हैं। इंडियन नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शहर के मुख्य चौराहों पर सिग्नल लगवाए जाने की मांग की थी। लेकिन, मालगोदाम तिराहा, पहाड़ी गेट तिराहा, बिलासपुर गेट तिराहे पर सिग्नल लाइट नहीं लगी हैं जिसके कारण आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं।


शहर में किसी सड़क किसी चौराहे पर सिग्नल नहीं है जिसके कारण सड़क हादसे होते हैं और जाम भी लगता है। यदि सिग्नल लाइट लगवा दी जाएं तो सड़क हादसों में कमी आएगी और लोगों को जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

– दिलशाद अहमद


दिल्ली-लखनऊ हाईवे के अलावा नैनीताल हाईवे पर सिग्नल लाइट होना चाहिए। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए, सिग्नल लाइट होने से सड़क हादसों में काफी हद तक कमी आ सकती है।

–एहतेशाम अली खां


पहाड़ी गेट पर यदि सिग्नल लाइट होती तब संभव था कि बोलेरो चालक फिरासत की जान बच जाती। रामपुर में किसी सड़क या चौराहे पर सिग्नल नहीं लगवाए गए हैं। सिग्नल लगने से सड़क हादसों में कमी आ सकती है।

– नाजिम


स्वार रोड पर मोरी गेट के निकट नई तहसील की ओर और उर्दू कालोनी में लोग आते-जाते हैं। लेकिन स्वार रोड पर तेजी से दौड़ते हुए वाहनों की चपेट में आकर मौत के मुंह में समां जाते हैं। इस स्थान पर सिग्नल की जरूरत है।

– मोहम्मद नासि

न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को ले जाने का आरोप, दी तहरीर

बबराला, अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 26 जनवरी की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान उनके रिश्तेदार का बेटा थाना बनियाठेर अपने भाई के साथ घर आया और उनकी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। आरोप है कि उस समय उन्हें आश्वासन दिया गया कि कोई कानूनी कार्रवाई न करें, किशोरी को वापस भेज दिया जाएगा। तीन दिन बाद दोबारा संपर्क करने पर आरोपियों ने वापस भेजने से मना कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खेत से लौट रहे दंपती पर हमला, शिकायत

बबराला, अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव महमूदपुर में खेत से लौट रहे दंपती पर आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में महिला का सिर फट गया और उसका पति भी घायल हो गया। ग्राम महमूदपुर निवासी रेखा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की शाम करीब 9 बजे वह अपने पति धर्मसिंह के साथ खेत से घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान गांव के ही राजेन्द्र, राकेश, धीमान सिंह, मोहर सिंह और रामराहीश ने किसी बात को लेकर उन पर अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनों को बेरहमी से पीटा, जिससे उसके शरीर पर कई चोटें आईं और सिर में गंभीर खुली चोट लग गई।

### सांसद के पिता ने संभल सीट से ठोकी दावेदारी

संभल, अमृत विचार : सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी में हैं और पूरी मजबूती के साथ पार्टी के साथ खड़े हैं। वह संभल सीट से चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। सपा के टिकट को लेकर सुहेल इकबाल द्वारा किए जा रहे दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए ममलूकुर्रहमान बर्क ने कहा कि दावा तो कोई भी कर सकता है, लेकिन असली फैसला वक्त और जनता करेगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नुमाइंदगी उसी व्यक्ति को मिलनी चाहिए, जो सही मायनों में जनता की आवाज़ उठा सके और उनके मुद्दों को मजबूती से रखे। उन्होंने लोगों से साथ देने की अपील की है।

# कालाबाजारी के शक में गेहूं से भरा ट्रक पकड़ा

## मंत्री के नाम पर दबाव बनाने का किया प्रयास, सरकारी राशन के बोरों में था गेहूं, की जा रही जांच

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद में राशन के गेहूं की कालाबाजारी के शक में बुधवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के निर्देश पर कृषि उत्पादन मंडी समिति संभल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई अंजाम दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर मंडी इंस्पेक्टर ने गेहूं से भरा एक ट्रक पकड़ लिया। शुरुआती जांच में ट्रक चालक के पास कांटा पर्ची के अलावा कोई वैध कागजात नहीं मिले। गेहूं सरकारी राशन के बोरों में है इसलिए राशन की कालाबाजारी के एंगल को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

चंदौसी से एक ट्रक में करीब 500 कट्टे गेहूं लादकर असमोली ले जाया जा रहा था। इसी दौरान अपर जिलाधिकारी को गेहूं की कालाबाजारी की शिकायत मिली। शिकायत के बाद अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलने पर मंडी इंस्पेक्टर मुकेश पाल सिंह ने चेकिंग अभियान चलाया। बताया गया कि ट्रक का जीपीएस लोकेशन बंद कर तेजी से ले जाया जा रहा था। मंडी इंस्पेक्टर ने टीम के साथ चंदौसी रोड स्थित बाईपास के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया। जांच में ट्रक में 298 कुंतल गेहूं लदा मिला, जो करीब 500 कट्टों में भरा हुआ था। इसके बाद ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई। ट्रक चालक जलाल हुसैन ने बताया कि गेहूं अली हसन का है, जिसे असमोली ले जाया जा रहा था। चालक का कहना है कि माल चंदौसी के सरकारी गोदाम से लोड किया गया है और ट्रक पीयूष शर्मा का है, जो चंदौसी के निवासी हैं। चालक ने यह भी दावा किया कि कट्टे 50 किलो के हैं, जिन्हें सरकारी माना जा सकता है। फिलहाल चालक के पास केवल कांटा पर्ची मिली है, अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके हैं। राशन से भरा ट्रक पकड़े जाने के बाद राशन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं अधिकारी जांच में जुट गए हैं।


संभल में मंडी समिति की टीम द्वारा पकड़ा गया गेहूं से लदा ट्रक। ● अमृत विचार


बोरे पर लिखा राशन के गेहूं का ब्यौरा।

● सरकारी राशन की कालाबाजारी का सच जानने को जांच में जुटे अधिकारी

"मंडी समिति ने जो ट्रक पकड़ा है उसमें गेहूं लदा था। पूरे मामले की जांच की जा रही है कि गेहूं राशन का है या नहीं। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है।
– सुधीर कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट

ट्रक में 560 कट्टे गेहूं लदे हुए हैं। मंडी इंस्पेक्टर मुकेश पाल सिंह ने बताया कि चंदौसी से गेहूं लोड कर ट्रक असमोली जा रहा था। जांच में करीब 298 कुंतल गेहूं पाया गया है।

### मंत्री का नाम लेकर बनाया दबाव

ट्रक पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही राशन भेजने वाले व्यक्ति की ओर से चार पांच लोग मौके पर कार से पहुंचे और मंडी इंस्पेक्टर पर ट्रक छोड़ने का दबाव बनाने लगे। जब मंडी इंस्पेक्टर मुकेश पाल सिंह नहीं माने तो आरोपी मंत्री और उनके पीआरओ का वास्ता देने लगे। लेकिन जब बात नहीं बनी तो फोन लगाकर बात करने को कहने लगे। इस पर भी मंडी निरीक्षक ने बात करने से इनकार कर दिया। तब कार सवार चुपचाप वहां से खिसक गए।

# पेट्रोल पंप के भवन में संचालित हो रहा था अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, संभल

● नगर मजिस्ट्रेट ने दोनों अस्पतालों पर की कार्रवाई

अमृत विचार: जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बुधवार को ब्लॉक असमोली क्षेत्र में निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर एक अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर सील कर दिया गया। दूसरे हेल्थ केयर सेंटर के अधिकांश कमरों को सील करने की कार्रवाई की गई।

नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने ग्राम खासपुर, ब्लॉक असमोली में स्थित संजीव हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। अस्पताल में एक महिला मरीज भर्ती पाई गई, जिसका ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराया गया था। पूछताछ पर संचालक ने बताया कि डॉक्टर मुरादाबाद गए हैं और कुछ देर में वापस लौटेंगे। नोडल अधिकारी से पंजीकरण की स्थिति की जानकारी ली गई तो बताया गया कि अस्पताल संचालन का पंजीकरण तो है, लेकिन ऑपरेशन थिएटर चलाने की कोई अनुमति नहीं दी गई है। इस पर नगर मजिस्ट्रेट ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को सील करा दिया। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट ने ग्राम बेला में स्थित वारसी हेल्थ केयर सेंटर का निरीक्षण किया। यह केंद्र पुराने बंद पेट्रोल पंप के ऑफिस में संचालित पाया गया। कार्रवाई देख लोग जल्दबाजी में गेट बाहर से बंद कर फरार हो गए। हालांकि परिसर के पीछे एक बड़े हॉल में कई बेड लगे मिले और एक केबिन में बच्चों का एनआईसीयू भी पाया गया। डॉक्टर अंसार वारसी से उनकी शैक्षणिक योग्यता और अस्पताल से संबंधित अभिलेख मांगे गए, लेकिन वे कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर परिसर के उस कमरे को छोड़कर, जिसमें उनका निजी सामान रखा था, बाकी उन कमरों को सील कर दिया गया।

# भाकियू के धरने के 31 वें दिन निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (असली) अराजनीतिक का धरना प्रदर्शन धनारी में 31वें दिन भी जारी रहा। किसानों की एक मांग पूरी होने के साथ ही राजकीय पशु चिकित्सालय की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। अब किसानों ने रेल स्टॉपेज की मांग भी उठा दी है।

बुधवार को भी धनारी कस्बा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में धरना जारी रहा। बीते दिनों गुन्नौर एसडीएम अवधेश कुमार सिंह और तहसीलदार रविंद्र विक्रम सिंह धरनास्थल पर पहुंचे थे। वार्ता में अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद धरने के 31 वें दिन पशु चिकित्सालय की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू हो गया। किसानों का आरोप था कि भू-माफिया पशु चिकित्सालय की भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित करने के लिए बाउंड्री वॉल आवश्यक थी। बुधवार को यूनियन के राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ऋषिपाल सिंह यादव के नेतृत्व में धनारी रेलवे स्टेशन पर बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन का स्टॉपेज बनाए जाने की मांग को लेकर रेलवे प्रबंधक मुरादाबाद के नाम ज्ञापन रेलवे अधीक्षक को सौंपा गया। बहादुर सिंह यादव, जाकिर हुसैन, गजम सिंह यादव, रंजीत सिंह, मेघ सिंह, ओमप्रकाश, अमर सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह आदि लोग रहे।


धनारी में रेलवे स्टेशन मास्टर को रेलवे प्रबंधक के नाम ज्ञापन देते किसान।

# फिल्म 'कल्कि संभल' के पोस्टर पर बढ़ा विवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल

● सांसद जियाउर्रहमान के पिता ने दी कानूनी कार्रवाई की धमकी

अमृत विचार : संभल में 1978 के साम्प्रदायिक दंगे और 2024 की हिंसा पर आधारित फिल्म 'कल्कि संभल' का पोस्टर जारी होते ही विवाद खड़ा हो गया है। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क ने फिल्म और पोस्टर को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने फिल्म निर्माताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।


ममलूकुर्रहमान बर्क।



फिल्म कल्कि संभल का पोस्टर।

ममलूकुर्रहमान बर्क ने कहा कि इस तरह की फिल्म बनाकर सामाजिक सौहार्द और जिले के माहौल को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब संबंधित घटनाओं को लेकर मामला अदालत में विचाराधीन है, तो फिर किसी को कसूरवार ठहराकर फिल्म बनाने का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि विवाद का फैसला अदालत करेगी, न कि फिल्मों के माध्यम से तय होगा।

ममलूकुर्रहमान बर्क ने चेतावनी दी कि फिल्म निर्माताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह सब जानबूझकर हालात बिगाड़ने और हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच तनाव पैदा करने के लिए किया जा रहा है। जब मामला कोर्ट में है, तब इस तरह की फिल्म बनाना माहौल खराब करने की मंशा को दर्शाता है। 1978 के दंगे को लेकर कहा कि जब दंगा हुआ तक उनके पिता डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क संभल में मौजूद नहीं थे। 24 नवंबर 2024 की घटना का लेकर सांसद जियाउर्रहमान बर्क को आरोपी बनाये जाने को लेकर कहा कि जिस दिन हिंसा हुई उस दिन जियाउर्रहमान संभल में नहीं थे, बल्कि वह केरल में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में शामिल थे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। जो लोग इस तरह की इजाजत दे रहे हैं, वे अमन के दुश्मन हैं और उन्हें समाज में शांति नहीं चाहिए।

# बिजली विभाग ने काट दिया कुष्ठ रोगी परिवारों का कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

● अंधेरे में रहने को मजबूर आठ परिवार

अमृत विचार : संभल में बिजली विभाग ने घर-घर मांगकर जिंदगी बसर करने वाले आठ कुष्ठ रोगी परिवारों के घरों की बिजली काट दी। जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन परिवारों के लिए बिजली कटना किसी नई मुसीबत से कम नहीं।

संभल में मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बिजली विभाग की टीम ने कुष्ठ आश्रम की बिजली लाइन को काट दिया। इसके बाद आश्रम में रह रहे कुष्ठ रोगियों के सामने पानी और रोशनी की बड़ी समस्या खड़ी हो गई। आश्रम में रहने वाले लोग जब बिजली जुड़वाने के लिए बिजलीघर पहुंचे तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि पहले मीटर लगवाइए, तभी बिजली दी जाएगी। अधिकारियों का यह जवाब सुनकर वे मायूस होकर वापस आश्रम लौट आए। शाम तक शहर के कुछ लोगों ने अधिकारियों से संपर्क कर बिजली बहाल कराने की कोशिश की, लेकिन रात नौ बजे तक भी आश्रम में अंधेरा पसरा रहा। कुष्ठ रोगी परिवारों का कहना है कि वह लोग मांगकर अपना जीवन चला रहे हैं। बिजली जाने से पानी तक नहीं मिल पा रहा है। बच्चों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। बताया गया कि इन परिवारों के लिए हिंद स्पोर्ट्स स्टेडियम की ओर से पक्के मकानों का निर्माण कराया गया था। लाइट न आने से कुष्ठ रोगियों के परिवारों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# विद्यार्थियों को कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार की दी जानकारी

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● विशेषज्ञों ने बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान का ध्यान रखने पर दिया जोर

● सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम

अमृत विचार: रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में दो दिवसीय कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर रोहिलखंड कैंसर संस्थान के डॉ. प्रारब्ध सिंह ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव और जागरूकता फैलाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया।


कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते डॉ. प्रारब्ध सिंह।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह 10 बजे से सोब्तीज पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। यहां डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों को कैंसर क्या है, उसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जागरूक किया। बच्चों ने कैंसर को लेकर कई सवाल भी पूछे। स्कूल के प्रिंसिपल गुरदीप सिंह ने बताया कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और अमृत विचार के सहयोग से बच्चों को कैंसर के प्रति बहुत अच्छी जानकारी दी गयी। डॉ. प्रारब्ध सिंह ने कैंसर के बचाव, वैक्सीन, ट्रीटमेंट सहित कई बिंदुओं पर बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर में केशलता इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. प्रारब्ध सिंह ने बच्चों को कैंसर के लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से बचने के लिए जीवनशैली में क्या-क्या बदलाव करना चाहिए। विभिन्न लक्षणों की जानकारी बताने के साथ उन जांचों के बारे में भी जानकारी दी, जिनके कराने के बाद कैंसर सेल के बारे में सही जानकारी मिलती है। मोटापा कम करने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज करने की जानकारी दी। तीसरे सत्र में नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में आयोजित किए गए कार्यक्रम में डॉ. प्रारब्ध सिंह ने कैंसर क्या है, इसके बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने कैंसर के संबंध में कई सवाल पूछे। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही।


रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट एवं अमृत विचार की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर केशलता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### आज यहां होंगे कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से गुरुवार को पहले सत्र में सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, दूसरे सत्र में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक जय नारायण सरस्वती स्कूल, तीसरे सत्र में दोपहर 1:30– 2:30 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन

हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए दिया एकता पर जोर

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी वर्गों को एक होना होगा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म, एकता और संगठन पर जोर दिया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर संत भैया दास महाराज ने कहा कि सनातन धर्म अत्यंत विस्तृत और गहन है, जिसे सही रूप में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भगवान बुद्ध की विचारधारा को सही अर्थों में पढ़ेगा और समझेगा, वह निश्चित रूप से सच्चा सनातनी बनेगा। कुछ लोग बुद्ध की विचारधारा को गलत तरीके से प्रस्तुत कर स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं, जो उचित नहीं है।

हिंदू समागम समिति संभल के तत्वावधान में आरके पैलेस में आयोजित सम्मेलन में संत भैया दास महाराज ने कहा कि भारत देवभूमि है और यहां जाति-पांति से ऊपर उठकर एकता के साथ रहने की आवश्यकता है। सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है, जो चींटी से लेकर हाथी तक के कल्याण की कामना करता है। उन्होंने प्रत्येक सनातनी से अपने माता-पिता की सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन धर्म पुनर्जन्म में विश्वास रखता है, इसलिए माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने गो सेवा को भी आस्था को आस्था का केंद्र बताया। इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने पूरे विश्व को अपना कुटुंब माना। उन्होंने कहा कि सनातन का अर्थ है जिसका कभी अंत न हो। यदि भारत माता से प्रेम है तो जाति और कर्म के भेदभाव को त्यागना होगा। उन्होंने धर्म छोड़ने के दुष्परिणामों की ओर भी ध्यान दिलाया और संगठित रहने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सामाजिक सौहार्द पर बात रखते हुए कहा कि संभल में जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां आपसी प्रेम और सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होनी चाहिए। कहा कि यदि हिंदुओं के मोहल्ले में एक मुस्लिम परिवार रहता है तो हिंदू उसे बहुत प्यार से रखते हैं।


अतिथियों को भगवान श्री कल्कि का चित्र भेंट करते आयोजक। ● अमृत विचार


संभल में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते महामंडलेश्वर संत भैया दास महाराज।

### कायम रखी हिंदुत्व की पहचान:अरुण

हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अरुण ने कहा कि संभल के हिंदू जुझारू और संघर्षशील हैं। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी संभल के हिंदुओं ने हिंदुत्व की मजबूत पहचान बनाए रखी है और देशभर के हिंदुओं को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सम्मेलन के अंत में आयोजकों ने समाज को संगठित रखने, जातिगत भेदभाव से ऊपर उठने और सनातन मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज रस्तोगी ने जबकि संचालन संजय गुप्ता पोली ने किया। सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, कमल कौशल वार्ष्णेय, गौरव प्रताप, मुकुल रस्तोगी, गोपाल शर्मा, मनोज गुप्ता, राजुल गुप्ता, कशिश कौशल एडवोकेट, गगन वार्ष्णेय, निधि शर्मा, विनय गुप्ता, कुलदीप ऐरन, प्रियांशु जैन, विष्णु शरण रस्तोगी, अशोक गर्ग, संध्या गर्ग, शिल्पी गुप्ता, सरिता गुप्ता, मीनू रस्तोगी, राजेश्वरी त्यागी, बबीता भारद्वाज, योगेंद्र त्यागी, राहुल शर्मा, मनीष रस्तोगी, नगर प्रचारक गगन, कुलदीप गुप्ता, शोभित गुप्ता, पंडित शोभित शास्त्री, शशांक शर्मा, संतोष गुप्ता, अतुल गुप्ता, रौनक, शिवा शंकर, अनुज शर्मा, अक्षय शर्मा, जिला अध्यक्ष आशु गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मरम्मत कार्य के चलते रेलवे फाटक बंद, यातायात प्रभावित

चंदौसी, अमृत विचार : नगर के मालगोदाम रोड पर स्थित 35बी रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य किए जाने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है। बुधवार को फाटक पूरे दिन बंद रहा, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों को मजबूरी में वैकल्पिक रास्तों से गुजरना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार फाटक पर आवश्यक सुधार और रखरखाव का कार्य चल रहा है, जिसके चलते गुरुवार को भी सायंकाल तक फाटक बंद रहने की संभावना जताई गई है।

फाटक बंद होने से आसपास की कॉलोनियों, बाजार और मालगोदाम रोड पर आवाजाही करने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है। लोगों ने जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। फाटक बंद होने से काफी लोगों के सामने दिक्कतें खड़ी हो जाएगी। उन्हें घूमकर जाना होगा। स्कूली बच्चों को अधिक समस्या होगी।

# दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया मजरा सिरौराकाजी निवासी विजय सिंह ने बताया कि उसने अपनी दुकान की उधारी के रुपये गांव के ही मुकेश से अपनी दुकान की उधारी का तकादा किया था। इस पर मुकेश ने रुपये देने से इनकार करते हुए उसे धमकी दी और मौके से चला गया। कि कुछ देर बाद मुकेश के पक्ष के देगपाल, विजयपाल, श्यौराज व प्रेमपाल एक राय होकर लाठी-डंडों से लैस होकर पीड़ित के घर में स्थित दुकान पर पहुंच गए और बिना किसी कारण मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ की और दूध की डेयरी में रखे दो कैन दूध नाली में पलट दिए। पीड़ित के शोर मचाने पर उसका भतीजा सूरजपाल सिंह मौके पर पहुंचा, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना में विजय सिंह व सूरजपाल सिंह के सिर, सीने और कान में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हार्ट अटैक से मजदूर की मौत

डिडौली, अमृत विचार: डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर निवासी 35 वर्षीय फिरोज आलम पुत्र बुनदु पेशे से मजदूर थे। वह किसी फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। मंगलवार की रात फैक्ट्री में मजदूरी करने गए थे। सुबह जब घर लोटे तो अचानक सीने में तेज दर्द होने पर गांव में ही चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने इंजेक्शन लगा दिया और दवाई दे दी। परन्तु कोई आराम न होने पर परिजन मुरादाबाद के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान फिर उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने हार्ट अटैक से मौत होना बताया। मजदूर की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हथियारों से लैस दबंगों ने दिन दहाड़े ढहा दिया विधवा का मकान

## रहरा थाना क्षेत्र के गांव पैरारा की घटना, आरोपियों के सामने गिड़गिड़ाती रही पीड़िता, राहगीर और ग्रामीण बने मूक दर्शक

**संवाददाता रहरा/अमरोहा**

**अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव पैरारा में दबंगों ने महिला के घर को ढाह दिया। आरोपियों द्वारा मकान गिराने की प्रक्रिया लोग मूक दर्शक बने देखते रहे। किसी की हिम्मत नहीं हुई कि महिला के आवास को बचा सके। वहीं दबंगों ने उसका सामान भी तहस नहस कर दिया। इस बीच पीड़िता आरोपियों के पैरों पर गिरकर गिड़गिड़ाती रही, लेकिन उसकी फरियाद किसी ने नहीं सुनी। वजह रही कि महिला के पास उस मकान का कोई दस्तावेज नहीं था। उसके पति को जिस व्यक्ति ने जमीन बेची थी, उसने ही दोबारा किसी और के नाम पर जमीन बेच दी।

परौरा मुस्तकम निवासिनी पुष्पा देवी का मकान जिस जमीन पर बना है। वह जगह उसके पति वीरेश ने गांव के ही सुनील त्यागी से 16 वर्ष पूर्व खरीदी थी। वीरेश ने जमीन का बैनामा न कराकर स्टाम्प पेपर पर लिखवा ली थी।


0000000000000000 ● अमृत विचार

क्योंकि सुनील त्यागी ने उससे कहा था कि भरोसा कर लो। बैनामा कराकर क्यों रकम अधिक खर्च करोगे। इसी दौरान वीरेश की मौत हो गई। इसके बाद सुनील ने खेल करना शुरू किया। सुनील ने किसी तरह वह स्टाम्प पेपर चोरी करा लिया, जिसमें उसने जमीन वीरेश को लिखी थी। स्टाम्प पेपर हाथ में आने के बाद सुनील त्यागी लालच में आ गया और उसने पुष्पा के घर का बैनामा गांव की धर्मावती पत्नी रामवीर को कर दिया। उसका कुछ समय पहले दाखिल खारिज हो गया। धर्मावती का परिवार दबंग किस्म का है। दाखिल खारिज होने के बाद धर्मावती का पति रामवीर दर्जनों लोगों को लेकर पुष्पा के घर पहुंच गया और उसे गिरा दिया। जबकि पुष्पा उनके सामने गिड़गिड़ाती रही। छोटे बच्चों 10 वर्षीय बेटे और 8 वर्षीया बेटी नैना की दुहाई देती रहीं, लेकिन आरोपियों का दिल नहीं पसीजा।

**रामराज में दबंगों के सामने रोते रहे मासूम:** पुष्पा और उसका 0 वर्षीय बेटा और 8 वर्षीया बेटी नैना रामवीर और उसके गुर्गों के सामने गिड़गिड़ाती रही। बेटा पैरों पर गिरता रहा, लेकिन धर्मावती और उसका पति रामवीर पर आंसुओं का कोई असर नहीं हुआ। बल्कि आरोपी हंसते रहे। वहीं पुलिस प्रशासन भी मौके पर नहीं पहुंचा। पुष्पा और उसके दोनों बच्चे गिड़गिड़ाते रहे। लेकिन उनकी आवाज कोई सुनने वाला नहीं था। बच्चों के आंसू और चीखें लगातार मौके पर खड़ी तमाशबीन भीड़ से पूछ रहीं थीं कि क्या ये रामराज है।

> 16 साल पहले विधवा पुष्पा के पति वीरेश ने स्टांप पर जमीन लिखवाकर अपने मकान का निर्माण कराया था। कुछ दबंग उसे पर कब्जा करना चाह रहे थे। एसडीएम साहब की मौजूदगी में पुष्पा का सामान उसके घर में रखवा दिया है। गांव निवासी चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज भी कर लिया गया है।कई नाम खुलने अभी बाकी हैं। पुष्पा के मकान बनवाने में हुआ खर्च भी आरोपियों से ही दिलाया जाएगा।
>
> -अतवीर सिंह चौहान, थाना अध्यक्ष रहरा

### खिलखिलाता रहा पुलिसिया सिस्टम

रामवीर और ने मकान ढहाने से पहले ही रहरा पुलिस से कंधा मिला था। ये ही वजह रही कि जब पुष्पा थाने में पहुंची और खाकी के सामने गिड़गिड़ाते हुए मकान गिराने की शिकायत करने लगी। तब थाने में मौजूद पुलिस कर्मी उसकी सहायता करने के वजाय उसकी बेवसी पर ठहाका लगाते रहे। कुछ देर बाद ऐ दरोगा ने कहा कि चलो मैं आता हूं, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे पुलिस की कार्य शैली पर भी सवालिया निशान उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि रहरा पुलिस कानून की चाबी से नहीं दबंगों की मिली भगत से चलती है।

### डीएम ने लिया संज्ञान, तब जागा खाकी तंत्र

जब थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने पीड़िता की आवाज नहीं सुनी तब वह जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स के सामने अपनी समस्या को लेकर पहुंची। पीड़िता ने रोते हुए अपनी फरियाद डीएम को सुनाई। इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत पुलिस की कार्यशैली पर जबाव तलब कर लिया। उन्होंने थानेदार को फटकार लगाई। इसके बाद तत्काल एसडीएम हसनपुर को मामले तत्काल जांच करने के संबंध में आदेश जारी किया। उप जिलाधिकारी हसनपुर तथा रहरा पुलिस लाव-लश्कर के साथ पौरारा पहुंचे और सड़क पर बिखरे पड़े सामान को उसके मकान पर भिजवा कर हर संभव मदद का शासन दिया।

### पन्नी डालकर दो बच्चों संग रात गुजारने को मजबूर पुष्पा

दबंगों द्वारा खुद के आशियाना उजड़ जाने के बाद अब विधवा पुष्पा के मकान बनाने का दोबारा से कार्य चल रहा है। कड़ी ठंड के बीच अपने दो बच्चों के साथ बेबस विधवा इस समय एक पिन्नी के सहारे ठंड में रात गुजारने को मजबूर है। वहीं पुलिस और तहसील प्रशासन ने अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। वहीं दबंग भी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं। आरोपी लगातार पीड़िता और उसके बच्चों को धमकी दे रहे हैं।

**ननद ने दिया धोखा:** पुष्पा ने बताया कि जिस मकान में वह रहती थी। उसकी मकान से उसने व उसके पति वीरेश ने ननद रामवती का विवाह धूमधाम से किया था। रामवती को उसने कभी महसूस नहीं होने दिया कि वह उसकी भाभी है। लेकिन रामवती ही सुनील त्यागी से मिल गई और स्टाम्प पेपर चोरी करके सुनील त्यागी को दे दिया। इसके बाद सुनील त्यागी ने लालच में आकर उसका घर धर्मावती को बेच दिया। पुष्पा ने बताया कि वह नहीं जानती थी कि उसकी ननद ही उसके बच्चों का घर बर्बाद कर देगी। फिलहाल यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू कलह से तंग युवक ने दी जान

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र की मनोटा चौकी के अंतर्गत एक गांव में घरेलू विवाद ने एक हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर दिया। बुधवार दोपहर पति-पत्नी के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद पति ने घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे बिलखते हुए चार मासूम बच्चों और पत्नी को छोड़ गया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामला फिलहाल उनके संज्ञान में नहीं आया है। यदि परिजनों या किसी पक्ष द्वारा तहरीर दी जाती है, तो शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### शबे बारात के मद्देनज़र पुलिस ने की पैदल गश्त

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** पुलिस ने शबे बारात के मध्य नजर पैदल गश्त की। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनान को लेकर पुलिस टीम ने विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले इलाकों, मुख्य बाजार, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बरती और लगातार निगरानी की। गश्त के दौरान पुलिस ने घरों के बाहर बिना लॉक खड़ी मोटरसाइकिलों की जांच की। संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई।अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों व अन्य लोगों को भी समझाया गया।

### मशीन में फंसने से महिला का हाथ कटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** महिला की हाजीपुरा निवासी विजय की पत्नी चंद्रकला पशुओं के लिए चारा मशीन में चारा काट रही थी। तभी अचानक उनका हाथ मशीन में आ गया उन्हें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। मंगलवार सुबह उस समय हुई जब चंद्रकला अपने घर पर पशुओं के लिए चारा काट रही थीं। चारा काटने के दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और उनका बायां हाथ मशीन के ब्लेडों के बीच आ गया। जब तक मशीन को रोका जाता, तब तक उनका हाथ बुरी तरह कटकर अलग हो चुका था।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। मोहल्ला मायापुरी के रमेश सोमवार को बाइक से मंडी धनौरा काम गया था। रात में लौटते समय गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर गांव अहरौला तेजवन के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। रमेश व दूसरी बाइक पर सवार मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी राजीव घायल हो गए।

# 12वें इमाम हजरत मेहदी की यौमे विलादत पर नूरानी जश्न


कार्यक्रम में तकरीर करते हुए। ● अमृत विचार

**संवाददाता, सैदनगली**

**अमृत विचार :** नगर के इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली मे बारहवे इमाम हज़रत मुहम्मद मेहदी आखरुज़्ज़मान की यौमे विलादत पर नूरानी जशन हुआ। देर रात जशन का आगाज़ गुलाम सैयदेन रिज़वी ने हदीसे किसा की तिलावत से किया। फ़िरोज़ हैदर रिजवी ने नाते रसूल पढ़ी। नाते नबी के बाद अम्मार हैदर रिजवी, मुहम्मद अब्बास, रियाजुल हसन, मिसाल अब्बास, शबीह हैदर, एजाज़ मुर्तज़ा, दावर अब्बास, शारिफ, रेहान अब्बास, याक़ूत हैदर, सुहैल अब्बास, निहाल हैदर, सफदर अली, मुहम्मद हैदर, शुजा आदि ने इमाम मेहदी की शान मे कलाम पढ़े। मौलाना हाजी कम्बर अली ने कहा कि आखरी इमाम मेहदी की विलादत 15 शाबान को हुई थी। इमाम अल्लाह के हुक्म से आज भी जिंदा है और पूरी कायनात को देख रहे हैं। जब दुनिया पूरी तरह जुल्म अन्याय बुराइयों से भर जाएगी तो ख़ुदा इमाम मेहदी को दुनिया मे ज़ाहिर कर देगा।

# नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट लोगों के लिए बन रहे काल


हाईवे पर बने अवैध कट।


अवैध कट से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार:** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट लोगों की मौत का कारण साबित हो रहे हैं। रफ्तार भरते वाहनों के सामने अवैध कट मुसीबत बनने लगे हैं। यह अवैध कट लोगों की जिंदगियां लील रहे हैं।

हाईवे पर बृजघाट से लेकर रजबपुर तक जगह-जगह अवैध कट हैं। शार्टकट के चक्कर में यह अवैध कट मौत का शार्टकट बन रहे हैं। आए दिन लोगों के खून से हाईवे लाल हो रहा है। यह स्थिति तब है जब हर बार जिला प्रशासन अवैध कटों को बंद करने का दावा करता है।

ब्रजघाट से रजबपुर तक 20 किलोमीटर लंबे हाईवे की दोनों लेन पर 20 से 25 अवैध कट तो ऐसे है जिन्हें मौत का कट कहना गलत नहीं होगा। इन कट से दोपहिया वाहनों के साथ भारी वाहन भी गुजरते हैं। इस दूरी के बने फ्लाईओवर को छोड़ दें तो

● **हादसों में कई लोगों की जा चुकी है जान, कई हो चुके है घायल**

डिवाइडर भी खतरे से खाली नहीं हैं। मंगलवार को अमृत विचार की टीम ने हाईवे की पड़ताल की तो हाईवे पर गजरौला स्थित भानपुर, बीकानेर होटल, हवेली, मोगा, आदि के पास सबसे अधिक अवैध कट मिले। अब इसे प्रशासन की उदासीनता कहेंगे या फिर लोगों में जागरूकता का अभाव। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटों से बेपरवाह होकर लोग सड़क पार करते हैं। गजरौला से लेकर बृजघाट तक कई नामचीन रेस्टोरेंट, ढाबे और होटल हैं। ज्यादातर के सामने अवैध कट बना लिए गए हैं। इनसे होकर जब गाड़ियां मुड़ती हैं तो हादसे की आशंका बनी रहती है। विभागीय अधिकारी रेस्टोरेंट और होटल मालिकों के प्रभाव में कार्रवाई नहीं करते हैं। इन अवैध कटों को बंद करने की बजाय एनएचएआई, पुलिस, परिवहन व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आंख बंदकर बैठे रहते हैं। इन अवैध कटों पर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ती है। नेशनल हाईवे घना कोहरा छा जाता है। ऐसे में हाईवे के अवैध कट हादसे का बड़ा कारण बनते हैं।

### सुविधा के लिए बना लिए कट

हाईवे पर लोगों ने अपनी सुविधा के लिए अवैध कट बना लिए हैं। रोजाना एक दो हादसे होते हैं। प्रशासन को इन कट को बंद करने के साथ ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई करें। इतना ही नहीं सड़क की मरम्मत के नाम पर केवल गड्ढे में पत्थर और बजरी डाल दी जाती है। हाईवे पर कई जगह दोनों तरफ गांव की आबादी घनी है। कोई स्पीड ब्रेकर भी नहीं है और न गांव में मोड़ के लिए कोई संकेतक बोर्ड हैं।

### हाईवे पर कई जगह बने हैं अवैध कट

दिल्ली लखनऊ हाईवे पर कई अवैध कट बने हैं जिनसे वाहनों को चालक अपने हिसाब और सुविधा से मोड़ देते हैं। इनके कारण ही हादसे होते हैं। हाईवे चौड़ीकरण कंपनी के जीएम ललित मोहन तिवारी का कहना है कि हाईवे पर अवैध कट कहीं नहीं हैं, कुछ लोगों ने ढाल बना लिए हैं।

# धर्म छिपाकर फंसाया, दुष्कर्म किया

**संवाददाता गजरौला**

● **ब्लैकमेल करके सोने-चांदी के जेवर हड़पे, पीड़िता ने की शिकायत**

**अमृत विचार :** धर्म छिपाकर आरोपी ने युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। आरोपी ने पीड़िता से ब्लैकमेल करके सोने चांदी के जेवर हड़प लिए। इस बीच एक बार आरोपी की पत्नी के फोन उठाने पर पूरा राज खुल गया। पीड़िता युवती ने घटना की तहरीर पुलिस को देते हुए आरोपी व उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, पीड़िता व आरोपी के अलग-संप्रदाय से जुड़ा होने की जानकारी पर स्थानीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं में रोष पनप गया। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी।

जानकारी के अनुसार शहर के एक मोहल्ला निवासी युवती के फोन पर स्नेप चैट के जरिए एक साल पूर्व किसी युवक का मैसेज आया था। जबाव नहीं देने पर युवक ने कई बार मैसेज किया व फिर एक बार मिलने की बात कही। युवती ने उसके बारे में जानकारी की। आरोप है कि युवक ने अपना धर्म छिपा लिया। युवती को शादी करने का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद 22 मार्च को युवती युवक से मिलने चली गई। युवक ने युवती को अपनी कार में बैठाया व पक्का पुल की ओर ले गया। वहां आरोपी ने युवती के साथ शादी करने का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि युवक ने जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए व जल्द शादी करने की बात कही। इस बीच युवती जब गर्भवती हुई, तो उसने युवक को इस बावत जानकारी दी। इस पर युवक ने उसे जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। वहीं आरोपी के एक दोस्त ने भी युवती से बात करनी शुरू कर दी। आरोपी ने कई बार में युवती से हजारों रुपये हड़प लिए। इसके बाद आरोपी के दोस्त ने भी रुपये की मांग की तो युवती ने मना कर दिया। आरोपी का दोस्त युवती को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। इस बीच युवती ने अपने सोने के जेवर भी उसे दे दिए। इसके बाद भी आरोपी युवक की रुपये को लेकर मांग बढ़ती गई। युवती को आरोपी युवक के दूसरे धर्म का होने की जानकारी हुई तो उसने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी मोहल्ला विजय नगर निवासी साहिल व जुनैद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर 15.67 लाख की ठगी

**संवाददाता, हसनपुर**

● **फर्जी मुहरों से रची गई साजिश**


**अमृत विचार :** बेरोजगारी का फायदा उठाकर ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह ने भारतीय सेना की गरिमा को ढाल बनाकर एक परिवार को करीब 16 लाख रुपये की चपत लगा दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव सतेड़ा निवासी मानवती देवी की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद पुलिस ने जालसाजों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ठगों ने पीड़िता के दो बेटों को सेना में श्मालीश के पद पर स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती कराने का लालच दिखाया। शातिर इतने पेशेवर थे कि उन्होंने न केवल फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर थमाए, बल्कि भारतीय सेना के कूटरचित लेटरहेड, नकली लिफाफे और फर्जी मुहरों का इस्तेमाल कर परिवार को पूरी तरह गुमराह रखा। फर्जी ट्रेनिंग के नाम पर बच्चों को दिल्ली और लखनऊ के कमरों में हफ्तों तक कैद रखा गया।

अगस्त 2025 में जब बेटों ने गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि उनके हाथ में मौजूद दस्तावेज महज रद्दी के टुकड़े हैं। दबाव बढ़ने पर आरोपियों ने पैसा लौटाने का लिखित वादा तो किया, लेकिन बाद में फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने सुनील, अनूप, लखीराम और नन्हू सिंह के खिलाफ बीएन एस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है।

# चार अस्पताल सील

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। सीएचसी प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने हैबतपुर रोड और ढक्का मोड़ पर छापेमारी कर चार चिकित्सा केंद्रों को सील कर दिया। जिसमें जनता डिजिटल एक्सरे , अलशिफा , अल शिफा क्लीनिक और डॉक्टर मोबीन का क्लीनिक शामिल हैं। डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि ये सभी केंद्र बिना वैध पंजीकरण के धड़ल्ले से चलाए जा रहे थे। झोलाछापों में हड़कंप मच गया है।


क्लीनिक सील करते चिकित्सक।

# पिता एवं पुत्रों के बीच हुई मारपीट, दो लोग घायल

**संवाददाता, हसनपुर**

● **दोनों पक्षों ने थाना पर दिया शिकायती पत्र**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला निवासी प्रिया पत्नी नेक सिंह ने अपने देवर और ससुर पर जानलेवा हमला करने तथा शादी के जेवर हड़पने का आरोप लगाया है। प्रिया ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी सास ने विवाह के सभी जेवरात सुरक्षा के लिए उसके देवर भाग सिंह के पास रखवा दिए थे।

सास की मृत्यु के बाद जब भी उसने अपने जेवर मांगे, तो उसे गालियां दी गईं और धमकियां मिलीं। बुधवार की सुबह जब प्रिया दोबारा जेवर मांगने गई, तो देवर और ससुर ने उसे भद्दी गालियां दीं। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने प्रिया के सिर पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। इसके बाद प्रिया अपने पति के साथ कोतवाली पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल जांच के लिए सीएचसी भेजा है। वहीं, दूसरे पक्ष से ससुर खेम सिंह ने भी पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को एक-एक बीघा जमीन दी थी, लेकिन उनका बेटा नेक सिंह पूरी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहता है। खेम सिंह के मुताबिक, बुधवार को जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो नेक सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए दूसरे बेटे भाग सिंह को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। खेम सिंह ने आरोपी बेटे के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

● **जलभराव की समस्या से परेशान लोगों में दिखी नाराजगी**

**संवाददाता, हसनपुर**


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत अल्लीपुर खादर मजरा मिलक में नाली बंद किए जाने से उत्पन्न जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। बुधवार को दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर उप जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और नायब तहसीलदार मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही तीन भाइयों ने मुख्य रास्ते की नाली में ट्रैक्टर से मिट्टी डालकर पानी का निकास पूरी तरह बंद कर दिया है। इस कारण सोहरका मार्ग और मोहल्ले के घरों के सामने गंदा पानी जमा हो रहा है।जलभराव से स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है, साथ ही संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।ग्राम प्रधान विमलेश ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए मुख्य रास्ते पर लोहे का जाल लगवाया गया था, लेकिन दबंगों ने उसे उखाड़ दिया। दोबारा जाल लगवाने पर आरोपियों ने फिर से मिट्टी डालकर नाली को अवरुद्ध कर दिया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के साथ नायब तहसीलदार मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नाली का निकास नहीं खोला गया तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नायब तहसीलदार ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व प्रधान रमेश, मुकेश, संजय, गौरव, इकबाल, राजकुमार, कमल सिंह, प्रेमदेव, बनवारी, राजो, जबर सिंह, सरोज, अशोक, कुसुम, मीरा, मंजरी, सुंदरी देवी और संतोष कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# गन्ने के खेत से मिला गुलदार का शव

**बिजनौर, अमृत विचार :** अफजलगढ़ ब्लॉक के गांव रामनगर में गुलदार का शव बरामद हुआ है। जानकारी वन विभाग की टीम भी खेत में पहुंच गई। वन विभाग के अनुसार गुलदार की मौत आपसी संघर्ष में हुई होगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रामनगर गांव निवासी महेंद्र शर्मा मंगलवार को खेत में परिजनों के साथ गन्ना छीलने पहुंचे थे। खेत में गुलदार दिखाई दिया, जिसे देखकर सभी घबरा गए । कुछ देर बाद महेंद्र शर्मा ने ग्रामीणों को बुलाया और दोबारा खेत में जाकर देखा, लेकिन गुलदार ने कोई हलचल नहीं की। आशंका पर वन विभाग की टीम को सूचना दी। वन विभाग के अधिकारियों ने गुलदार का शव एक सप्ताह पुराना बताया है। रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया कि मृत गुलदार मादा है, जिसकी उम्र लगभग दो वर्ष आंकी गई है। उसके शरीर पर कई जगह जख्म के निशान पाए गए हैं।

# भाकियू नेता ने सपा प्रमुख से की मुलाकात


पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करते किसान। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हसनपुर**

● **पूर्व मुख्मंत्री अखिलेश यादव को समस्याओं से कराया अवगत**

**अमृत विचार:** भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने साथियों के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मुलाकात की और क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। जिस पर अखिलेश यादव ने क्षेत्र की समस्याओं को लोकसभा में उठाने का वादा किया।

मंगलवार की रात दिल्ली स्थित अखिलेश यादव के आवास पर भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ मिले और पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को रखा। किसान नेता ने छुट्टा पशुओं से हो रही समस्याओं, ट्यूवेल के बिल माफ करने सहित अन्य मांगें की। कहा कि भाकियू बीआर अंबेडकर ये चाहती है की जो गरीब किसान लोग गांव में रहते है जिनके पास ज़मीन नहीं है उनका बिजली का बिल माफ किया जाए और जो बिजली के बिल को लेकर बढ़ोतरी हुई है उसको कम किया जाये। जीरो प्वाइंट से सालारा तक तट बंध मजबूत तरीके से बनना चाहिए और चौड़ा होना चाहिए। गांव में जो पानी की टंकी बनी है उन्होंने सड़के खराब कर दी और पानी उनमें चल नहीं रहा है। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश में कैंसर ट्रीटमेंट नेटवर्क स्थापित

अमृत विचार, लखनऊ : कैंसर के इलाज के लिए अब उत्तर प्रदेश के मरीजों को दिल्ली या मुंबई जाने की जरूरत नहीं है। लखनऊ से वाराणसी तक विकसित कैंसर ट्रीटमेंट नेटवर्क राज्य को देश का सबसे बड़ा और सुलभ कैंसर उपचार केंद्र बनाता है। राजधानी लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान और वाराणसी में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र और होमी भाभा कैंसर अस्पताल टाटा मेमोरियल मॉडल पर काम कर रहे हैं। कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में 220 बेड, आधुनिक रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी और सर्जरी की सुविधाओं के साथ मरीजों को एक छत के नीचे समग्र इलाज उपलब्ध है। वाराणसी के केंद्र पूर्वांचल के लिए जीवनरेखा साबित हुए हैं, जहां रेफरल सिस्टम, विशेषज्ञ परामर्श और तकनीकी सहयोग के जरिए त्वरित इलाज दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में कैंसर स्क्रीनिंग, ओपीडी और सफल सर्जरी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### श्रमिकों को अधिकारों की दी जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से लखनऊ में संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन) डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम ने कहा कि श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के साथ उन्हें मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। एपीसेन रोड स्थित कार्यालय में बुधवार को प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थितियां संहिता 2020 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया और 45 दिवस के भीतर नियमावली पर सुझाव व आपत्तियां प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जानकारी दी गई। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ और एवरेडी फ्लैशलाइट कंपनी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। इसके अतिरिक्त श्रम सलाहकार एसोसिएशन, औद्योगिक न्यायाधिकरण और श्रम विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विधिक माप विज्ञान नियमों में संशोधन पर किया संवाद

अमृत विचार, लखनऊ : ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियमावली, 2011 में प्रस्तावित संशोधनों पर विचार-विमर्श किया गया है। नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, उप्र. की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में हितधारकों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। बैठक में जनविश्वास अधिनियम-2023 के तहत लघु अपराधों को डिक्रिमिनलाइज कर सजा की बजाय अर्थदंड व्यवस्था लागू करने पर चर्चा हुई। इसके माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम जनहित की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों में फिक्की, सीआईआई, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स, एसोसिएटेड चैंबर, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, उद्योग व्यापार मंडल और तेल कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल, नायरा एनर्जी, एचपीसीएल ने भाग लिया। प्रत्येक प्रस्तावित संशोधन की धारा पर विस्तृत प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की गईं।

# 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती कल से

- लखनऊ के छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में तैयारी शुरू
- रिक्रूटिंग जोन उप्र. और उत्तराखंड के तहत होगी रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार : रिक्रूटिंग जोन उप्र. और उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय) लखनऊ अंतर्गत 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती रैली 6 से 20 फरवरी तक होगी। छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर (टेक्निकल), अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल और अग्निवीर (ट्रेड्समैन) की भर्ती रैली की तैयारी शुरू हो गई है। परिसर में टेंट से लेकर अन्य इंतजाम अभ्यर्थियों के लिए किए जा रहे हैं।

रैली में वे अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (एआरओ) लखनऊ के तहत 13 जिले औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। अभ्यर्थियों को जारी किए गए एडमिट कार्ड पर बताई गई तारीख और समय पर 2 बजे (आधी रात) एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रिपोर्ट करना होगा।

### 18 को अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती

18 फरवरी को अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस की अलग से भर्ती रैली आयोजित होगी। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से करीब एक हजार अभ्यर्थी भाग लेंगे। महिला अभ्यर्थियों को सुबह 4 बजे रिपोर्ट करना होगा। प्रक्रिया एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम में संपन्न होगी।

# यूपी में बढ़ा राज्य पक्षी सारस का कुनबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**20,628** कुल संख्या शीतकालीन गणना में दर्ज

**3304** सर्वाधिक इटावा में पाए गए



अमृत विचार : प्रदेश के 68 वन प्रभागों में शीतकालीन गणना में कुल 20,628 सारस पाए गए हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा है। वर्ष 2024 में शीतकालीन गणना के दौरान प्रदेश में 19,994 सारस दर्ज किए गए थे। जबकि वर्ष 2023 में प्रदेश में 19,196 सारस पाए गए थे। वन विभाग द्वारा कराई जाने वाली राज्यव्यापी गणना में प्रदेश में राज्य पक्षी सारस की संख्या लगातार बढ़ रही है।

वन विभाग के अनुसार, प्रदेश में सारस की गणना वर्ष में दो बार ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन की जाती है। ताजा गणना में इटावा वन प्रभाग में सर्वाधिक 3304 सारस पाए गए। वहीं, प्रदेश के 10 वन प्रभागों में सारसों की संख्या 500 से अधिक रही।

शीतकालीन गणना के आंकड़ों के मुताबिक, इटावा के बाद मैनपुरी में 2899, औरैया में 1283, शाहजहांपुर में 1078, गोरखपुर में 950, कन्नौज में 826, कानपुर देहात में 777, हरदोई में 752, सिद्धार्थनगर में 736 और संतकबीर नगर में 701 सारस पाए गए।

प्रदेश के 29 वन प्रभागों में सारसों की संख्या 100 से 500 के बीच रही। इनमें रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, बरेली, बाराबंकी, बांदा, फिरोजाबाद, बस्ती, अमेठी, अलीगढ़, बिजनौर, गौतमबुद्धनगर और बहराइच समेत कई जिले शामिल हैं।

गणना के दौरान 29 वन प्रभागों में सारसों की संख्या 100 से कम दर्ज की गई। इनमें पीलीभीत सामाजिक वानिकी, हमीरपुर, अयोध्या, कुशीनगर, हाथरस, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, आजमगढ़, जौनपुर, मऊ, रामपुर और हापुड़ जैसे जिले शामिल हैं।

वन विभाग के अनुसार, इस शीतकालीन गणना कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब 10 हजार नागरिकों ने सहभागिता की।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वन विभाग वन्यजीव संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन गणनाओं से सारस संरक्षण की स्थिति पर नियमित निगरानी रखी जा रही है।

# अयोध्या में बनेगी 'वैदेही आर्ट गैलरी'

## मुख्यमंत्री योगी ने श्रीअयोध्या धाम में गैलरी की स्थापना के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


प्रतीकात्मक चित्र

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीअयोध्या धाम में माता सीता के जीवन और आदर्शों पर केंद्रित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सीता मइया भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की प्रतीक हैं और नई पीढ़ी को उनके दिव्य चरित्र से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित वैदेही आर्ट गैलरी केवल एक कला-संग्रहालय नहीं होगी, बल्कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से माता सीता के जीवन, त्याग, करुणा, धैर्य और शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने वाला सांस्कृतिक केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि गैलरी की अवधारणा ऐसी होनी चाहिए कि आगंतुक केवल जानकारी न प्राप्त करें, बल्कि सीता माता के जीवन-संदेश को अनुभव भी कर सकें। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि यह गैलरी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निकट वरिष्ठ (वशिष्ठ) भवन परिसर में विकसित की जाए, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अयोध्या को वैश्विक सांस्कृतिक नगर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी।

- सीता मइया के जीवन संदेश से होगा साक्षात्कार
- मिथिला की संस्कृति और कला के विविध आयाम दिखेंगे

साथ ही निर्देश दिए कि गैलरी में मिथिला की संस्कृति, लोकपरंपराओं और कला के विविध स्वरूपों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाए, जिससे माता सीता की विरासत को समग्र रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

### लौटा गुप्तारघाट का वैभव, जल्द खुलेगा ओपन एयर थियेटर

अमृत विचार,लखनऊ : योगी सरकार के प्रयासों से अयोध्या के गुप्तारघाट का वैभव पुनः लौट रहा है। तीसरे चरण के विकास कार्य अंतिम दौर में हैं और ओपन एयर थियेटर संभवतः होली तक जनता के लिए खुल जाएगा। इस परिसर में रावण वध, हनुमान और जटायु की भव्य मूर्तियां स्थापित की जा चुकी हैं, जो रामायण की कहानी को जीवंत रूप में दर्शाएंगी। मान्यता है कि भगवान श्री राम ने इसी घाट से जल समाधि ली थी। पहले दो चरणों में घाट का सौंदर्यीकरण, वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं, आधुनिक पार्क और योग-ध्यान केंद्र तैयार किए जा चुके हैं। तीसरे चरण में 18.34 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग, पाथवे, टिकट घर, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक, किचन, इंटरप्रिटेशन सेंटर, भित्ति चित्र और बाउंड्री वॉल का काम तेजी से चल रहा है।

# विभिन्न श्रेणी की ई-बसों के किराये की दरें तय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार: परिवहन निगम ने प्रदेश में विभिन्न जिलों में संचालित अपने इलेक्ट्रिक वाहनों और बसों का किराया बुधवार को तय कर दिया है। इनमें साधारण नान एसी, वातानुकूलित, स्लीपर और हाईएंड स्कैनिया समेत विभिन्न कैटेगरी की ई-बसें शामिल हैं। किराये की यह दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। इस आशय के आदेश प्रधान प्रबंधक संचालन अनिल कुमार की ओर से सभी क्षेत्रीय और सेवा प्रबंधकों को जारी कर दिए गए हैं।

प्रदेश के करीब सात शहरों में इन बसों का संचालन धीरे-धीरे शुरू हो रहा है। तकरीबन 220 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। इनमें प्रमुख रूप से प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, साहिबाबाद आदि जगहों पर ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। इसे लेकर अलग-अलग सिंगमेंट की ई-बसों का किराया लागू कर दिया गया है।

### कैटेगरी व किराये की दरें (पैसे प्रति किमी)

| | |
|---|---|
| साधारण सेवा-इलेक्ट्रिक नॉन एसी | - 130.00 |
| जनरथ 3 बाई टू-इलेक्ट्रिक 3 बाई टू एसी | - 163.86 |
| जनरथ टू-बाई- टू- इलेक्ट्रिक टू बाई टू एसी | - 193.76 |
| एसी स्लीपर- इलेक्ट्रिक स्लीपर एसी | - 258.78 |
| हाई एंड वॉल्वो-स्कैनिया-हाई एंड इलेक्ट्रिक एसी | - 286.14 |

# सिल्क एक्सपो बना शुद्ध रेशम का भरोसेमंद मंच

## एक्सपो में लगे 55 स्टालों पर देशभर के उत्पाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


स्टाल पर रेशम का वस्त्र दिखाता कारोबारी।

अमृत विचार : योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के पारंपरिक रेशम उद्योग को नई पहचान मिल रही है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में मंत्री राकेश सचान ने रेशम विभाग द्वारा आयोजित सिल्क एक्सपो-2026 का शुभारंभ किया और बताया कि शुद्ध सिल्क की पहचान के लिए पहली बार एक्सपो में सिल्क टेस्टिंग लैब स्थापित की गई है, जहां लोग मौके पर ही रेशम की शुद्धता की जांच करा सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को असली और मिलावट-मुक्त सिल्क खरीदने में सुविधा मिलेगी।

गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार को रेशम उद्योग मंत्री ने बताया कि एक्सपो में शुद्ध रेशम की पहचान और मिलावट से बचाव पर विशेष फोकस किया गया है। साथ ही कहा कि योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश में रेशम उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां उत्पादन 27 मीट्रिक टन था, वह अब बढ़कर 450 से 500 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है।

6 फरवरी तक चलने वाले इस सिल्क एक्सपो में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के बुनकरों के 55 स्टाल लगाए गए हैं। यहां बनारसी, चंदेरी, कांजीवरम, मैसूर सिल्क, पैठणी और धर्मावरम साड़ियों समेत शुद्ध रेशमी उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।

इस अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया गया और रेशम मित्र-2025 पत्रिका का विमोचन भी हुआ।

# पर्यटन क्षेत्र बनेगा मजबूत ग्रोथ इंजन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में पर्यटन क्षेत्र को मजबूत ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रदेश में 100 करोड़ से अधिक पर्यटकों के आगमन, राज्य की जीवीए में पर्यटन का योगदान 5 प्रतिशत और देश के कुल पर्यटन जीवीए में यूपी की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

- देश के कुल पर्यटन जीवीए में यूपी की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य : जयवीर सिंह

गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के विजन के अनुरूप पर्यटन को आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन का प्रमुख माध्यम बनाया जा रहा है। 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पर्यटन अवसंरचना, निजी निवेश और सेवाओं में सुधार पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

पर्यटन रोडमैप के अनुसार, वर्तमान में राज्य की जीवीए में 1.2 प्रतिशत योगदान देने वाला पर्यटन क्षेत्र 2047 तक 5 प्रतिशत तक पहुंचाया जाएगा। देश के पर्यटन जीवीए में यूपी की हिस्सेदारी 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत करने की योजना है। विदेशी पर्यटकों की संख्या 45 लाख से अधिक करने का लक्ष्य भी रखा गया है।

अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिषारण्य, कालिंजर फोर्ट और बाबा नीब करौरी जैसे धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बेहतर कनेक्टिविटी, होमस्टे, 5-स्टार होटल, स्वच्छता और सुरक्षित पर्यटन वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है।



इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025-26 के पुरस्कृत विजेताओं के साथ अधिकारी। अमृत विचार

# स्किल्स प्रतियोगिता में दिखा यूपी के युवाओं का दम, 40 विजेता सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : योगी सरकार की पहल से प्रदेश के युवा अब वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो रहे हैं। उप्र. कौशल विकास मिशन के तहत आयोजित इंडिया स्किल्स कॉम्पीटिशन 2025-26 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के 40 विजेताओं को विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा 20 विभिन्न स्किल ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रत्येक ट्रेड से दो विजेताओं का चयन किया गया।

कौशल विकास मिशन मुख्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह में कौशल विकास प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचने का अवसर देती हैं। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि सभी चयनित विजेता 4 और 5 फरवरी को लखनऊ में आयोजित विशेष बूट कैंप में भाग लेंगे, जहां उन्हें नॉर्थ रीजनल स्किल्स प्रतियोगिता की तैयारी कराई जाएगी।

मालूम हो कि वर्ष 2026 के लिए प्रदेश से 1.09 लाख से अधिक पंजीकरण हुए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य बन गया है। इस वर्ष प्रदेश ने 20 स्किल्स में भागीदारी कर कौशल विकास के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

कार्यक्रम के दौरान कौशल विकास मिशन के सोशल मीडिया सेल का शुभारंभ और नार्थ रीजनल एनआईईएसबीयूटी के साथ एमओयू का हस्तांतरण भी किया गया।

**बाल-प्रेम** | बालहठ के साथ निश्छल मन से अपनी बात जनता दर्शन में मुख्यमंत्री के सामने रखते हैं प्रदेश भर के बच्चे

# बच्चों की जिद में पिघल जाते कठोर समझे जाने वाले सीएम योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


बच्चे को चॉकलेट देकर दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : सख्त कानून व्यवस्था और अपराध के खिलाफ कठोर रुख के लिए पहचाने जाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक अलग ही रूप बच्चों के बीच देखने को मिलता है। मासूमों की जिद, उनकी बेबाक फरमाइश और निश्छल मुस्कान के सामने मुख्यमंत्री का कोमल हृदय स्वतः झलकने लगता है। यही वजह है कि प्रदेश भर से बच्चे बेझिझक मुख्यमंत्री तक पहुंचते हैं और अपनी बात बालहठ के साथ रखते हैं।

कभी नर्सरी में एडमिशन की जिद, तो कभी चॉकलेट की फरमाइश, बच्चों के ये मासूम दृश्य अक्सर मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान देखने को मिलते हैं। हाल ही में 'जनता दर्शन' में मां के साथ आई बच्ची अनाबी अली का मुख्यमंत्री से संवाद सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना। एबीसीडी और कविता सुनाकर अनाबी ने मुख्यमंत्री का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री ने न सिर्फ उसका उत्साह बढ़ाया, बल्कि शिक्षा से जुड़े निर्देश भी तत्काल दिए।

### डॉक्टर बनने की इच्छा पर मायरा से प्रभावित हुए योगी

मुख्यमंत्री योगी बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील हैं। 'जनता दर्शन' के माध्यम से लखनऊ की अनाबी अली, कानपुर की मायरा, गोरखपुर की पंखुड़ी और मुरादाबाद की वाची का स्कूल में प्रवेश कराया गया। मायरा ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई तो मुख्यमंत्री ने तत्काल एडमिशन के निर्देश दिए। पंखुड़ी की फीस माफ कराकर उसे दोबारा स्कूल भेजा गया।

मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से "और क्या चाहिए" पूछकर उसके जवाब पर खिलखिलाकर हंसना या गणतंत्र दिवस परेड के दौरान बच्चों को पास बुलाकर दुलारना आदि मौके मुख्यमंत्री के बाल प्रेम को उजागर करते हैं। मुख्यमंत्री का वात्सल्य भाव 26 जनवरी को परेड के दौरान देखने को मिला, एक नन्ही बच्ची को गोद उठा लिया।

बच्चों से यह आत्मीय जुड़ाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें शासन सिर्फ आदेश नहीं, बल्कि संवेदना और अपनत्व का माध्यम भी है।

### मूक-बधिर खुशी को मिला सुरक्षित भविष्य का भरोसा

कानपुर की मूक-बधिर युवती खुशी गुप्ता का मामला भी मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का उदाहरण है। पैदल चलकर लखनऊ पहुंची खुशी को मुख्यमंत्री ने न सिर्फ स्नेह दिया, बल्कि उसके सुरक्षित भविष्य का भरोसा भी दिलाया। वहीं, मेजर की बेटी अंजना भट्ट की शिकायत पर 24 घंटे के भीतर मकान कब्जा मुक्त कराना मुख्यमंत्री के त्वरित निर्णय का उदाहरण है।

### वृद्ध मां के दर्द से द्रवित हुए योगी

बीते सितंबर में 'जनता दर्शन' में कानपुर की रायपुरवा निवासी एक वृद्ध मां अपने कैंसर पीड़ित बेटे का दर्द लेकर मुख्यमंत्री योगी के पास पहुंची थीं। उनकी तकलीफ देखकर सीएम द्रवित हो गए और कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाकर उसका इलाज प्रारंभ कराया।

# हर बूथ पर बनाए जाएंगे मतदाता सहायता केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्देश जारी

अमृत विचार : प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सहायता केंद्र (वोटर असिस्टेंस सेंटर) स्थापित किए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी 2026 को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है और उसी दिन से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। प्रक्रिया को अधिक सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से मतदान सहायता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मतदाता सहायता केंद्रों पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बीएलओ के पास 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, वर्ष 2003 की अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मतदाता सूची, मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित एवं दोहरी प्रविष्टि से संबंधित सूची उपलब्ध रहेगी।



खुशी तब होती है जब आपके विचार, आपके शब्द और आपके कर्म आपस में सामंजस्य में हों।
–महात्मा गांधी



## डिजिटल संप्रभुता का संदेश

डिजिटल युग में नागरिकों की निजता और तकनीकी कंपनियों के कारोबारी मॉडल के बीच खिंचाव अब खुलकर सामने आ गया है। यह मामला केवल एक कंपनी का नहीं, बल्कि भारत की उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा तय कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मेटा को यह कहना कि 'देश का कानून मानो या बाहर जाओ' महज टिप्पणी नहीं, डिजिटल संप्रभुता का स्पष्ट संदेश है। यह टिप्पणी उस समय आई है, जब व्हाट्सएप और मेटा, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 213.14 करोड़ रुपये के जुर्माने और निर्देशों को चुनौती दे रहे हैं।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2021 की व्हाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी के तहत अनिवार्य डेटा शेयरिंग को प्रतिस्पर्धा-विरोधी मानते हुए मेटा पर जुर्माना लगाया और निर्देश दिया कि यूजर्स का डेटा अन्य मेटा कंपनियों के साथ साझा न किया जाए। कंपनी का तर्क था कि यह डेटा सेवाओं को बेहतर बनाने और एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए आवश्यक है, लेकिन पहले आयोग और अब सुप्रीम कोर्ट के सामने प्रश्न यह है कि क्या सेवा सुधार के नाम पर उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी को व्यापक व्यावसायिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है? यह विवाद केवल डेटा गोपनीयता का नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा और डेटा के आर्थिक मूल्य का भी है। आज डेटा 'नया तेल' कहा जाता है। उपयोगकर्ता की आदतें, लोकेशन, संपर्क और व्यवहार सबका मौद्रिक मूल्य है। यदि यह जानकारी उपयोगकर्ता की स्पष्ट और समझी हुई सहमति के बिना साझा होती है, तो यह केवल निजता का उल्लंघन नहीं, बल्कि उसकी डिजिटल संपत्ति का दोहन भी है। अदालत का स्पष्ट संकेत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार तकनीकी विस्तार के साथ कमजोर नहीं हो सकते। 'टेक्नोलॉजी के युग में डेटा शेयरिंग अनिवार्य है'- यह तर्क न्यायालय ने स्वीकार नहीं किया। यह टिप्पणी महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को याद दिलाती है कि सुविधा और नवाचार का अर्थ अधिकारों से समझौता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यूजर कंसेंट और ऑप्ट-आउट के तर्क पर भी सवाल उठाना सही था, क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों की प्राइवेसी पॉलिसी नागरिकों की समझ से परे जटिल भाषा में होती है। ऐसे में 'सहमति' कितनी स्वैच्छिक है, यह गंभीर प्रश्न है। यदि सहमति अस्पष्ट और असंतुलित है, तो वह वैधानिक सुरक्षा नहीं दे सकती। यह टिप्पणी भविष्य में सभी डिजिटल कंपनियों के लिए चेतावनी है कि पारदर्शिता और सरलता अनिवार्य होगी।

भारत मेटा के लिए सबसे बड़ा बाजार है, जहां 50 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, इसलिए यह मामला केवल कानूनी नहीं, आर्थिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को पक्षकार बनाने का आदेश इस बात का संकेत है कि अदालत इस विवाद को व्यापक नीति-प्रश्न के रूप में देख रही है। नौ फरवरी का अंतरिम आदेश भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है। यदि न्यायालय स्पष्ट रूप से निजता और प्रतिस्पर्धा की रक्षा को पूर्ण प्राथमिकता देता है, तो यह न केवल मेटा बल्कि सभी वैश्विक टेक कंपनियों के लिए नजीर बनेगा।

### प्रसंगवश

## स्वच्छता को मौलिक अधिकार मानने का महत्व

जब एक लड़की मासिक धर्म के कारण स्कूल नहीं जाती, तो सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उसके सपनों और भविष्य की पढ़ाई अधूरी रह जाती है। ऐसा अक्सर होता रहा है, लेकिन अब भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने स्वच्छता को संवैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है। इस फैसले में कहा गया है कि स्वच्छता का अधिकार भी अधिकारों के सबसे मूलाधार आर्टिकल 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) के अंतर्गत आता है, जो प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, स्वास्थ्य और समानता सुनिश्चित करता है। यही कारण है कि अदालत ने स्कूलों में लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

पुरानी सामाजिक मान्यताओं की वजह से मासिक धर्म को 'अशुद्ध' या 'अछूत' माना जाता रहा है। इससे लड़कियों को सामाजिक और मानसिक दबाव झेलना पड़ता था। ऐसी सोच कभी 'आराम' देने के नाम पर शुरू हुई, लेकिन वह अंधविश्वास और नकारात्मक रूढ़िवाद में बदल गई, जिससे लड़कियों को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और शिक्षा के मौके से वंचित होना पड़ा।



निवेदिता शर्मा
शिक्षिका

जहां सही जानकारी और स्वच्छ सुविधा न हो, वहां स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। शोध बताते हैं कि लगभग 64% किशोर लड़कियों को मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं जैसे यूटीआई, दर्द या संक्रमण का सामना करना पड़ता है, जिसकी एक बड़ी वजह स्वच्छता और जानकारी की कमी है।

आजकल कई अख़बारों में रिपोर्ट आती हैं कि 15 साल से कम उम्र की लड़कियां भी मासिक धर्म और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की कमी के कारण मानसिक और भावनात्मक असमंजस का सामना कर रही हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि सही जानकारी न मिलने पर लड़कियां भ्रम, डर या असमंजस में आ जाती हैं, जो कभी-कभी स्वास्थ्य और मानसिक निर्णयों पर गंभीर असर डालता है।

स्कूल में मासिक धर्म के दौरान अनुपस्थिति आम है। अध्ययन बताते हैं कि लगभग 40% लड़कियां मासिक धर्म के दिनों में स्कूल नहीं जातीं। इससे स्कूल में भागीदारी कम होती है और लगभग 2.3 करोड़ लड़कियां हर साल इसी वजह से आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की श्रेणी में शामिल हो जाती हैं। यह सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि उन सपनों और अवसरों की कहानी है, जो अधूरे रह जाते हैं जब सही संसाधन उपलब्ध नहीं होते।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह भी कहा गया है कि केवल पैड देना ही काफी नहीं है; इसके साथ स्वच्छ शौचालय, पानी, साबुन, गोपनीयता और जागरूकता की शिक्षा भी जरूरी है, ताकि लड़कियां अपनी स्वास्थ्य ज़रूरतों को बिना किसी शर्म या डर के पूरा कर सकें। कानूनी तौर पर यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आर्टिकल 21 का अधिकार सिर्फ जीवन की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि गरिमा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी ज़रूरतों को भी शामिल करता है। अदालत ने कहा है कि अगर स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द भी की जा सकती है।

हर मुफ्त पैड एक लड़की को स्कूल भेजता है, और हर सुरक्षित टॉयलेट उसके स्वास्थ्य और अधिकार की गारंटी है। यह आदेश उन लगभग 2.3 करोड़ लड़कियों के लिए खास मायने रखता है, जो मासिक धर्म के कारण स्कूल से दूर हो जाती हैं। जब लड़कियों को स्वच्छता, जानकारी, गोपनीयता और समर्थन मिलेगा, तो वे सिर्फ़ नियमित रूप से स्कूल ही नहीं जाएंगी, बल्कि अपने भविष्य और अवसरों को मजबूती से थाम सकेंगी। यही 'स्वच्छता से सफलता तक' का असली अर्थ है।

# जब बिजली जा रही है तो मक्का क्यों नहीं!





पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बांग्लादेश के भारत के साथ रिश्तों में आई खटास का खामियाजा बिहार के मक्का पैदा करने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है। अलबत्ता बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति जारी है।

बांग्लादेश में अगस्त- 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। आश्चर्य है कि क्रिकेट लीग केकेआर की टीम से बांग्लादेशी खिलाड़ी को हटवा कर अपना राष्ट्रवाद सिद्ध कर रहे संगठनों द्वारा बांग्लादेश को बेची जा रही बिजली की मात्रा बढ़ने के आंकड़े पर शुतुरमुर्ग बन जाते हैं। बदले हालात और भारत के साथ रिश्तों में आई खटास का खामियाजा बिहार के मक्का पैदा करने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है, लेकिन गोड्डा (झारखंड) के कोयला आधारित बिजली घर से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति लगातार जारी है।

सभी जानते हैं कि कोसी और सीमांचल में अच्छी मक्का होती है और वहां का किसान बांग्लादेश के बाजार को आपूर्ति के लिए ही जमकर मक्का उगाता रहा है। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा, तो बीते छह महीन से मक्का का निर्यात बंद हो गया। विदित हो कि यहां उगने वाली करीब 70 फीसदी मक्का का निर्यात बांग्लादेश में होता रहा है। स्थानीय बाजार में मक्का की आवक ज्यादा हो गई, तो पिछले साल 2700 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकने वाले मक्के को अभी 1800 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। बहुत से किसानों को भरोसा है कि कुछ दिन में फिर से निर्यात सामान्य हो जाएगा, सो उन्होंने अपने घर-गोदामों में मक्का का स्टॉक कर लिया है। बरसात के साथ सीलन और भंडारण की दिककते बढ़ीं, तो अब किसान इस सोने से दमकती मक्का को गाय-भैंस को खिला रहे हैं।

स्थानीय किसान बताते हैं कि मक्के का भाव साल-दर साल बढ़ रहा था। उन्नत बीज और तकनीकी के इस्तेमाल से उनकी फसल भी बढ़िया हो रही थी, लेकिन बांग्लादेश का रास्ता बंद होते ही मक्का को कौड़ियों के दाम खरीदने वाले नहीं मिल रहे हैं। आज इसके दाम बीते पांच साल में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

विदित हो कि यदि परिवेश में नमी 13–14% से अधिक हो, तापमान 25–35C और हवादार भंडारण न हो तो मक्का में अफ्लाटॉक्सिन नामक एक ज़हरीला मायकोटॉक्सिन निर्मित हो जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में फफूंद लगना कहते हैं। इससे फसल जहरीली हो जाती है। किसान के यहां फफूंद लग रही है तो थोक कारोबारियों ने उधारी पर भी खरीद से मना कर दिया है। बड़े थोक व्यापारी कहते हैं कि चूंकि सीमा पर तनाव है। साथ ही डॉलर की कमी भी है, इसलिए बांग्लादेशी व्यापारी मक्का खरीदने में कम रुचि दिखा रहे हैं। अब हालात इतने खराब हैं कि किसान के लिए लागत निकालना भी मुश्किल है।

किसान को प्रभावित करने वाले ऐसे हालता प्याज, मसाले यदि के साथ भी हैं। भारत ने हाल के समय में गैर-बासमती चावल पर कई प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन बांग्लादेश के साथ विशेष कोटा रहता था। अब तनाव के कारण यह व्यापार भी अनिश्चितता के घेरे में है। अदरख, मिर्च और अंगूर जैसे सामान जो ट्रकों में भरकर सीमा पर जाते हैं, वे बॉर्डर पर देरी होने के कारण अक्सर सड़ जाते हैं। इससे छोटे व्यापारियों को सीधे तौर पर लाखों का घाटा होता है।

बांग्लादेश दुनिया का बड़ा गारमेंट एक्सपोर्टर है और वह इसके लिए भारत से धागा और कच्चा कपास खरीदता है। वहां राजनीतिक उथल-पुथल से फैक्ट्रियां बंद हुईं, जिससे भारत के सूरत, तिरुपुर और लुधियाना के स्पिनिंग मिलों का माल डंप हो गया है। खासकर उत्तर-पूर्वी राज्यों के सीमावर्ती राज्यों में लगने वाली खुली हाट में इस तनाव का व्यापक असर देखा गया।

साल-दर-साल बढ़ रही थी कीमत

| उत्पादन वर्ष | कीमत |
|---|---|
| 2019-20 | 1,300-1,500 |
| 2021-22 | 1,600-1,800 |
| 2022-23 | 1,800-2,000 |
| 2023-24 | 2,100-2,300 |
| 2024-25 | 2,400-2,700 |
| 2025-26 | 1700-1900 |

(भाव व्यापारियों के अनुसार।)

इसके ठीक विपरीत दोनों देशों की सरकारों के आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश को बिजली निर्यात बढ़ रहा है। झारखंड के गोड्डा स्थित प्लांट की क्षमता 1600 मेगावाट है और अनुबंध के अनुसार इसका शत-प्रतिशत उत्पादन बांग्लादेश को भेजा जाना है। वैसे बांग्लादेश सरकार द्वारा नियुक्त एक पैनल ने इस आपूर्ति को अत्यधिक महंगा बताया था। भारतीय और बांग्लादेशी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश को होने वाला बिजली निर्यात दिसंबर तक के तीन महीनों में सालाना आधार पर लगभग 38% बढ़कर लगभग 2.25 बिलियन किलोवाट-घंटा (केवीएच) हो गया। बांग्लादेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, इसने वर्ष के लिए बांग्लादेश के कुल बिजली मिश्रण में भारतीय निर्यात को रिकॉर्ड 15.6% तक पहुंचा दिया, जो 2024 में 12% था। भारत से 2023 की शुरुआत में बांग्लादेश को आपूर्ति शुरू की गई थी।

कैसी विडंबना है कि किसान की फसल सड़ रही है और निर्यात बैन है, लेकिन जिस कारखाने से इस अनुमान के अनुसार औसतन लगभग 9.35 मिलियन टन CO प्रति वर्ष का उत्सर्जन होता है, सल्फर ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसों के साथ सूक्ष्म कण (PM10/PM2.5) वायु में उड़ते हैं और लाखों लोगों के फेफड़ों तक पहुंचते हैं, उस पर कोई नियंत्रण या कमी नहीं है। जान लें गोड्डा प्लांट को चलाने के लिए नजदीकी गंगा नदी से पानी लिया और वापिस निस्तारित किया जाता है। इसने आसपास जल का pH बदल दिया और जलजीवन व कृषि पर नकारात्मक असर डाला है।

2025 में बांग्लादेश को रिकॉर्ड 8.63 बिलियन किलोवाट-घंटा बिजली की आपूर्ति गोड्डा से की गई, जो कुल आपूर्ति का 8.2% है। वहीं अन्य भारतीय कंपनियों से होने वाला आयात मामूली रूप से बढ़कर 7.92 मिलियन किलोवाट-घंटा हो गया। इस साल जनवरी के पहले 27 दिनों के दौरान, कुल बिजली आपूर्ति में गोड्डा की हिस्सेदारी लगभग 10% रही।

### आमने सामने



साल-दर-साल बजट की रकम तो बढ़ाई जा रही है, लेकिन इसका सार्थक लाभ धरातल पर नजर नहीं आता। बिहार सरकार बजट का सही इस्तेमाल करने में पूरी तरह फिसड्डी साबित हुई है। यह बजट आम नागरिकों को छलावे के सिवा कुछ नहीं देता।
–राजेश राम
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, बिहार

आज का विपक्ष इतना 'विद्वान' हो गया है कि बिना बजट समझे ही प्रतिक्रिया दे देता है, जबकि पहले बजट को समझने में दो दिन तक लगते थे। बिहार का बजट विस्तृत और तकनीकी होता है। विपक्ष का यह रवैया बताता है कि उसने बजट को पढ़ने या समझने की कोशिश तक नहीं की।
–दिलीप जायसवाल
उद्योग मंत्री, बिहार



# ग्रामीण समृद्धि की रीढ़ बनेगा पशुधन



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

बजट में सरकार ने पशु पालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने के ठोस उपाय किए हैं। इससे रोजगार बढ़ने के साथ ही आमदनी में स्थिरता आएगी।

ग्राम और ग्रामीण की समृद्धि की रीढ़ अब केवल खेती-किसानी तक सीमित नहीं रह गई है। इस आम बजट में सरकार ने पशुधन से पशु पालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने के ठोस उपाय किए हैं। इससे रोजगार बढ़ने के साथ दैनिक और मासिक आमदनी में स्थिरता आएगी। खेती पर बढ़ते संकट कम होंगे। पशुधन, मुर्गी व मत्स्य पालन ग्रामीणों की आजीविका का सहारा बनेंगे। यह पशुधन स्वस्थ्य बना रहे, इस लक्ष्यपूर्ति के लिए 20 हजार से अधिक पशु चिकित्सकों की उपलब्धता भी तय की गई है, ताकि गांव में ही त्वरित इलाज की सुविधा मिले।

फिलहाल देश में पशु-चिकित्सकों की बहुत कमी है, इस कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए डेढ़ लाख पशु देखभाल प्रशिक्षित सेवकों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। इस उपाय से दुधारू पशुओं की असमय मृत्यु में कमी आएगी। यदि पालतू पशुओं को आरक्षित वनों में चरने की छूट दे दी जाती है तो सड़क दुर्घटनाओं में पशुओं के मरने में तो कमी आएगी ही, पौष्टिक चारा मिलने से दूध भी पौष्टिक होगा।

पशुधन की महिमा इस तथ्य से जानी जा सकती है कि खेती से होने वाली कुल आय में करीब 16 प्रतिशत की भागीदारी पशुपालन और उनसे उत्पादित आहार से है। इस आय में लगातार पिछले ग्यारह साल से 12.77 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि हो रही है। यानी खेती जहां लघु व मध्यम किसानों के लिए घाटे का सौदा बनी हुई है, वहीं पशुपालन ग्रामीणों को भरोसे की आय का साधन बन गया है। भारत दूध उत्पादन में दुनिया में पहले सोपान पर है। विश्व के कुल दूध उत्पादन में भारत 25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।

बीते 10 साल में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। नतीजतन प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2024-25 में 485 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। नौ वर्ष पहले यह उपलब्ता महज 300 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन थी। कुछ साल पहले दुग्ध उत्पादों के आयात की संभावना जताई जाने लगी थी, किंतु अब पशु संवर्धन के लिए किए गए प्रयास रंग दिखाने लगे हैं। बीते एक दशक में दूध के उत्पादन एवं उत्पादकता में आजादी के बाद से सर्वाधिक वृद्धि हुई है। मुर्गी एवं मत्स्य पालन के साथ जलीय कृषि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, इसीलिए अमेरिका जैसे देश भारत के दूध बाजार को हड़पना चाहते हैं।

पशुधन का संरक्षण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ग्रामों में दूध नियमित नकद आय का पुख्ता आधार बना हुआ है। ग्रामीण रोजगार और अर्थव्यवस्था में इसकी बड़ी भागीदारी है। देश में 2019 में हुई 20वीं पशुधन गणना के अनुसार करीब 14 करोड़ गाएं और 11 करोड़ भैंसें हैं। याक, ऊंट, भेड़ और बकरी भी दुधारू पशुओं में गिने जाते हैं, हालांकि अभी तक हमारा राष्ट्रीय आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो महज 20 फीसदी पशुओं का ही आनुवांशिक वर्गीकरण कर पाया है। इससे पता चलता है कि हम अपने पशुधन के प्रति कितने लापरवाह हैं।

घरेलू नस्ल के दुधारू जानवरों को स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों में पलने-बढ़ने व वंश वृद्धि में ज्यादा मजबूत और जुझारू पाया जाता है। ये पशु जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बर्दाश्त करने में भी ज्यादा समर्थ होते हैं। भारत दूध उत्पादन में दुनिया का अग्रणी देश है। फिर भी दूध की आपूर्ति सिंथेटिक दूध बनाकर और पानी मिलाकर की जा रही है। यूरिया से भी दूध बनाया जा रहा है। दूध की बढ़ती मांग के कारण दूध का कारोबार गांव-गांव फैल गया है।

जैविक तकनीक के क्षेत्र में भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार इस क्षेत्र में देश में पहली बार ई-3 (इकोनोमी एनवायरमेंट, एमप्लायमेंट) नीति कुछ समय पहले जारी की गई है। इसके तहत दूध, खाद्यान्न, पर्यावरण सहित आम जनजीवन के सामने खड़ी होने वाली प्रत्येक चुनौती से निपटने की तैयारी है। इस क्षेत्र में फिलहाल जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है।

पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दूध की कमी पूरा करने के साथ पौष्टिक भी होगा। यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में होगी। आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग कतई नहीं होगा।

अब तक बिना किसी सरकारी मदद के दूध का कारोबार फलता-फूलता रहा है। दूध का 70 फीसद कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस व्यापार में लगे ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं, लेकिन पांरपरिक ज्ञान से न केवल वे दूध उत्पादन में दक्ष हैं, बल्कि दूध के सह-उत्पाद बनाने में भी कुशल हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित क्षेत्र, मसलन दूध डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध के उत्पादन से 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की भी अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं।

### सोशल फोरम

## हाकी के उस्ताद केडी बाबू

एक दर्ज़ी के लड़के को लकड़ी के डंडे से हॉकी खेलते देखा। यह नैनीताल था, वह वहां बैठे चाय पी रहे थे। लड़के की हॉकी के प्रति लगन देखी। बाप से बात की, जो उसे दर्ज़ी बनाना चाहता था, ताकि घर का खर्च चल सके। बाप राज़ी हो गए और वह उस लड़के को नैनीताल से लखनऊ ले आए। यहां उसके टैलेंट को तराशा, निखारा और इस तरह ज़माने को मशहूर हॉकी प्लेयर सैय्यद अली मिले, जिसने मुल्क के कंधे पर कितने ही मेडल टांक दिए और अपने उस्ताद का सीना चौड़ा कर दिया, कौन उस्ताद, वही, जो...



हफीज किदवई
ब्लॉगर

ग़रीब बच्चों को उनकी आंखों में झांककर, उसमें तैर रहे ख्वाबों को देखकर, उनकी आंखों की पुतलियों में झलक रही ललक को देखकर, अगर कोई उसे साकार करने की तड़प रखता हो, तो वह थे कुंवर दिग्विजय सिंह जी यानि केडी सिंह बाबू, जो हमारी हॉकी के खूबसूरत दिनों का पर्याय हैं।

सन 1922 को बाराबंकी में जन्मा यह सितारा जब दुनिया पर एक ज़माने की मोहर बनकर बैठा, उसके पांव जब पहली बार इस जमीन पर पड़े, तब से अब तक एक शतक बीत गया है। बाराबंकी और लखनऊ के बीच घूमती यह शख्सियत दुनिया में हर उस घर में अपनी दस्तक देती गई, जहां हॉकी ने अपनी जगह बना रखी थी।

देश राजनीति, विज्ञान, कला, भाषा,साहित्य के साथ खेल में भी अपनी दस्तक देने खड़ा हो पाया, इसके श्रेय मेजर ध्यानचंद और केडी बाबू को जाता है। केडी बाबू खिलाड़ी में सिर्फ खेल और जुनून देखते। हर समाजी अंतर से परे सिर्फ हॉकी से मोहब्बत ही उनके लिए योग्यता थी और ज़िन्दगी भर इसी नियम को माना।

देश दो हिस्सों में बंट चुका था। अंग्रेज खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि बहुत से भारतीय खिलाड़ी भी पाकिस्तान जा चुके थे। हॉकी को भी गहरे जख्म लगे थे। मगर मेजर ध्यानचंद के नेतृत्व में जब 1948 के लंदन ओलंपिक में भारत जाने लगा, तो उस दूर द्रष्टा प्रधानमंत्री का भरोसा यह टीम ही थी, जिसमें केडी बाबू भी थे। उनके आत्मविश्वास और आपसी मोहब्बत से लबरेज़ दिलों ने हर ज़ख्म से मुंह फेरा, पूरी टीम इकट्ठे हुई और सब दर्द भूलकर लंदन में ही इंग्लैंड को हराकर अपने आने वाले मज़बूत भविष्य की दस्तक दे डाली।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कच्चे घरों के बीच पक्की उम्मीदों का सपना

केंद्रीय बजट से ग्रामीण क्षेत्रों को काफी आशाएं थीं। बात चाहे घर की हो, सड़क की हो या फिर नलजल योजना की, लोगों को उम्मीद थी कि सरकार गांव के विकास के लिए बजट के पिटारे खोल देगी। इसके पीछे कई कारण भी हैं। आज भी देश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र विशेषकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र विकास की योजनाओं में काफी पीछे चल रहे हैं। केवल उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो इस पहाड़ी इलाके के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आवास जैसी अहम योजना भी देरी से पहुंचती है।

पहाड़ों के बीच बसे गांव बाहर से जितना शांत दिखाई देते हैं, भीतर से उतना ही संघर्षों से भरे हैं। गांव की पगडंडियों पर चलते हुए सबसे पहले जो बात ध्यान खींचती है, वह हैं मिट्टी, लकड़ी और टिन से बने कच्चे मकान, जिनकी दीवारें समय के साथ जर्जर हो चुकी हैं और छतें हर बारिश में डर पैदा करती हैं। कई बार इसके गिरने का खतरा भी बना रहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह इसकी मरम्मत भी करा सकें।



किरण आर्या
एक्टिविस्ट

अन्य राज्यों की तुलना में उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में ऐसी चुनौती और भी जटिल हो जाती है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां, सीमित संसाधन और दूर-दराज़ में बसे गांव, योजना के क्रियान्वयन को धीमा कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, पौड़ी जिले के कल्जीखाल क्षेत्र में एक वर्ष में 805 घरों का निर्माण हुआ, जबकि बीरोंखाल जैसे क्षेत्रों में यह संख्या केवल 65 घरों तक सीमित रही। यह अंतर दर्शाता है कि एक ही राज्य के भीतर भी विकास की गति समान नहीं है।

देश और राज्य स्तर पर आंकड़े देखें तो ग्रामीण आवास की स्थिति एक बड़ी तस्वीर पेश करती है। ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत देश भर में लगभग 3.79 करोड़ घरों का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से लगभग 2.72 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है, यानी करीब 72 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। अब इस योजना का विस्तार कर लक्ष्य को 5.79 करोड़ घरों तक ले जाने की बात की जा रही है।

आंकड़ों से परे असली सवाल जमीन पर नजर आने वाली सच्चाई का है। पहाड़ों में रहने वाले परिवारों के लिए पक्का घर न केवल ठंड और बारिश से बचाव का माध्यम है, बल्कि यह किसी भी समय होने वाले भूस्खलन से बचाव का भी साधन है। यहां की गलियों से गुजरते हुए यह साफ़ महसूस होता है कि जब किसी परिवार को घर मिलने की सूचना मिलती है, तो वह केवल एक सरकारी लाभ नहीं होता, बल्कि उम्मीदों का एक कारवां होता है। वहीं जिन परिवारों तक यह सुविधा नहीं पहुंच पाती, उनके लिए स्थानीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार गांव के विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि इन योजनाओं की जानकारी हर गांव और हर परिवार तक समय पर पहुंचे। इसके लिए स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है। साथ ही उन आवाजों को भी सुनने की बहुत जरूरत है, जो हाशिये पर होते हैं और अक्सर फाइलों और आंकड़ों के बीच उनकी आवाज कहीं दब जाती हैं, क्योंकि यही हाशिये पर रहने वाले लोग कच्चे घरों में भी रहकर पक्की उम्मीदों का सपना देखते हैं, जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन के साथ-साथ समाज की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## वर्ड स्मिथ



### स्क्रूटनी शब्द की उत्पत्ति

स्क्रूटनी शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'स्क्रूटिनियम' से मानी जाती है, जिसका मूल अर्थ खोज, छानबीन अथवा सूक्ष्म परीक्षण है। यह शब्द पुरानी फ्रेंच भाषा के माध्यम से विकसित होकर अंग्रेजी भाषा में प्रविष्ट हुआ, जहां इसका प्रयोग किसी विषय या तथ्य की गहन और व्यवस्थित जांच के अर्थ में होने लगा। भाषाई विकास की इस प्रक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि जांच की अवधारणा सदैव तथ्यों की गहराई तक पहुंचने से जुड़ी रही है। शैक्षणिक दृष्टि से जांच-पड़ताल का आशय किसी घटना, वस्तु या अवधारणा का तार्किक, सावधानीपूर्ण और विस्तृत अध्ययन करना है। इसमें तथ्यों का संग्रह, उनका विश्लेषण तथा उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया शामिल होती है। जांच केवल सतही निरीक्षण तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसके अंतर्गत कारण-परिणाम संबंधों को समझना और विषय के विभिन्न पक्षों का मूल्यांकन करना भी आवश्यक होता है। अनुसंधान, न्यायिक प्रक्रिया, प्रशासन और सामाजिक विज्ञानों में जांच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। सही और निष्पक्ष जांच न केवल सत्य की खोज में सहायक होती है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया को भी अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाती है। इस प्रकार, जांच ज्ञान-विकास, सत्यापन और उत्तरदायित्व की स्थापना का एक अनिवार्य साधन है।

# शिक्षा बजट 2026: शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के साझा मॉडल की परिकल्पना



केंद्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा को लेकर सरकार ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि भविष्य की अर्थव्यवस्था की नींव कक्षा, कौशल और तकनीक के मेल से रखी जाएगी। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार शिक्षा पर कुल आवंटन बढ़ाकर लगभग 1.39 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 1.28 लाख करोड़ रुपये की तुलना में करीब 8.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। पहली नजर में यह बढ़ोतरी उल्लेखनीय लगती है और सरकार इसे भविष्य की तैयारी के रूप में प्रस्तुत कर रही है, लेकिन गहराई से देखने पर यह सवाल भी सामने आता है कि क्या यह बजट वास्तव में पुरानी संरचनात्मक समस्याओं से किनारा करता है या उन्हें नई शब्दावली में ढक देता है।



कुमार सिद्धार्थ
लेखक

### तकनीकी कौशल से करियर की राह

इस बजट का केंद्रीय विचार शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को एक साझा रणनीति के रूप में जोड़ने का है। सरकार का मानना है कि केवल डिग्री आधारित शिक्षा अब पर्याप्त नहीं है, इसलिए पाठ्यक्रमों को उद्योग, तकनीक और वैश्विक जरूरतों से जोड़ना आवश्यक है। इसी सोच के तहत स्कूलों और कॉलेजों में कौशल आधारित ढांचे को मजबूत करने की घोषणाएं की गई हैं। सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला प्रस्ताव 15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब' स्थापित करने का है। एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों को भविष्य के रोजगार से जोड़ते हुए सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि डिजिटल और क्रिएटिव इकोनॉमी अब औपचारिक शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनेगी। बजट दस्तावेजों में यह भी उल्लेख है कि वर्ष 2030 तक एवीजीसी और इससे जुड़े डिजिटल क्रिएटिव सेक्टर में लगभग 20 लाख लोगों को रोजगार की आवश्यकता होगी। ऐसे में स्कूल स्तर से ही कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और तकनीकी कौशल सिखाने की योजना को सरकार एक दूरदर्शी कदम के रूप में पेश कर रही है। इससे युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजन में सक्षम बनाने का दावा किया गया है।

### शिक्षा नीति को लचीला बनाने का लक्ष्य

उच्च शिक्षा के मोर्चे पर बजट का झुकाव तकनीक, अनुसंधान और उद्योग से सीधे जुड़ाव की ओर दिखाई देता है। औद्योगिक और लॉजिस्टिक कॉरिडोर के पास पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव इसी दिशा में उठाया गया कदम है। सरकार का तर्क है कि जब विश्वविद्यालय, रिसर्च सेंटर, स्किल हब और उद्योग एक ही भौगोलिक क्षेत्र में होंगे, तो छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव, इंटर्नशिप और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। यह मॉडल शिक्षा और उद्योग के बीच लंबे समय से चली आ रही दूरी को पाटने का प्रयास है। बजट में यह भी कहा गया है कि शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए एक उच्च-स्तरीय स्थायी समिति गठित की जाएगी। यह समिति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और उभरती तकनीकों के संदर्भ में यह आकलन करेगी कि भविष्य में कौशल और रोजगार की जरूरतें कैसे बदलेंगी और उसी अनुसार पाठ्यक्रमों में सुधार की सिफारिश करेगी। यह पहल संकेत देती है कि सरकार शिक्षा नीति को स्थिर नहीं, बल्कि बदलती अर्थव्यवस्था के अनुरूप लचीला बनाना चाहती है।





### डिजिटल अवसंरचना पर जोर

स्कूल शिक्षा के संदर्भ में बजट में डिजिटल और तकनीकी अवसंरचना पर जोर दिखाई देता है। डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन संसाधन और नई तकनीकों के माध्यम से शिक्षा को सुलभ बनाने की बात कही गई है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूलों की भौतिक सुविधाएं और ग्रामीण-आदिवासी क्षेत्रों की जमीनी हकीकत इस डिजिटल छलांग के साथ तालमेल बिठा पाएगी। कई विश्लेषणों में यह चिंता भी जताई गई है कि यदि शिक्षक ही प्रशिक्षित नहीं होंगे, तो स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल लैब और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म धूल ही फांकेंगे। राज्य विश्वविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों की स्थिति पर बजट अपेक्षाकृत मौन दिखाई देता है। जबकि देश के लगभग 80 प्रतिशत विद्यार्थी इन्हीं संस्थानों में पढ़ते हैं, अनुसंधान और बुनियादी सुविधाओं के लिए मिलने वाला अधिकांश फंड अब भी केंद्रीय और प्रीमियम संस्थानों तक सीमित रहता है। इस असंतुलन के कारण राज्य विश्वविद्यालयों में शोध संस्कृति कमजोर होती जा रही है और बजट में इस खाई को पाटने के लिए कोई ठोस रोडमैप साफ नजर नहीं आता। बजट में यह भी उल्लेख है कि शिक्षा, कौशल और रोजगार को जोड़कर "भविष्य की अर्थव्यवस्था" की नींव रखी जा रही है। युवाओं को नेतृत्व के लिए तैयार करने की बात कही गई है और इसे जनसांख्यिकीय लाभांश से जोड़ा गया है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और सरकार इस युवा शक्ति को उत्पादक मानव संसाधन में बदलने का लक्ष्य रखती है, लेकिन यह लक्ष्य तभी साकार होगा, जब शिक्षा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित न रहे, बल्कि आलोचनात्मक सोच, सामाजिक संवेदनशीलता और रचनात्मकता को भी स्थान दे।

कुल मिलाकर, बजट 2026-27 का शिक्षा खंड एक दोहरे संदेश के साथ सामने आता है। एक ओर यह तकनीक, कौशल और रोजगार के जरिए भविष्य की तैयारी की बात करता है, दूसरी ओर यह पुरानी समस्याओं जैसे अपर्याप्त सार्वजनिक निवेश, शिक्षक भर्ती की कमी और राज्य स्तरीय संस्थानों की उपेक्षा से पूरी तरह मुक्त होता नहीं दिखता। यह बजट शिक्षा को आर्थिक विकास के औजार के रूप में तो देखता है, लेकिन उसे सामाजिक समानता और बौद्धिक स्वतंत्रता के व्यापक संदर्भ में रखने का साहस अभी अधूरा लगता है। आखिरकार, यह कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा बजट 2026-27 दिशा तो दिखाता है, लेकिन दूरी अभी तय होनी बाकी है। यह भविष्य की तैयारी का दावा करता है, पर साथ ही यह सवाल भी छोड़ जाता है कि क्या हम पुरानी समस्याओं को हल किए बिना सचमुच एक समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ पाएंगे?

## नोटिस बोर्ड



- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रयागराज रीजन ने संविदा चालकों की भर्ती के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 5 से 12 फरवरी के बीच अलग-अलग स्थानों पर भर्ती मेले लगाए जाएंगे। विभाग के मुताबिक इस अभियान के तहत लगभग 250 संविदा चालकों की नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। वहीं आयु सीमा 23 वर्ष 6 माह से 58 वर्ष तक तय की गई है। चयन के दौरान मौके पर ही दस्तावेजों की जांच की जाएगी, इसके बाद ड्राइविंग टेस्ट होगा।




- एमजेपीआरयू द्वारा सेंटर फॉर एजुकेशन एवं ऑनलाइन एजुकेशन के अंतर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जनवरी सत्र हेतु विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस सत्र में अभ्यर्थी एमए शिक्षा, एमए अर्थशास्त्र, बीकॉम (सामान्य), एमएसडब्ल्यू, एमबीए (मार्केटिंग), एमए अंग्रेजी, एमए हिंदी, एमकॉम (सामान्य), एमए इतिहास तथा एमएससी गणित जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त बीए तथा इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता विषय में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भी नामांकन की सुविधा उपलब्ध है।

## कैंपस में पहला दिन

# एक दिन, जो उम्र भर साथ चला



धर्मेंद्र सिंह चौहान
हल्द्वानी

कॉलेज जीवन की उन यादों में शामिल है, जो समय बीतने के साथ और भी अधिक चमकदार हो जाती हैं। कॉलेज के पहले दिन स्वयं को किसी रियासत का राजकुमार समझते हुए जब बरेली कॉलेज, बरेली की अंग्रेजी शासनकाल की विशाल और भव्य इमारत के भीतर प्रवेश किया, तो मन में एक अद्भुत रोमांच भर उठा। ऊंची छतें, लंबे बरामदे और इतिहास की गवाही देती दीवारें मानो नए सपनों का स्वागत कर रही थीं। विद्यालय के अनुशासित, सीमित और नियमबद्ध वातावरण से निकलकर महाविद्यालय के खुले, उन्मुक्त माहौल में कदम रखते ही लगा कि जीवन ने जैसे नई उड़ान भरने का अवसर दे दिया हो। बिना किसी यूनिफॉर्म के छात्र-छात्राओं की टोलियां परिसर में इधर-उधर घूम रही थीं। कहीं हंसी-ठिठोली थी, कहीं नए परिचयों की झिझक और कहीं भविष्य के सपनों की हलचल। उस क्षण यह एहसास गहराई से हुआ कि जीवन वास्तव में आज ही से शुरू हुआ है।

इसी दौरान कॉलेज के फीस काउंटर के पास एक बुजुर्ग मिले, जो मेरे बड़े भाई को जानते थे। उन्होंने स्नेह से पूछ लिया, "तुम उनके भाई हो?" यही एक छोटा-सा संवाद आगे चलकर गहरी मित्रता की नींव बन गया। अगले कुछ ही मिनटों में अपनापन इतना बढ़ गया कि वह रिश्ता वर्षों तक परम मित्रता में बदल गया और आज भी हम एक-दूसरे के परिवार में बेटे की तरह जुड़े हुए हैं। अभी इस आत्मीयता की गर्माहट मन में थी कि कुछ सीनियर छात्रों के समूह ने हमें रोक लिया। वे हमें कॉलेज की कैंटीन में ले गए, जहां हल्के-फुल्के सवाल-जवाब हुए और परिचय के नाम पर कोई न कोई गतिविधि करने को कहा गया, किसी से गाना, किसी से नाच, तो किसी से चुटकुला। जब मेरी बारी आई और मैंने चुटकुला सुनाया, तो पूरा वातावरण हंसी के ठहाकों से गूंज उठा। प्रसन्न होकर सीनियर छात्रों ने सभी को जलपान भी कराया।




तब तक शाम ढल चुकी थी। महाविद्यालय का वह पहला दिन मेरी स्मृतियों में सदा के लिए अंकित हो गया। आज भी जब उस दिन को याद करता हूं, तो अतीत की वे तस्वीरें मन में ताजा हो जाती हैं और होंठों पर अनायास ही मुस्कान बिखर जाती है।

## करेंट अफेयर्स


- हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हो गया है, जिसके तहत शुल्क (टैरिफ) तत्काल प्रभाव से कम किए जाएंगे। यह घोषणा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई सीधी बातचीत के बाद की गई। ट्रंप के अनुसार, इस समझौते के तहत भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिकी 'पारस्परिक टैरिफ' को 25% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इस डील से द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि, ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव और शुल्क में राहत की उम्मीद जताई गई है। हालांकि इसके कानूनी स्वरूप और दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर अभी भी कुछ सवाल बने हुए हैं।
- हाल ही में रक्षा मंत्री ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड के निगमितकरण के बाद गठित रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम यंत्रा इंडिया लिमिटेड को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा देने की मंजूरी दी। महज चार वर्षों में यह कंपनी पारंपरिक सरकारी ढांचे से निकलकर मजबूत बिक्री और बढ़ते निर्यात के साथ एक लाभकारी उपक्रम बनकर उभरी है। इस निर्णय को भारत में आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को मज़बूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।
- बीते दिनों भारतीय पर्वतारोही कबक यानो ने अर्जेंटीना में स्थित माउंट अकॉनकागुआ की सफलतापूर्वक चोटी पर चढ़ाई की, जो दक्षिण अमेरिका और पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची चोटी है। 22,831 फीट ऊंचाई वाली इस चढ़ाई ने उनके 7-सम्मिट पर्वतारोहण अभियान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। इस उपलब्धि से उनके दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और साहस का परिचय मिलता है और यह पूरे देश के युवा खिलाड़ियों और साहसिक उत्साही लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।
- बीते दिनों भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गंगा के मैदानों में स्थित एक आर्द्रभूमि और कच्छ के शुष्क भू-भाग में स्थित दूसरी आर्द्रभूमि को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि वैश्विक ढांचों के तहत आर्द्रभूमि और जैव विविधता संरक्षण के प्रति भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पाटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ क्षेत्र में स्थित छरी-ढांड (Chhari-Dhand) को आधिकारिक रूप से रामसर आर्द्रभूमि घोषित किया गया है। इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या बढ़कर 98 हो गई है।

## जॉब अलर्ट

### बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB)

- पद का नाम- विभिन्न IT पद (डेवलपर, इंजीनियर, एडमिनिस्ट्रेटर आदि)
- कुल रिक्तियां-418 पद
- योग्यता-CS/IT/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E/B.Tech/M.Tech/M.E/MCA
- आयु सीमा-22 से 37 वर्ष (पद के अनुसार अलग-अलग)
- आवेदन शुल्क-UR/OBC/EWS: 850 | SC/ST/PwD/महिला: 175
- आवेदन की अंतिम तिथि-19 फरवरी 2026
- वेबसाइट-bankofbaroda.bank.in

### डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार



- पद का नाम-ग्रामीण डाक सेवक (GDS) - ब्रांच पोस्टमास्टर (BPM), असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर (ABPM), डाक सेवक
- पदों की संख्या-28636 (संभावित) अनुलग्नक-I के अनुसार (डिवीजन-वार रिक्ति पोर्टल पर उपलब्ध है)
- वेतन-BPM: 12,000 से 29,380, ABPM/डाक सेवक: 10,000 से 24,470
- योग्यता- गणित और अंग्रेजी में पासिंग मार्क्स के साथ 10 वीं कक्षा (SSE)
- आयु सीमा-18 से 40 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तारीख-16 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://indiapost.gov.in/

### यंत्र इंडिया लिमिटेड ट्रेड अप्रेंटिस

- पद का नाम-ट्रेड अप्रेंटिस (पूर्व-आईटीआई और गैर-आईटीआई)
- कुल रिक्तियां-लगभग 3979 पद
- आवेदन का तरीका-ऑनलाइन
- प्रशिक्षण स्थान-आयुध और आयुध उपकरण कारखाने (पूरे भारत में)
- वजीफा-8200 - 9600 प्रति माह
- आवेदन की अंतिम तिथि-03 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://recruit-gov.com

# स्कूल-शिक्षक-समाज : नीति के चौराहे पर खड़ा उत्तराखंड

उत्तराखंड में विद्यालयों और महाविद्यालयों में न्यून छात्र संख्या के आधार पर पदों के समायोजन, स्थानांतरण और नई भर्तियों पर रोक से जुड़ी हालिया खबर केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह राज्य की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के भविष्य और ग्रामीण समाज की संरचना से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यह विषय जितना वित्तीय अनुशासन से जुड़ा है, उतना ही सामाजिक न्याय, शैक्षिक समानता और संवैधानिक दायित्व से भी।



जीवन सिंह सैनी
लेखक

राज्य के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन की धुरी रहे हैं। पलायन, बेरोजगारी, स्वास्थ्य व आधारभूत सुविधाओं के अभाव ने पहले ही इन क्षेत्रों को कमजोर किया है। ऐसे में छात्र संख्या में प्रतिवर्ष 7 से 12 प्रतिशत की गिरावट एक स्वाभाविक सामाजिक परिणाम है, न कि शिक्षकों या विद्यालयों की विफलता। यदि इसी गिरावट को आधार बनाकर स्कूलों को 'अप्रासंगिक' ठहराया जाएगा, तो यह समस्या के समाधान के बजाय उसे और गहरा करेगा। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत क्लस्टर योजना का उद्देश्य संसाधनों का साझा उपयोग और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार है। किंतु जब इस योजना को केवल न्यून छात्र संख्या से जोड़कर देखा जाता है और उसका परिणाम शिक्षकों को 'सरप्लस' घोषित कर स्थानांतरण के रूप में निकलता है, तो नीति की आत्मा ही आहत होती है। शिक्षा नीति का लक्ष्य शिक्षक को असुरक्षित करना नहीं, बल्कि उसे सशक्त बनाना होना चाहिए।



वित्त विभाग का यह तर्क कि संसाधनों का बेहतर प्रबंधन आवश्यक है, अपनी जगह उचित है, लेकिन क्या बेहतर प्रबंधन का अर्थ पदों को कम करना या रिक्त छोड़ देना ही है? क्या यह नहीं देखा जाना चाहिए कि राज्य के कई दुर्गम क्षेत्रों में आज भी विषय विशेषज्ञों और योग्य शिक्षकों की भारी कमी है? यदि कुछ विद्यालयों में छात्र संख्या कम है, तो समाधान विद्यालय बंद करना या पद घटाना नहीं, बल्कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नवाचार, बहुस्तरीय शिक्षण, डिजिटल सहायता और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना होना चाहिए।

शिक्षकों को बार-बार दुर्गम से सुगम और सुगम से दुर्गम स्थानों पर स्थानांतरित करने की नीति ने पहले भी शिक्षा की निरंतरता को नुकसान पहुंचाया है। शिक्षक असुरक्षा के वातावरण में न तो शैक्षणिक नवाचार कर पाता है और न ही समाज के साथ स्थायी रिश्ता बना पाता है। यदि सरप्लस के नाम पर स्थानांतरण का नया फॉर्मूला लागू हुआ, तो इसका सीधा असर शिक्षकों के मनोबल, पारिवारिक जीवन और शैक्षणिक गुणवत्ता पर पड़ेगा। यह भी विचारणीय है कि पद समाप्त होने या रिक्त रहने से अल्पकालिक वित्तीय बचत तो हो सकती है, लेकिन दीर्घकाल में इसका मूल्य समाज को चुकाना पड़ेगा। जब स्कूल कमजोर होंगे, तो निजी और महंगी शिक्षा का दबाव बढ़ेगा, जिससे सामाजिक असमानता और गहरी होगी। ग्रामीण बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार केवल कागजी रह जाएगा। राजकीय शिक्षक संघ द्वारा समय रहते इस विषय को उठाना दूरदर्शिता का परिचायक है। यदि 2023 में पदोन्नति मुद्दा था, तो 2026 में आर्थिक हानियों से बचाव और 2028-2030 में स्कूल व नौकरी बचाने की चेतावनी एक गंभीर संकेत है। यह केवल शिक्षकों की लड़ाई नहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा प्रणाली को बचाने की लड़ाई है। अब आवश्यकता है कि शिक्षक संगठन भावनात्मक नहीं, बल्कि अकादमिक और नीतिगत स्तर पर ठोस प्रस्ताव लेकर आगे आए। जैसे-

- न्यून छात्र संख्या वाले विद्यालयों में बहु-विषयक और बहु-ग्रेड शिक्षण मॉडल लागू करना।
- क्लस्टर योजना में शिक्षक सुरक्षा को अनिवार्य शर्त बनाना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शैक्षिक प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करना।
- पदों को समाप्त करने के बजाय पुनर्नियोजन और प्रशिक्षण के माध्यम से उपयोगी बनाना। सरकार और शिक्षक संघ दोनों को यह समझना होगा कि शिक्षा खर्च नहीं, निवेश है। यदि आज विद्यालय और शिक्षक सुरक्षित नहीं किए गए, तो आने वाले वर्षों में समाज, राज्य और लोकतंत्र तीनों इसकी कीमत चुकाएंगे। कलम की शक्ति तभी बुलंद होगी, जब नीति में संवेदनशीलता और निर्णय में दूरदृष्टि होगी।

अमृत विचार

मुरादाबाद, गुरुवार, 5 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एनजीईएल का 125 मेगावाट क्षमता का परिचालन शुरू

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने राजस्थान के फलोदी में 125 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता का परिचालन शुरू किया। एनजीईएल ने शेयर बाजार को बताया कि यह कंपनी की अनुषंगी इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के 500 मेगावाट (एमडब्ल्यू) भाडला सोलर पीवी परियोजना का हिस्सा है। राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड से प्राप्त प्रमाणपत्र पर भाडला सोलर पीवी परियोजना की दूसरी चरण की 125 मेगावाट क्षमता का वाणिज्यिक परिचालन 31 जनवरी देर रात 12 बजे से शुरू किया गया।

### भारत के लिए दो अंकीय वृद्धि संभव : मुकेश

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए निरंतर दोहरे अंकों की वृद्धि संभव है और किसी भी देश को स्थिर आर्थिक नेतृत्व ही परिभाषित करता है। जियोब्लैकरॉक के कार्यक्रम में अंबानी ने कहा कि अगले दशक में भारत अपनी 80 प्रतिशत ऊर्जा का आयात नहीं करेगा। भारत के हर गांव में 5जी नेटवर्क है जो किसी भी अन्य देश से बेहतर एवं सस्ते हैं। आर्थिक वृद्धि के लिए 15-20 वर्ष तक निरंतर कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव आवश्यक है। उन्होंने कहा, '''' मैं स्पष्ट तौर पर देश में रिलायंस जैसी 100 नई कंपनियों को उभरते हुए देखता हूं।

### बजाज फिनसर्व का लाभ 2,229 करोड़ पर स्थिर

**नई दिल्ली।** बजाज फिनसर्व का तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ स्थिर रहा और यह 2,229 करोड़ दर्ज किया गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 2,231 करोड़ का लाभ हुआ था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी दी। आलोच्य तिमाही में बजाज फिनसर्व की कुल आय बढ़कर 39,708 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 32,042 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 33,404 करोड़ रुपये हो गया।

# अमेरिका के औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की शृंखला पर शुल्क शून्य करेगा भारत

## अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि बोले- भारत कुछ क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा जो संरक्षित हैं

- **अमेरिका भारत के खिलाफ 18 प्रतिशत का शुल्क स्तर बनाए रखेगा : यूएसटीआर**

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी**

भारत व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत शृंखला जैसे कि फल और सब्जियों पर शुल्क को घटाकर शून्य कर देगा। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने इस समझौते को बड़ी जीत करार दिया और कहा कि भारत उन कुछ प्रमुख क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा जिन्हें संरक्षण प्राप्त है।

ग्रीर ने कहा कि अब समझौता पक्का हो गया है। हम कागजी कार्रवाई पूरी कर लेंगे, लेकिन हमें सारी बारीकियां पता हैं। हमें सारी जानकारी है। यह एक बहुत ही बेहतरीन अवसर है। अमेरिका भारत के खिलाफ 18 प्रतिशत का शुल्क स्तर बनाए रखेगा, क्योंकि हमारा उनके साथ बहुत बड़ा व्यापार घाटा है लेकिन उन्होंने कृषि उत्पादों, निर्मित वस्तुओं, रसायनों, चिकित्सा उपकरणों आदि की एक विस्तृत शृंखला पर हमारे लिए अपने शुल्क को कम करने पर भी सहमति व्यक्त की है। यह दोनों देशों के लिए बेहतरीन मौका है।

ग्रीर ने कहा कि भारत के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर वर्तमान में औसत शुल्क 13.5 प्रतिशत है। यह सभी वस्तुओं पर लगभग शून्य हो जाएगा। लगभग कहने का मतलब 98-99 फीसदी से है। कृषि क्षेत्र में कृषि उत्पादों की एक विशाल शृंखला है। इसलिए यह शुल्क शून्य हो जाएगा। ग्रीर ने कहा कि अमेरिका समेत दुनिया के हर देश की तरह भारत में भी कुछ खास क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था है, जिन पर हमारा नियंत्रण बना रहेगा। हम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम करते रहेंगे। हालांकि कई चीजों जैसे मेवे, शराब, स्पिरिट, फल, सब्जियां आदि पर लगभग शून्य शुल्क होगा। यह एक बड़ी जीत है।

### भारत प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब डॉलर के निवेश पर सहमत



अमेरिकी राष्ट्रपति आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत के साथ हुए नए व्यापार समझौते पर कहा कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश पर भी सहमति व्यक्त की है। कैरोलिन ने कहा कि ट्रंप ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सीधे बात की। दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत न केवल रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने को भी प्रतिबद्ध है। संभवत: वेनेजुएला से भी जिससे हमें पता है कि अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 500 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है जिसमें परिवहन, ऊर्जा एवं कृषि उत्पाद भी शामिल हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप की बदौलत यह एक और शानदार व्यापार समझौता है। इससे पहले, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कैरोलिन ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच सोमवार को शानदार बातचीत हुई जिसके बाद द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा हुई।

# भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने वाली विदेशी कंपनियों पर कोई कर जोखिम नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**





- **आईटी मंत्रालय से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों को ही मिलेगा लाभ**

वैश्विक स्तर पर क्लाउड सेवाएं देने वाली विदेशी कंपनियों को 20 साल की कर छूट देने का बजट प्रस्ताव केवल उन्हीं कंपनियों पर लागू होगा, जिन्होंने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित किया है। ऐसे मामलों में इन विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बजट की यह घोषणा उन विदेशी कंपनियों को भी निश्चितता प्रदान करेगी, जो भारत में डेटा सेंटर से क्लाउड सेवाएं और खरीद सेवाएं के कारोबार में हैं। अब भारतीय डेटा सेंटर वैश्विक क्लाउड इकाइयों को आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं दे सकते हैं क्योंकि इन वैश्विक इकाइयों को भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करने पर किसी कर जोखिम की आशंका नहीं रहेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 के बजट में घोषणा की थी कि जो भी विदेशी कंपनी भारत से डेटा सेंटर सेवाओं का उपयोग कर वैश्विक ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करती है, उसे 2047 तक कर छूट दी जाएगी। हालांकि, ऐसी कंपनियों को भारतीय ग्राहकों को सेवाएं एक भारतीय रीसेलर इकाई के माध्यम से देनी होंगी।

# आरबीआई की बैठक में रेपो दर यथावत रखने की संभावना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया।

यह बैठक आम बजट और भारत-अमेरिका समझौते की घोषणा पर हो रही है। समिति का फैसला शुक्रवार सुबह गवर्नर मल्होत्रा घोषित करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है। कुछ के अनुसार, उधारी लागत को और कम करने के लिए केंद्रीय बैंक एक और दर कटौती कर सकता है।

# ... तो बहेड़ी से केसर की 95 साल पुरानी रिश्ते की डोर टूट जाएगी

- **1933 में बनी केसर शुगर मिल के सामने खड़ी हो गई आर्थिक तंगी, बेचने की होने लगी बात**

**शुऐब, बहेड़ी।**





**अमृत विचार :** केसर मतलब बहेड़ी और बहेड़ी मतलब केसर। केसर की चीनी, देश भर में मशहूर रही। दिन और रात मिल की कई समय पर बजने वाली सीटी, लोगों के कानों को भाती ही नहीं थी, बल्कि वह उससे वक्त का अंदाज़ा भी लगा लेते थे। 95 साल तक बनी रही इस पहचान का यह रिश्ता अब टूटने की कगार पर है।

ब्रिटिश शासन 1933 में बहेड़ी में लगी केसर शुगर मिल के जरिए केसर के बहेड़ी से बने रिश्ते टूटने की वजह केसर ग्रुप का आर्थिक संकट में फंस जाना है। किसानों का गन्ना मूल्य का 140 करोड़ रुपया बकाया है और बैंकों के साथ सप्लायर्स की भी बड़ी देनदारी मिल पर है। आर्थिक संकट से उबरने को मिल प्रबंधन ने कई साल हाथ पैर मारे, लेकिन संकट से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला। थक हार कर प्रबंधन अब मिल को किसी दूसरे को सौंपने की तैयारी में हैं।

किलाचंद ग्रुप की मिल के मालिकान के सामने अब सिर्फ दो ही विकल्प हैं। पहला मिल को बेच देना और दूसरा किसी के साथ पार्टनरशिप कर मिल को चलाते रहना। फिलहाल मिल प्रबंधन दोनों विकल्पों पर काम कर रहा, और बहुत जल्द तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

### किलाचंद-देवचंद ग्रुप ने लगाई थी केसर मिल

गुजरात से मुंबई आकर व्यापार कर रहे सेठ किलाचंद देवचंद ग्रुप ने बहेड़ी में 1932-33 में चीनी मिल लगाई थी। द केसर शुगर वर्क्स लिमिटेड के नाम से लगाई मिल से बनी चीनी दूर-दूर तक मशहूर थी। मिल में उस वक्त गन्ना पेराई के लिए हालैण्ड की स्टॉक कंपनी के एंटीक भाप इंजन को लगाया गया था। 800 टन पेराई क्षमता वाली चीनी मिल तरक्की करते हुए अब 7200 टन क्षमता वाली मिल बन गई है। इस बीच 1991 में इसका नाम केसर इंटरप्राइजेज लिमिटेड हो गया। मिल में डिस्टिलरी व कोजेन प्लांट भी लगे, लेकिन डिस्टलरी बंद हो गई। डिस्टलरी को कुछ साल पहले शुरू करने के फिर प्रयास हुए, और 90 करोड़ रुपये लगाकर इसमें इथेनोल प्लांट लगाया गया, लेकिन यह चल नहीं पाई, और इसे फिर बंद करना पड़ा। हालांकि मिल में 1 लाख बोरी चीनी रखने का गोदाम बनने के साथ आलीशान एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक भी बना।

### हमारा प्रयास है इंडस्ट्री चलती रहे : शरत



केसर ग्रुप के सीईओ शरत मिश्रा ने कहा कि 11 साल में कुछ इस तरह की परिस्थितियां बनी कि हम आर्थिक संकट में फंसते गए। कोजन प्लांट लगाने के बाद अचानक 4 साल चीनी मिलें घाटे में चली गईं, इसी बीच बिजली के तय रेट सरकार ने कम कर दिए, और इसमें भी लॉस होने लगा। अकेले बिजली दर में आए अंतर का करीब 125 करोड़ रुपये सरकार पर है, जिसका दूसरी मिलों के साथ कोर्ट में केस चल रहा है, ऐसे में बैंकों का बोझ बहुत ज़्यादा बढ़ गया, और इसी वजह से हमें किसानों का पैसा देने में देर होने लगी। उन्होंने कहा कि समस्या का हल निकालने को कुछ ग्रुप्स से बात जारी है। ट्रेनी के सबसे छोटे पद से नौकरी शुरू करने और केसर ग्रुप के सर्वोच्च पद सीईओ पर पहुंचने वाले शरत मिश्रा ने बताया कि हम चाहते हैं, इंडस्ट्री चलती रहे, और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास कर रहे हैं। इसी से किसानों और क्षेत्र का भला है। जहां इंडस्ट्री बंद हुईं, वहां बर्बादी का हाल हम सब देख ही रहे हैं।

### आर्थिक तंगी ने केसर के सामने खड़ी की मुश्किलें

दरअसल केसर मिल कई साल से आर्थिक तंगी से गुज़र रही है। हर साल मिल गन्ना किसानों का 150-200 करोड़ रुपया बकाया रखते हुए बंद हो रही है। चालू सत्र की चीनी बेचकर पुराना पैसा देने का चलन चल रहा था। पिछले सीजन में पैसा न मिलने से किसानों ने केसर को कम गन्ना दिया, जिससे मिल सिर्फ 60 लाख कुंटल गन्ना पेराई कर पाई। पिछले साल का पैसा न देने पर इस बार शासन ने मिल के करीब 2 दर्जन सेंटर काट दिए, जिससे मिल के पास आधे सेंटर ही रह गए। प्रबंधन ने इस साल 8 दिन में पैसा भुगतान का वादा करते हुए पेमेंट देना शुरू किया, तो मिल को आधे सेंटर होने के बावजूद अच्छा गन्ना मिल रहा है, और अब तक 45 लाख कुंटल गन्ना पेराई कर भी लिया है, लेकिन पिछले साल का 140 करोड़ रुपया देने का प्रबंधन के पास कोई इंतज़ाम नहीं हो पाया। दूसरी तरफ बैंकों का मोटा पैसा मिल पर बकाया है, जिसका ब्याज बढ़ रहा है। सप्लायर्स और चीनी व्यापारियों की देनदारी है, साथ ही कर्मचारियों को वेतन देने की चुनौती। कुल मिलाकर केसर प्रबंधन खुद को पैसों के इंतज़ाम के लिए असहाय महसूस करने लगा है।



# समझौते में हम कृषि क्षेत्र की सुरक्षा करने में रहे सफल

## केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा और राज्यसभा में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर दिया वक्तव्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**



संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में भाषण देते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

संसद में बुधवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि भारत इस समझौते में कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में अपनी ओर से भारत एवं अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत को विकसित बनाने की दिशा में देश की यात्रा को मजबूती मिलेगी।

गोयल ने कहा कि दोनों देश नियमित रूप से चर्चा कर रहे थे, दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर गहन बातचीत की है। उनका कहना था कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए यह समझौता करने में सफल रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर चर्चा की और इसके बाद ट्रंप ने अमेरिका के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। गोयल ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि यह अमेरिका द्वारा कई प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए शुल्क से कम है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को तुलनात्मक लाभ प्रदान करेगा।

मंत्री के अनुसार, भारतीय पक्ष विशेष रूप से कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने जोर दिया, खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक ढांचागत समझौता दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते की प्रक्रियाओं और कागजी कार्रवाई को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश को विकसित बनाने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए ऊर्जा, विमानन, डेटा केंद्र और परमाणु ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता होगी और अमेरिका इन क्षेत्रों में अग्रणी देश है।

### संसद सत्र के दौरान वाणिज्य मंत्री की प्रेस वार्ता सदन की परंपरा का उल्लंघन है : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा सत्र के दौरान संसद के बाहर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस वार्ता करने पर चिंता व्यक्त की। तिवारी ने शून्यकाल के दौरान नियम 258 का हवाला देते हुए कहा कि सदन नियमों और परंपराओं के अनुसार चलता है। सदन की परंपरा रही है कि जब संसद का सत्र चल रहा हो, तो नीतिगत मुद्दों को सदन के बाहर नहीं उठाया जा सकता। हालांकि, कल वाणिज्य मंत्री ने व्यापार समझौते पर प्रेस वार्ता की। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने व्यवस्था के प्रश्न को खारिज करते हुए कहा कि मंत्री को बुधवार को ही सदन में इस मुद्दे पर बयान देना था। उन्होंने कहा कि मंत्री आज बयान देने वाले हैं, इसलिए व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है। इस पर तिवारी ने कहा कि वह मंगलवार की बात को लेकर चिंता जता रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस सदस्य की आपत्ति को स्वीकार करते हुए कहा कि वह व्यवस्था के प्रश्न से सहमत हैं और ऐसी परंपरा मौजूद है। रीजीजू ने कहा कि कल लोकसभा में (व्यापार समझौते पर) बयान देने का कार्यक्रम था। परिस्थिति ऐसी बनी कि बयान देना संभव नहीं हो सका। आज राज्यसभा और लोकसभा दोनों जगह बयान दिया जाएगा। तिवारी के बार-बार आग्रह करने के बावजूद सभापति ने इस विषय पर आगे की चर्चा की अनुमति नहीं दी। बाद में, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य जॉन ब्रिटास ने नियम 267 के तहत व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए निर्धारित कार्यवाही को स्थगित करने की मांग की। सभापति ने इसे खारिज करते हुए कहा कि आप नियम 267 के आधार पर खुद को सही बता रहे हैं। पहले ही इस संबंध में फैसला दिया जा चुका है। बहुत ही आपातकालीन स्थिति को छोड़कर नियम 267 के तहत कोई प्रस्ताव नहीं रखा जाएगा।

# रोहिलखंड मेडिकल कालेज की डॉ. अपर्णा ने दिल्ली में जीता स्वर्ण

**संवाददाता, बरेली**



जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान।

- **नई दिल्ली स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को हुई 7वीं राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में एमएस जनरल सर्जरी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर शोध पत्र प्रस्तुत कर स्वर्ण पदक एवं प्रथम पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को 7वीं राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस आयोजित की गयी। इसमें जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर बेस्ट पेपर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि इससे रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं जनरल सर्जरी विभाग की शैक्षणिक प्रतिष्ठा भी राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ हुई है। सफलता के बाद संस्थान आगमन पर डॉ. अपर्णा को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद सेठ ने शुभकामनाएं दीं। विवि प्रशासन एवं विभागीय सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि को संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय बताया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान ने जानकारी दी है।

# मोदी सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते

**नई दिल्ली, एजेंसी**





- **राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री आज संसद में नहीं आए क्योंकि वह डरे हुए हैं**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी आज संसद में नहीं आए क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते हैं। राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण की एक प्रति लेकर संसद पहुंचे थे और कहा था कि यदि प्रधानमंत्री सदन में आते हैं तो वह यह पुस्तक उन्हें भेंट करेंगे।

लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जैसा मैंने कहा, प्रधानमंत्री संसद में नहीं आएंगे क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। इससे पहले, उन्होंने इस अप्रकाशित पुस्तक के एक अंश का हवाला देते हुए दावा किया कि जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। उन्होंने पुस्तक दिखाते हुए कहा कि वे कहते हैं कि यह किताब अस्तित्व में नहीं है, लेकिन यह रही किताब।

### सच्चाई से डर रही सरकार : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दावा किया कि सरकार राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दे रही है क्योंकि वह इस बात को लेकर डरी हुई है कि चीन के साथ सैन्य तनाव के समय की उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में कहा कि जब मोदी सरकार सदन को बाधित करना चाहती है, तो निशिकांत दुबे को बोलने के लिए खड़ा कर देती है। राहुल गांधी को संसद में, पब्लिश हो चुकी किताब से कुछ उद्धृत नहीं करने दिया गया, वहीं निशिकांत दुबे 6 किताबें लिए हुए हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से उद्धृत कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है।

# छात्रा को थप्पड़ मारने में शिक्षिका को तीन साल की सजा

**गांधीनगर।** गुजरात में गांधीनगर की अदालत ने होमवर्क पूरा न करने पर नौवीं कक्षा की छात्रा को थप्पड़ मारने की आरोपी स्कूल शिक्षिका को दोषी ठहराते हुए तीन साल से अधिक की सजा सुनाई है। इस घटना से छात्रा के बाएं कान का पर्दा फट गया और उसे सुनने में दिक्कत होने लगी।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशु चौधरी ने 30 जनवरी को फैसले में कहा कि यह अपराध शिक्षक द्वारा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल था, जिससे 14 साल की लड़की को गंभीर चोट लगी और उसे सुनने में दिक्कत हुई। अदालत ने कहा कि घटना के साढ़े चार साल बाद भी पीड़िता का उपचार जारी है।

# उप्र के संविदा शिक्षक 17 हजार रुपये मासिक वेतन के हकदार



- **उच्चतम न्यायालय ने कहा- अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हजारों संविदा शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को फैसला सुनाया कि वे 2017-18 से 17 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के हकदार हैं और उनके अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए। न्यायालय ने कहा कि इन शिक्षकों का पारिश्रमिक हमेशा के लिए 7,000 रुपये तय करने जैसा अन्यायपूर्ण तरीका जबरन काम कराने और बेगार के समान है, जिसपर संविधान के अनुच्छेद 23 के तहत कड़ी पाबंदी है।

उत्तर प्रदेश सरकार की अपील खारिज करते हुए न्यायमूर्ति पंकज मिश्रा और पीबी वराले की पीठ ने राज्य को आदेश दिया कि वह एक अप्रैल 2026 से इन शिक्षकों को प्रति माह 17,000 रुपये के हिसाब से मानदेय देना शुरू करे और बकाया राशि का भुगतान आज से छह महीने के अंदर किया जाए। अदालत ने कहा कि आंशिक समय या संविदा पर नियुक्त किए गए प्रशिक्षकों/शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभिक 11 महीने के अनुबंध या विस्तारित अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर संविदा नियुक्ति नहीं रह जाती। इन प्रशिक्षकों/शिक्षकों ने दस साल से अधिक समय तक लगातार काम किया है, इसलिए इन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाएगा, क्योंकि समय के साथ और काम की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे पदों का स्वचालित रूप से सृजन हो जाता है।

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या इस बात की संभावना है कि वह जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उनकी हिरासत पर विचार कर सकती है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि वांगचुक की स्वास्थ्य रिपोर्ट ठीक नहीं है और केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज को इस मामले में निर्देश लेने चाहिए। अदालत ने कहा कि दलीलों, जवाबी दलीलों और कानूनी पहलुओं के अलावा अदालत का एक अधिकारी होने के अलावा इस बात पर भी विचार करें। पांच महीने पहले 26 सितंबर 2025 को हिरासत संबंधी आदेश जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति पर विचार करते समय हमने जो रिपोर्ट देखी है, उससे पता चलता है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। कुछ आयु संबंधी और कुछ दूसरी समस्याएं हैं। क्या सरकार की ओर से पुनर्विचार किए जाने की कोई संभावना है? नटराज ने कहा कि संबंधित प्राधिकारियों से सुझाव लेंगे।

# पहले ही रोके जा सकते हैं कैंसर के 30 प्रतिशत मामले : संयुक्त राष्ट्र

- आईएआरसी के ताजा शोध के हवाले से किया गया दावा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र की कैंसर अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी (आईएआरसी) के एक ताज़ा अध्ययन में सामने आया है कि कैंसर के लगभग 30 प्रतिशत मामलों को पहले ही रोका जा सकता है। यह अध्ययन तंबाकू, शराब, उच्च बॉडी मास इंडेक्स, शारीरिक निष्क्रियता, वायु प्रदूषण और पराबैंगनी विकिरण सहित 30 रोकथाम योग्य कारणों पर आधारित है।

विश्व कैंसर दिवस,चार फरवरी के अवसर पर जारी इस अध्ययन में पहली बार नौ कैंसर पैदा करने वाले संक्रमणों को भी शामिल किया गया है, जैसे कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी), जो सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर का कारण बन सकता है। वर्ष 2020 में दुनिया भर में लगभग एक करोड़ मौतें इसी बीमारी से हुईं, जो कि लगभग हर छह मौतों में से एक का कारण है। अनुमान बताते हैं कि यदि वर्तमान रुझान जारी रहा, तो 2040 तक नए मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जो प्रभावी रोकथाम रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है।

### 185 देशों में किया गया अध्ययन

अध्ययन में 185 देशों और 36 प्रकार के कैंसर के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। इस तरह का अनुमान है कि वर्ष 2022 में कैंसर के कुल नये मामलों में से 37 प्रतिशत (लगभग 71 लाख) ऐसे थे जिन्हें रोका जा सकता था। डब्ल्यूएचओ के कैंसर नियंत्रण टीम के प्रमुख डॉ. आंद्रे इल्बावी ने कहा, देशों और जनसंख्या समूहों के स्वरूपों की जांच करके, हम अधिक विशिष्ट जानकारी दे सकते हैं ताकि कई कैंसर के मामलों को शुरू होने से पहले ही रोकने में मदद मिल सके।

## ऑनलाइन गेमिंग की घातक लत

# डिजिटल डेथ ट्रैप

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद (भारत सिटी सोसाइटी) में 4 फरवरी 2026 को एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। यहां तीन सगी बहनों (निशिका 16, प्राची 14 और पाखी 12) ने नौवीं मंजिल से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये किशोरियां एक कोरियन लव गेम (जिसे वी आर कोरियन्स या लव गेम भी कहा जा रहा है) की बुरी तरह आदी थीं। उनके सुसाइड नोट में सॉरी पापा के साथ-साथ कोरियाई संस्कृति और गेम के प्रति उनके जुनून की झलक मिली, जहां उन्होंने लिखा था कि वे इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकतीं। यह मामला केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि उस डिजिटल मकड़जाल का हिस्सा है जो बच्चों को धीरे-धीरे वास्तविकता से काटकर मौत के मुहाने तक ले जाता है।



### कानूनी स्थिति और प्रतिबंध

- आईटी एक्ट की धारा 69ए : सरकार उन ऐप्स या गेम्स को प्रतिबंधित कर सकती है जो सार्वजनिक व्यवस्था या सुरक्षा के लिए खतरा हों।
- ब्लू व्हेल पर कार्रवाई : भारत सरकार ने पूर्व में इंटरनेट दिग्गजों (गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम) को निर्देश दिया था कि वे ब्लू व्हेल गेम के लिंक तुरंत हटा दें।
- वर्तमान स्थिति : हालांकि विशिष्ट 'कोरियन गेम्स' पर अभी राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध नहीं है, लेकिन पुलिस और साइबर एजेंसियां ऐसे संदिग्ध ऐप्स की जांच कर रही हैं।

### मनोवैज्ञानिक कारण

- व्यवहार सुदृढ़ीकरण : ये गेम टास्क-आधारित हो सकते हैं। छोटे टास्क पूरे करने पर मिलने वाली डोपामाइन की लहर बच्चों को इसका आदी बना सकती है।
- भावनात्मक शून्यता और अलगाव : गेम की दुनिया में डूबे बच्चे स्कूल जाना बंद कर देते हैं और सामाजिक संबंधों से कट जाते हैं। गाजियाबाद की बहनें भी दो साल से स्कूल नहीं गई थीं।
- नियंत्रण खोना : किशोरों का मस्तिष्क पूरी तरह विकसित नहीं होता, जिससे वे सही-गलत का फैसला नहीं कर पाते। जब माता-पिता गेम पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो वे इसे अपनी पहचान पर हमला मानते हैं।
- आत्महत्या का संक्रमण : जब एक ही परिवार के बच्चे एक साथ गेम खेलते हैं, तो वे एक-दूसरे के व्यवहार को प्रभावित करते हैं, जिससे सामूहिक आत्मघाती कदम उठाने का जोखिम बढ़ जाता है।

### चेतावनी के संकेत

- अचानक से स्कूल जाना या पढ़ाई छोड़ देना।
- रात-रात भर जागकर फोन का इस्तेमाल करना।
- शरीर पर रहस्यमय कट या निशान होना।
- मोबाइल छीनने पर अत्यधिक गुस्सा या हिंसक व्यवहार करना।
- अकेले कमरे में बंद रहना और परिवार से दूरी बना लेना।

### बचाव के उपाय

- संवाद बढ़ाएं : बच्चों से बात करें। अहसास दिलाएं कि वे अकेले नहीं हैं।
- डिजिटल डिटॉक्स : फोन के इस्तेमाल के लिए समय सीमा तय करें। भोजन और सोते समय फोन का प्रयोग वर्जित करें।
- पैरेंटल कंट्रोल : मोबाइल में पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स का उपयोग करें ताकि आपत्तिजनक ऐप्स डाउनलोड न हो सकें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डेनमार्क में ग्रेनेड विस्फोट में दो को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजराइली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमश: 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजराइली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवक अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

### यौन उत्पीड़न केस में भारतीय दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की एक संघीय जिला अदालत ने एक भारतीय नागरिक को विमान में महिला का यौन उत्पीड़न करने के मामले में दोषी करार दिया है। बिना वैध नागरिकता के रह रहे वरुण अरोड़ा (38) को मई में सजा सुनाई जाएगी और उसे दो साल तक की जेल की सजा हो सकती है। अदालती विवरण और मुकदमे में पेश किए गए सबूतों के अनुसार, अगस्त 2024 में रोड आइलैंड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान के उतरने के दौरान अरोड़ा ने महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।

### पंजाब में ड्रोन से गिराई चार किग्रा हेरोइन

**तरनतारन।** पंजाब में तरन तारन पुलिस ने बुधवार को सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान में सीमा चौकी कालियान के कृषि क्षेत्रों से 3 .925 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीम ने एक डीजेआई मैट्रिस ड्रोन भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से खेप पहुंचाने के लिए किया जाता था।

### नाइजीरिया में 162 लोगों की हत्या की

**सोकोतो।** पश्चिमी नाइजीरिया के दो गांवों पर हमलों के दौरान हथियारबंद चरमपंथियों ने कम से कम 162 लोगों की हत्या कर दी। हालिया महीनों में यह सबसे बर्बर हमला है। स्थानीय सांसद मोहम्मद उमर ने कहा कि हमले मंगलवार की शाम को क्वारा राज्य के वोरो और नुकु गांवों में किए गए। ये हमले लकुरावा नामक संगठन ने किए, जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा समूह है।

# ड्रोन हमले की घटना के बाद ईरान अमेरिका वार्ता की उम्मीद धूमिल

## अपने विमान वाहक पोत के करीब अमेरिका ने मार गिराया था ईरानी ड्रोन

- ईरान की सफाई, ड्रोन से टूट गया था संपर्क, कारणों की हो रही जांच

काहिरा, एजेंसी

ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक निरीक्षण मिशन पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया जिसके कारणों की जांच की रही है। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों तरफ से हुई इस आक्रामक कार्रवाई से दोनों देशों में बातचीत की उम्मीद प्रभावित हो सकती है।

अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिंकन की ओर अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था। ड्रोन को आत्मरक्षा की कार्रवाई में मार गिराया गया। इस मुठभेड़ में कोई भी अमेरिकी सैनिक घायल नहीं हुआ और न ही किसी उपकरण को नुकसान पहुंचा। यह मुठभेड़ आने वाले दिनों में अमेरिका-ईरान वार्ता की अस्थायी संभावनाओं के बीच हुई है। इससे पहले दिन में, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने कहा था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को अमेरिका के साथ निष्पक्ष एवं न्यायसंगत बातचीत करने का निर्देश दिया है। एक्स पर पेज़ेश्कियन ने कहा कि यह कदम क्षेत्रीय सरकारों द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वार्ता प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोध के बाद उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी वार्ता गरिमा, विवेक एवं तत्परता की सीमाओं में होनी चाहिए।



### ट्रंप से बैठक के बाद कोलंबिया के रूख में नरमी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली बैठक को मैत्रीपूर्ण और सकारात्मक बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रंप ने पेट्रो को बीमार और नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रंप के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की।

### ओमान में हो सकती है दोनों देशों में वार्ता

**दुबई।** तनाव के बावजूद दोनों देशों में ओमान में वार्ता हो सकती है। ईरानी समाचार एजेंसियों ने खबर दी है कि ईरान और अमेरिका के बीच शुक्रवार को ओमान में वार्ता संभव है। हालांकि ओमान ने यह स्वीकार नहीं किया कि वह वार्ता की मेजबानी करेगा। ओमान ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता के कई दौरों की मेजबानी कर चुका है। अमेरिका ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि वार्ता ओमान में होगी। हालांकि, व्हाइट हाउस ने वार्ता होने की उम्मीद जताई है। तुर्की ने भी मध्यस्थता की पेशकश की है। वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि आगामी दिनों में होने वाली वार्ताओं के लिए स्थान तय करने को विचार-विमर्श जारी है।

# विदेश मंत्री जयशंकर व रुबियो ने व्यापार समझौते का किया स्वागत

- दोनों ने ऊर्जा, परमाणु, रक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर की चर्चा

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हुए व्यापार समझौते का स्वागत किया और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और खनन पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर मंगलवार को चर्चा की।

बुधवार को अमेरिका द्वारा आयोजित होने वाली पहली महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, रुबियो ने वाशिंगटन डीसी में मंगलवार को विदेश मंत्रालय में जयशंकर के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया आज दोपहर अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो से मिलकर बेहद प्रसन्नता हुई।

द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडे, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। उन्होंने लिखा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के जिन पहलुओं पर चर्चा हुई उनमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी शामिल थे। हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न तंत्रों की बैठकें शीघ्र आयोजित करने पर सहमति बनी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट द्वारा जारी द्विपक्षीय बैठक के विवरण में कहा गया है कि रुबियो और जयशंकर ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की सहमति से हुए व्यापार समझौते का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने नए आर्थिक अवसरों को खोलने और साझा ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमारे लोकतंत्रों के एक साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। पिगॉट ने कहा कि रुबियो और जयशंकर ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की।



अमेरिका में एक बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

### वित्त मंत्री बेसेंट से आर्थिक साझेदारी पर चर्चा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग आगे बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मिलकर खुशी हुई। भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई। वहीं बेसेंट ने एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जयशंकर से मुलाकात करके अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के दौरान हमने आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के महत्व के साथ-साथ आपसी हित के अन्य राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा की।

## यूनान में तटरक्षक पोत से भिड़ी नाव, 15 लोगों की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 के शव पानी में मिले, एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## जापान व बांग्लादेश में रक्षा और तकनीक पर समझौता

- दोनों एक-दूसरे को करेंगे तकनीक और उपकरण का आदान-प्रदान

टोक्यो, एजेंसी

जापान और बांग्लादेश ने रक्षा उपकरणों और तकनीक के आदान-प्रदान को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जापान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया, तीन फरवरी को ढाका में जापान के बांग्लादेश स्थित राजदूत साइडा शिनिची और बांग्लादेश सरकार के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन ने दोनों देशों की सरकारों के बीच रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौता उसी दिन से प्रभाव में आ गया है। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों सरकारों के बीच संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए रक्षा उपकरणों और तकनीक के प्रबंधन का एक कानूनी ढांचा स्थापित करता है। इनमें वे परियोजनाएं भी शामिल होंगी जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में योगदान देंगी। समझौते के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि हस्तांतरित किए गए रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकी का किसी तीसरे पक्ष को आगे स्थानांतरण या दुरुपयोग न हो। इसके लिए उपयुक्त नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस समझौते से जापान और बांग्लादेश के बीच रक्षा सहयोग को मजबूती मिलेगी।

## सात फरवरी को मलेशिया जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से मलेशिया की दो-दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका मकसद व्यापार, निवेश, ऊर्जा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी, और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले जाने के बाद यह उनकी पहली यात्रा होगी।

इस यात्रा के दौरान मोदी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे।

# गाजा में इजराइली हमले में 21 लोगों की गई जान

- अपने एक सैनिक की मौत पर इजराइल का जवाबी हमला

दीर अल बलाह, एजेंसी

गाजा में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 21 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। वहीं, इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में उसका एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसने जवाबी कार्रवाई की। अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इजराइली गोलीबारी में मारे गए लोगों में सात महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं।

दस अक्टूबर, 2025 को लागू हुए संघर्षविराम के बाद से फलस्तीनियों की मौत की ये ताजा घटना है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते के लागू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 530 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा शहर के शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहम्मद अबू सेल्मिया ने फेसबुक पोस्ट पर कहा कि गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ नरसंहार वाली जंग जारी है। संघर्षविराम कहां है? मध्यस्थ कहां हैं? अस्पताल ने बताया कि बुधवार सुबह इजराइली सैनिकों ने उत्तरी गाजा के तुफाह इलाके में एक इमारत पर गोलीबारी की। उसने बताया कि इस हमले में कम से कम 11 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर एक ही परिवार के थे।


## लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे और कभी देश के सबसे शक्तिशाली उत्तराधिकारी माने जाने वाले 53 वर्षीय सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की हत्या कर दी गई है। द लीबिया आब्जर्वर ने जानकारी दी कि उनके राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला उस्मान अब्दुर्रहीम ने इस खबर की पुष्टि की है। इस घटना से लीबिया में वर्षों से चली आ रही उनकी स्थिति को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो गई है।यह घटना मंगलवार दोपहर पश्चिमी लीबिया के जिंतान शहर में हुई। बताया जा रहा है कि चार नकाबपोश बंदूकधारियों ने सैफ अल-इस्लाम के आवास पर हमला किया। हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले घर के बाहर लगे कैमरों को नष्ट कर दिया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 6 फरवरी 00 .22 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तराफाल्गुनी 22 .57 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों की किसी बात पर आप नाराज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी भी प्रकार के व्यसन व बुरी आदतों से दूर रहें।

**वृष** — आज परिवार के साथ समय अवश्य बिताएं। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** — आज आप कुछ नई स्किल्स पर काम कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे।

**कर्क** — आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेंस को लेकर स्थिति मजबूत होगी। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे।

**सिंह** — आज उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानियां दूर होंगी। समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। परिवार के साथ उत्तम समय बिताएंगे। अपनी कार्यशैली में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं।

**कन्या** — आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। मानसिक रूप से अस्थिरता महसूस करेंगे। अपने काम पर आपको अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। मित्रों के साथ झगड़ा हो सकता है।

**तुला** — आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। लोग आपकी बातों से अत्यंत प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है। संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने काम की गुणवत्ता में सुधार करना पड़ेगा। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनाएंगे। उच्च शिक्षण संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए।

**धनु** — आज यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं, तो दिन बहुत ही अच्छा है। उच्च अधिकारियों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने की संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता स्थान ले सकती है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में काफी दिनों से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। बुद्धिजीवी लोगों का मार्गदर्शन लेने का अवसर प्राप्त होगा। आप अपने कार्यों को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज पुराना ऋण चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें। फिलहाल अधिक अपेक्षा रखना उचित नहीं है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में धन लाभ होगा।

## सुडोकू -52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

### सुडोकू - 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |



मेरी फिटनेस दिन-ब-दिन बेहतर हो रही है। मैं बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़ी मेहनत कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि मैं जल्द ही खेल के मैदान पर वापस आऊंगा। लोगों का सपोर्ट ने मेरा हौसला बढ़ाया है।
–ऋषभ पंत

# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 5 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### देविका ने सफलता का श्रेय सिंधु को दिया

**नई दिल्ली।** थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 की विजेता देविका सिहाग ने अपनी इस शानदार जीत का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के साथ कई महीनों के अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया। हरियाणा की यह 20 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और सिंधु के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बन गईं है। देविका ने पीटीआई वीडियो से कहा सिंधु दीदी के खेल को करीब से देखना और उनके साथ अभ्यास करना मेरे लिए बहुत मददगार साबित हुआ। वह बहुत अनुशासित और मेहनती हैं और इससे मुझे भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली।

### निराशा को पीछे छोड़ पाना मुश्किल : सलाहुद्दीन

**ढाका।** बांग्लादेश के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने बुधवार को कहा कि क्रिकेटरों के लिए आने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने की निराशा को पीछे छोड़ना मुश्किल है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत न आने का फैसला किया और बाद में आईसीसी ने उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। यह पहली बार है जब बांग्लादेश टीम मैनेजमेंट के किसी सदस्य ने सबके सामने कहा है कि टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का मौका गंवाना पूरी तरह से निराशाजनक बात है।



सुमित नागल। एजेंसी

### अच्छी तैयारी करते दिख रहे हैं नागल

**बेंगलुरु।** भारत की डेविस कप टीम ने बुधवार को यहां एक कड़े और व्यवस्थित अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने धीरे-धीरे अपनी तीव्रता बढ़ाई क्योंकि टीम नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है। हाल ही में कूल्हे की चोट के बाद वापसी कर रहे नागल ने दक्षिणेश्वर सुरेश के साथ सत्र शुरू किया। शुरुआती पलों में नागल अपनी मूवमेंट को लेकर सतर्क दिखे लेकिन उन्होंने बेसलाइन से धीरे-धीरे लय पकड़ ली। दक्षिणेश्वर ने अपनी सर्विस में निरंतरता से प्रभावित किया जबकि नागल ने टाइमिंग और नियंत्रित शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया। पास के कोर्ट पर करण सिंह ने पहले युवा खिलाड़ी अर्णव पापर्कर के साथ अभ्यास किया और फिर साझेदार बदलकर बाएं हाथ के खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर के साथ खेले।




दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स (बाएं) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना महिला प्रीमियर लीग फाइनल से पहले ट्रॉफी के साथ। एजेंसी

## आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर, मिथक तोड़ने उतरेगी दिल्ली

**वडोदरा, एजेंसी**

लीग चरण में खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके उत्साह से लबरेज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में दूसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी जबकि पिछले तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स की टीम खिताबी मुकाबले में हार के मिथक को तोड़ने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन दोनों टीम के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह निश्चित है कि फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रॉड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, लुसी हैमिल्टन, चिनेले हेनरी, मारिजान काप, अलाना किंग, लिजेल ली, मिन्नू मणि, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, शैफाली वर्मा, नंदनी शर्मा, श्री चरणी, प्रगति सिंह, सुजाना, लॉरा वोलवार्ट।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), लॉरेन बेल, नादिन डी क्लर्क, ऋचा घोष, ग्रेस हैरिस, दयालन हेमलता, गौतमी नाइक, श्रेयांका पाटिल, कुमार प्रथ्योशा, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, सयाली सतघरे, लिन्से स्मिथ, पूजा वस्त्राकर, जॉर्जिया वोल, राधा यादव।

पूर्व चैंपियन आरसीबी ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की अपनी क्षमता भी साबित की है। इसी जुझारूपन की बदौलत उसने लगातार पांच जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए इतिहास रचा। वह डब्ल्यूपीएल में ऐसा करने वाली पहली टीम बन गई। इस सत्र में आरसीबी की किसी न किसी खिलाड़ी ने जरूरत के समय अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे

- **महिला प्रीमियर लीग का फाइनल शाम 7:30 बजे से**

उसे हराना किसी भी टीम के लिए चुनौती बन गई है। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी दूसरा खिताब जीतकर मुंबई इंडियंस की बराबरी करना चाहेगी। पिछले दो मैच में उसने शानदार प्रदर्शन करके अच्छी लय के साथ फाइनल में प्रवेश किया है। उसने यूपी वॉरियर्स को पिछले मैच में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेस हैरिस की 75 रन की तूफानी पारी से आठ विकेट से हराया जबकि गुजरात जाएंट्स के खिलाफ गौतमी नाइक की 73 रन की पारी की मदद से 2024 की चैंपियन टीम ने 61 रन से जीत दर्ज की थी।

आरसीबी की चिंता इस सत्र में उसके कुछ बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इनमें मंधाना, हैरिस, जॉर्जिया वोल और ऋचा घोष भी शामिल हैं लेकिन कुछ अवसरों पर उनका योगदान निर्णायक साबित हुआ है। वहीं तेज गेंदबाज़ नादिन डी क्लर्क और सायली सतघरे ने अहम मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लर्क ने इस सत्र में आठ मैचों में 15 विकेट लिए हैं जिनमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर चार विकेट है। फाइनल में उनकी भूमिका निर्णायक साबित हो सकती हैं। श्रेयांका पाटिल टीम को स्पिन विभाग में मजबूती प्रदान करती हैं, जिसका प्रमाण गुजरात जायंट्स के खिलाफ मिली जीत में देखने को मिला, जिसमें उन्होंने पांच विकेट लिए थे। मंधाना की टीम की खासियत एक संतुलित और महत्वपूर्ण क्षणों में शानदार प्रदर्शन करना है।

## अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से टकराएगा भारत

### सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया

115 रन | 15 चौके
104 गेंद | 02 छक्के

**हरारे, एजेंसी**

भारत ने आरोन जॉर्ज (115 रन) के शानदार शतक के साथ आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और आयुष म्हात्रे (62 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से बुधवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। भारत अब शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। यह अंडर-19 टूर्नामेंट में भारत का 10वां फाइनल होगा।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए फैसल शिनोजादा (110) और उजैरुल्लाह नियाजई (101) के शतकों की मदद से 310 रन बनाए। लेकिन भारत ने यह लक्ष्य 41.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस तरह अंडर-19 विश्व कप में भारत ने अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। आरोन (104 गेंद, 15 चौके, दो छक्के) ने बेहतरीन शॉट्स की मदद से शतक जड़ा। उन्हें सूर्यवंशी (33 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) और



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते वैभव सूर्यवंशी।

म्हात्रे (59 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) का पूरा साथ मिला जिससे भारत का रन-रेट पूरे समय सात से ऊपर ही रहा।

सूर्यवंशी ने अपने चिर परिचित अंदाज में बाउंड्री की झड़ी लगाकर पारी को शानदार शुरुआत दी जिसमें ऑफ-स्पिनर वाहिदुल्लाह जादरान के खिलाफ उन्होंने कई बेहतरीन शॉट्स लगाए। इसमें किस्मत ने भी उनका साथ दिया क्योंकि नियाजाई ने अब्दुल अजीज की गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया, तब वह 22 रन पर थे। लेकिन इसके बावजूद सूर्यवंशी ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाज नूरिस्तानी उमरजई की गेंद पर एक शानदार हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का भी लगाया।

सूर्यवंशी ने अपनी पारी में बार बार पुल शॉट खेलने की कोशिश की जो आखिरकार उनके आउट होने का कारण बना। उमरजई की गेंद पर वह सर्कल के अंदर उस्मान सादात के हाथों कैच आउट हुए। इस तरह पहले विकेट की साझेदारी 93 रन पर खत्म हुई। लेकिन आरोन ने फिर म्हात्रे के साथ मिलकर 102 गेंद में 114 रन की साझेदारी की और 27वें ओवर में भारत को 200 के पार पहुंचाया। म्हात्रे इस टूर्नामेंट में अपनी लय पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने सही समय पर अर्धशतक जड़ा। एक बार फिर आरोन ने एंकर की भूमिका निभाई जबकि म्हात्रे ने टीम को जरूरी रन रेट से आगे रखने के लिए जोखिम भरे शॉट खेले।

- **आरोन जॉर्ज ने लगाया शतक वैभव सूर्यवंशी व आयुष म्हात्रे ने खेली विस्फोटक पारियां**



आरोन जॉर्ज।

## टी-20 विश्व कप : अभ्यास मैच

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 241 रनों का लक्ष्य दिया

**नवी मुंबई, एजेंसी**

- **ईशान किशन ने खेली ताबड़तोड़ पारी, 20 गेंदों पर जड़े 53 रन**

ईशान किशन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट पर 240 रन बनाए। इशान ने 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों के साथ 53 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक शर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की।

चोट के बाद वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 45 रन बनाए। अक्षर पटेल (नाबाद 35), कप्तान सूर्यकुमार यादव (30) और हार्दिक पंड्या (30) ने भी उपयोगी पारियां खेली। उम्मीद है कि ईशान सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले टी20 विश्व कप मैच में अभिषेक के साथ पारी का आगाज करेंगे।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद इशान किशन और अभिषेक शर्मा ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। इशान ने लुंगी एनगिडी के पहले ओवर में दो छक्के मारे जबकि कागिसो रबादा की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। अभिषेक ने कोर्बिन बॉश पर लगातार तीन चौके मारे। इशान ने पांचवें ओवर में एनरिच नोर्किया की लगातार गेंदों पर तीन छक्के और एक चौके से 29 रन जोड़े। इशान ने क्वेना मफाका पर छक्के के साथ सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर रिटायर्ड आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के और दो चौके लगाए। भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 83 रन बनाए। अभिषेक भी 24 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

चोट के बाद वापसी कर रहे वर्मा शानदार लय में दिखे। उन्होंने स्पिनर जॉर्ज लिंडे पर छक्के और चौके से शुरुआत की और फिर नोर्किया पर भी लगातार दो चौके मारे। भारत ने 10 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाए। मार्को यानसेन ने तिलक को बोल्ड किया। उन्होंने 19 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और तीन चौके मारे। सूर्यकुमार भी 16 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 30 रन बनाने के बाद मफाका की गेंद पर लिंडे को कैच दे बैठे।



अभ्यास मैच के दौरान शॉट लगाते ईशान किशन। एजेंसी

## पिस्टल शूटर ईशा सिंह ने दिलाए दो स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इस निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में

### एशियाई चैंपियनशिप



- **विश्व चैंपियन सम्राट राणा को करना पड़ा कांस्य पदक से संतोष**

बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं।

ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गईं। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।


## चेल्सी को हराकर आर्सेनल पहुंचा इंग्लिश लीग कप के फाइनल में

**लंदन, एजेंसी**

आर्सेनल ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। काई हावर्ट्ज ने मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में अपने पूर्व क्लब के खिलाफ स्टॉपेज टाइम में गोल किया जिससे आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।

इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-2 के अंतर से जीत हासिल की। आर्सेनल की टीम ने 2020 से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन इस सत्र में उसने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

उसकी टीम प्रीमियर लीग में छह अंकों की बढ़त के साथ 2004 के बाद पहली बार इंग्लिश चैंपियन बनने की दौड़ में है और लगातार



गोल का प्रयास करते आर्सेनल के गैब्रियल मार्टिनेली (बाएं) और चेल्सी के ट्रेवोह चालोबा।

आठ जीत के बाद चैंपियंस लीग तालिका में भी शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में भी पहुंच गया है। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में आर्सेनल का मुकाबला 22 मार्च को मैनचेस्टर सिटी या न्यूकैसल से होगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद 2-0 से आगे है।

## कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में पहुंचा बार्सिलोना

**मैड्रिड।** लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने मंगलवार को दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।

बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।

**कवायद** | चार साल बाद लौटे मुख्य कोच चाहते हैं टीम को जीत की पटरी पर लाना


## महिला हॉकी टीम में एकता वापस लाना चाहते मारिन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चार साल बाद भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के तौर पर वापसी करने वाले शोर्ड मारिन का ध्यान टीम में एकता, अनुशासन और संस्कृति वापस लाने पर है। उनकी नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम बनाने पर टिकी हैं।

नीदरलैंड के 71 साल के कोच मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय टीम के प्रभारी थे और उनके मार्गदर्शन में महिला टीम ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया था। उन्होंने हरेंद्र सिंह की जगह ली है, जिनके मार्गदर्शन में भारत पिछली एफआईएच प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहा था और बाद में उसे एफआईएच नेशंस कप में खिसका दिया गया।

मारिन ने बुधवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मेरा मुख्य



ध्यान एक इकाई बनाने पर है, जो बहुत जरूरी है, और संस्कृति वापस लाना है। एक टीम के तौर पर मिलकर काम करना, विश्व कप क्वालीफायर से पहले कम समय में अपना ज्ञान साझा करना, और यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। उन्होंने कहा एक इकाई, अनुशासन और कार्य आधारित रवैया आपको पदक दिलाएगा। अच्छी बात यह है कि जो स्तर मैंने अब अभ्यास मुकाबलों में देखा है, वह बहुत बेहतर है। हालात बहुत बेहतर हैं, फिटनेस बेहतर है। 2017 में जब मैं जुड़ा था तो स्तर कम था लेकिन इन वर्षों में इसमें सुधार हुआ है।

मारिन ने कहा जब मैंने शुरू किया था उसकी तुलना में अब बहुत बेहतर स्तर है, उनमें गति है। जब मैं सवाल पूछता हूं तो मुझे अधिक जवाब मिलते हैं क्योंकि अब 80 प्रतिशत लड़कियां अंग्रेजी बोलती हैं, वे पढ़ाई कर रही हैं। सब कुछ बेहतर हुआ है। मारिन ने कहा कि वह एक-एक कदम करके आगे बढ़ेंगे क्योंकि टीम आने वाले महीनों में कुछ बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार हो रही है। यह मेरे लिए कदम दर कदम आगे बढ़ने का रवैया है। पहले वर्ल्ड कप क्वालीफायर और फिर नेशंस कप। मुझे पता है कि क्या करना है। मुझे पता है कि मैं 2028 में टीम को कैसा देखना चाहता हूं। टीम के सभी 29 खिलाड़ी मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं।

### आने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं पर हैं नजरें

महिला टीम की नजरें आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर, 2026 एशियाई खेल और ओलंपिक चक्र में आने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं पर टिकी हैं। मारिन ने कहा लक्ष्य लॉस एंजिलिस के लिए क्वालीफाई करना है और मेरे लिए यह एक बहुत, बहुत अच्छी और बड़ी चुनौती है। इसे हासिल करना आसान नहीं होगा, क्योंकि दूसरे देशों ने भी प्रगति की है। चुनौती यह है कि इतने सारे टूर्नामेंट आने वाले हैं और इसलिए मैंने 29 खिलाड़ियों की एक बड़ी टीम रखी है। उन्होंने कहा हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है, लेकिन आखिर में एशियाई खेल महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह ओलंपिक क्वालीफायर है।